सुरेन्द्र मोहन पाठक

जाल

जान्सी

सुरेन्द्र मोहन पाठक

फ्लैट की घण्टी बजी।

जेम्स बांड की बगल में लेटी लड़की कसमसाई और जोर से जेम्स बांड़ के साथ लिपट गई।

जेम्स बांड़ ने अपनी कलाई पर बंधी रेडियम डायल वाली घड़ी पर दृष्टि पात किया।

अभी बारह नहीं बजे थे।

घण्टी फिर बजी।

जेम्स बांड ने अपने शरीर को लड़की के आलिंगन से जबरदस्ती मुक्त किया।

ऊं —लड़की कुनमुनाई।

'ए मूमेन्ट, हनी' —जेम्स बांड बोला 'देखूं कौन आया है?'

'छोड़ो' —लड़की बोली —'जो आया है, वह जवाब मिलता नदेखकर चला जायेगा।'

'फिर भी···'

'ओह कम आन। डोन्ट बी ए किल जाय।'

लेकिन घण्टी फिर बजी।

लड़की के भीषण विरोध के बावजूद भी जेम्स बांड बिस्तर में से निकल आया। उसने-अपने नग्न शरीर के गिर्द पलंग से उठाकर एक चादर लपेटी और बिजली का स्वीच आन कर दिया!

बैडरुम में प्रकाश होते ही लड़की ने चादर अपने गले तक खींच ली। उसके सुन्दर चेहरे से झुंझलाहट और नाराजगी के

भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहे थे।

जेम्स बांड बाहर की ओर बढ़ा।

'जल्दी आना।' लड़की व्यग्र स्वर से बोली।

'प्यारे'—जेम्स बांड बोला—'जल्दी से जल्दी।'

वह बाहरी कमरे में आ गया। फ्लैट के मुख द्वार पर पहुंचने से पहले वह एक मेज के सामने एक क्षण के लिये ठिठका। उसने मेज का दराज खोलकर उसमें से खिलौने जैसी खूबसूरत बैरेटा रिवाल्वर निकाली थी। रिवाल्वर वाला हाथ पीठ के पीछे किये वह मुख्य द्वार पर पहुंचा।

उसने दरवाजा खोला।

उसकी निगाह एक पहाड़ जैसे विशाल शरीर पर पड़ी।

'हैल्लो, मिस्टर बांड'—आगन्तुक बोला—रिमेम्बर मी।'

आगन्तुक संसार का आखिरी व्यक्ति था जिसकी जेम्स बांड इस क्षण अपने फ्लेट की चौखट पर अपेक्षा कर सकता था। पहाड़ जैसे शरीर वाले उस आदमी की नाक टूटी हुई थी और चेहरा भद्दा था लेकिन चेहरे से क्रूरता के स्थान पर अविचल प्रकार की सरलता टपक रही थी।

'सैन्डर!' जेम्स बांड के मुख से निकला····'तुम! यहां!'

सैन्डर मुस्कराया।

'भीतर आओ'—जेम्स बांड तुरन्त एक ओर हटता हुआ बोला।

'नहीं—' सैन्डर नकारात्मक ढंग से सिर हिलाता हुआ बोला—'आप मेरे साथ तशरीफ लाइये, मि· बांड।'

जेम्स बांड ने उससे यह नहीं पूछा, वह उसे कहां ले जाना चाहता था।

'मैं अभी हाजिर हुआ'—वह बोला और सैन्डर को वहीं खड़ा छोड़कर बाथरूम बैडरूम की ओर लपका।

लड़की ने उसे लौटता देखकर अपनी नंगी बाहें आमन्त्रण के रूप में उसकी ओर फैला दीं।

जेम्स बांड ने उसकी ओर देखा तक नहीं। उसने रिवाल्वर मेज पर रखी और एक झटके के साथ शरीर से चादर अलग की और उसे पलंग पर फेंक दिया। वह जल्दी-जल्दी कपड़े पहनने लगा !

'डार्लिंग !' लड़की उलझन पूर्ण स्वर से बोली।

'मैं जा रहा हूं'—जेम्स बांड जल्दी से बोला—पता नहीं कब लौटूं। मगर बहुत जल्दी तैयार हो सकती हो तो यहां से रवाना हो जाओ वर्ना मुझे तुमको फ्लैट में बन्द करके जाना पड़ेगा।'

'आई डोन्ट माइन्ड' लड़की मुस्कराती हुई बोली। उसने शायद जेम्स बांड की बात को मजाक समझा था।

'बैरी वैल···'जेम्स बांड बोला—सूट युवर सैल्फ।'

उसने शोल्डर होल्स्टर पहना, उसमें रिवाल्वर रखी और ऊपर से कोट पहनकर बटन बन्द कर लिये।

'लेकिन बात क्या है !—लड़की बोली 'हुआ क्या है ! कौन आया है ! तुम कहां जा रहे हो और—'

'शट अप।'

लड़की चुप हो गई।

जेम्स बांड ने जल्दी-जल्दी बालों में कंघी फिराई।

'मि. बांड'— लड़की मुंह बिगाड़ कर बोली— तुम मेरा अपमान कर रहे हो।'

'शायद।'

'बाई गाड, यू आर ए ब्रूट।'

'क्वाइट पासिबल।'

'ग आर।'

ओ.'के.। आई एम।'

'मैं जिन्दगी में दोबारा कभी तुम्हारी सूरत नहीं देखूंगी।'

'सूट यूअर सैल्फ।'

'बाई गाड, आई हेट यू।'

जेम्स बांड तब तक तैयार हो चुका था।

'मैं नहीं चाहता कि तुम मेरे फ्लैट का दरवाजा तोड़ो या खिड़की कूदकर अपनी जान दे दो। इसलिये मैं फ्लैट खुद छोड़कर जा रहा हूं। जाने लगा तो फ्लैट का ताला लगाकर चाबी लैटर बाक्स में डाल जाना। मैं जा रहा हूं।'

'गो टू हैल' लड़की नफरत भरे स्वर में बोली।

'शायद वहां भी जाना पड़े'—जेम्स बांड बोला और फ्लैट से बाहर आ गया।

सैन्डर ने एक सरसरी निगाह उस पर डाली और फिर घूमकर सीढ़ियां उतरने लगा।

जेम्स बांड उसके साथ हो लिया।

दोनों इमारत से बाहर निकले।

बाहर सड़क पर सन्नाटा था।

सड़क पर फुटपाथ के साथ लगी हुई एक विशाल रूसी जीप कार खड़ी थी। कार में डीम लाइट जल रही थी। उसके प्रकाश में जेम्स बांड ने देखा कि भीतर एक आदमी मौजूद था जो कि पिछली सीट पर बैठा था। वह एक ऊंचे कालर वाला ट्रैंच कोट और सिर पर आंखों तक झुका हुआ फैल्ट हैट पहने हुए था। इसके अतिरिक्त जेम्स बांड कुछ भी न देख सका।

सैन्डर ने आगे बढ़कर कार का पिछला दरवाजा खोला और फिर आदर पूर्ण ढंग से पीछे हट गया।

जेम्स बांड उसका संकेत समझ गया और कार के भीतर प्रविष्ट हो गया वह फैल्ट वाले की बगल में बैठ गया।

जेम्स बांड की निगाहें कार में आदमी की सूरत से पहले

उसकी गोद में रखे उसके स्थिर हाथों पर पडी। उन हाथों के स्वामी को वह खूब पहचानता था।

जेम्स बांड ने अपनी जिंदगी में ऐसे हाथ नहीं देखे थे। उसने पहली बार जब बुडापेस्ट में उन हाथों को देखा था और पाषाण हृदय जेम्स बांड के शरीर में झुरझुरी दौड़ गई थी। वैसे बुरी तरह नोचे हुए, खसोटे हुए, मरोड़े हुए, कुचले हुए भारी हथोड़े से लोहे की तरह पीसे हुए हाथों की कल्पना मात्र से ही उसे दहशत होने लगी थीं। उन हाथों की हालत देखकर यही करिश्मा मालूम होता था कि उन हाथों का स्वामी उन्हें हाथों की तरह इस्तेमाल कैसे कर रहा था। दोनों अंगूठे इतनी बुरी तरह कुचले हुए थे कि चपटे हो गये थे। सारी उंगलियां गीले कपड़े की तरह मरोड़ी गई मालूम होती थीं। दो उंगलियों के अगले सिरों को देखकर ऐसा मालूम होता था जैसे-जैसे नाखून उन पर से बड़ी बेरहमी से जबरदस्ती नोंचकर उखाड़ दिये हों। हथेलियों के पिछले भाग के एक-एक इंच में हजारों खरोंचों और जख्मों के निशान थे। दोनों हथेलियों के बीचों बीच आधा इन्च घास के खड्डे से मालूम हो रहे थे जैसे हाथों का स्वामी कभी ईसा मसीह की तरह क्रास पर लटकाया जा चुका हो दाईं कलाई पर जख्मों और खरोंचों के निशानों के बीच '६२५८४२' की संख्या का यूं ठप्पा लगा हुआ था जैसे कारपोरेशन के सांड़ के पुट्ठे पर शिनाख्ती नम्बर अंकित होता है।

ऐसे भयंकर हाथों का स्वामी सारी दुनिया में एक ही आदमी था।

जान्सी!

जान्सी !

वास्तविक नाम मेजर जनरल अलैक्सिस इल्यूरिन ।

जनरल व्लासोव का दांया हाथ और जनरल व्लासोव के बाद यूकेनियन नेशनल आर्मी का सबसे बड़ा लीडर ।

हंगरी की कम्यूनिस्ट सरकार का सबसे बड़ा दुश्मन ।

जिसे कम्यूनिस्टों की तमाम शक्तियां भी नष्ट नहीं कर पाई थीं । जिसे मरा समझ कर हंगेरियन सीक्रेट पुलिस ने चैन की सांस ली थी, जिसकी लाश सीक्रेट पुलिस ने खुद उसके फ्लैट से उठाई थी लेकिन जो फिर भी जिन्दा निकल आया था ।

जिसे हंगरी को कम्यूनिस्टों के पंजे से आजाद करवाने की कसम खाई थी ।

जिसकी वजह से भूखों के मुंह तक रोटी का निवाला पहुंचता था । जो उन लोगों की मदद के लिये जिन्दा था जो खुद अपनी मदद नहीं कर सकते ।

जान्सी वह आदमी था जिसने बेइन्ताहा खून बहा चुकने के बाद शान्ति का महत्व समझा था ।

जान्सी वह अकेला आदमी था जो शान्ति के लिये वह काम कर रहा था जो हजारों लाखों आदमी मिलकर नहीं कर सकते ।

जान्सी एक आदमी का नहीं एक पूरी आर्गेनाइजेशन का नाम था ।

जान्सी वह आदमी था जिसका नाम आज सुनने में हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के बड़े-बड़े अफसरों के होश उड़ जाते थे ।

जिसे अकेले आदमी की वजह से हंगरी की कम्यूनिस्ट सरकार

पिछले नौ सालों में एक बार भी रिजीस्टेंस मूवमेन्ट को एकदम नहीं दबा पाई थी। कभी क्रान्तिकारी पार्टी को समूल नाश नहीं कर पाई थी।

जान्सी ने अपनी छाती पर झुका हुआ सर उठाया तो जेम्स बाण्ड को होम लाइट के प्रकाश में उसकी सूरत दिखाई दी।

अपनी जिन्दगी में जेम्स बांड ने हर तरह के लोग देखे थे लेकिन आज तक उसने कभी कोई ऐसा इन्सानी चेहरा नहीं देखा था, जिस पर बेपनाह मुसीबतों की और भीषण से भीषण शारीरिक यातनाओं की ऐसी गहरी छाया हो।

'हैल्लो कमान्डर जेम्स बांड—'जान्सी अपने स्वभावगत धीर गम्भीर स्वर से बोला—'सो वुड मीट अगेन।'

'जान्सी!' जेम्स बांड के मुंह से निकला।

जान्सी के होठों के कोरों पर एक हल्की सी मुस्कराहट उभरी।

'दिस इज ए सरप्राइज, सर'—जेम्स बांड बोला।

'मैंने अपनी जेन्सी से वादा किया था कि एक बार उससे मिलने जरूर आऊंगा'—जान्सी बोला—'कैसी है हेलन?'

'एकदम ठीक है। आजकल स्विटजर लैण्ड में है।'

'अच्छा। यहां क्यों नहीं?'

'वहां वह सोशल एन्थ्रोपोलोजी की स्टडी कर रही है।'

'गुड।'

'लेकिन आपको हर क्षण याद करती है। आपकी बहुत चिंता करती है।'

'बच्ची है, नादान है। वह नहीं समझती कि उसको मेरी उतनी जरूरत नहीं है जितनी मेरी मेरे देशवासियों को है।'

सैन्डर तब तक आगे ड्राइविंग सीट पर आ बैठा था। हेलेन का जिक्र आते ही उसकी आंखें चमक उठीथी।

'मिस्टर बांड'—जान्सी बोला—'आप नहीं जानते कि हेलेन को बुडापेस्ट से यहां लाकर इसने इस बूढ़े आदमी पर कितना अहसान किया है। मिस्टर बांड, वह जिन्दगी हेलेन के काबिल नही थी।'

'उसे उस जिन्दगी से कोई एतराज नहीं था—जेम्स बांड धीरे से बोला–'और मैंने ऐसा कुछ नही किया जिसे आप अहसान कह सकें। मुझे तो आपके लिये कुछ करने का कभी मौका नहीं मिला। कभी ऐसी नौबत ही नहीं आई कि मदद हासिल करने के स्थान पर मैं आपकी कोई मदद कर सकूं।

'अब आ गई है।'

'जी!'

'मिस्टर जेम्स बांड, अगर आप मुझे हकीकत ब्यान करने की इजाजत दें तो हेलेन की मुहब्बत से ज्यादा हमारा स्वार्थ हमें यहां खींच कर लाया है। कभी आपको बुडापेस्ट में हमारी मदद की जरूरत थी, आज लन्दन में हमें आपकी मदद की जरूरत है।'

'मेरी मदद की!'

'जी हां। हमारी मदद कीजियेगा न, मिस्टर बांड?'

'मैं आपकी खातिर कुछ भी करने के लिये तैयार हूं। दुनिया का कोई ऐसा काम नहीं जो मैं आपके लिये करने के लिये तैयार नहीं! जस्ट नेम इज सर, एण्ड कनसिडर इट डन।'

'गुड जान्सी सन्तुष्टिपूर्ण स्वर से बोला—'गुड, गुड। मुझे आपसे ऐसी ही उम्मीद थी।'

जेम्स बांड आशापूर्ण नेत्रों में जान्सी की ओर देखने लगा। जो कुछ जेम्स बांड ने कहा था, दिल से कहा था। अपनी पूरी जिन्दगी में जेम्स बांड किसी इकलौते आदमी से इतना प्रभावित नहीं हुआ था जितना वह जान्सी से हुआ था। जान्सी के सामने

स्वयं को एक बड़ा गिरोह और महत्वहीन आदमी समझने लगता था। यह तो उसके लिये सौभाग्य की बात थी कि जान्सी ने उसे अपनी किसी मदद के काबिल समझा था। जबकि वह आज तक जान्सी और उसके साथियों से मदद ही हांसिल करता रहा था। वह तीन बार बुडापेस्ट गया और तीनों बार जान्सी की मदद के लिये आया अपने मिशन में कामयाब होना तो दूर उसका जीवित वापस लन्दन की ओर आना तक सम्भव नहीं था। और उसकी मदद जैसे ना शुक्रे काम की खातिर जान्सी को अपनी बीवी कैथरीन और काउन्ट और जिम जैसे महाविपूर्ण और अजीज साथियों से हाथ धोना पड़ा था। जेम्स बांड को सुरक्षित मास्ट्रिन बार्डर से पार निकल जाने का मौका देने की खातिर मेजर होवार्थ और उसके बेटे इमर को अपनी जान देनी पड़ी थी। वह तो जान्सी के लिये जान देने के लिये तैयार था, उसकी मदद न करने की तो वह कल्पना भी नहीं कर सकता था।

जेम्स बांड ब्रिटिश इन्टैलीजेन्स के ००७ नामक उस विभाग का सदस्य था जिसमें ऐसे ही लोग रखे जाते थे जो हद से ज्यादा बेरहम, क्रुर हृदयहीन और मतलब परस्त हों और अहसान फरामोश जिनके लिये मामूली बात हो। जेम्स बाण्ड ने झूठ बोलकर, धोखा देकर, खुशामद करके, धमकी देकर, ब्लैक मेल का सहारा लेकर बहुत लोगों से बहुत काम करवाने के और आपरेशन सफल हो जाने के बाद उसने कभी यह याद रखना तक जरूरी नहीं समझा था कि किसने उस पर क्या अहसान किया था और किसकी वजह से किसकी जान चली गई थी। कृतज्ञता ज्ञापन तो वह जानता ही नहीं था, किस चिड़िया का नाम था। लेकिन जान्सी वह अकेला इन्सान था जिसको उसने हर क्षण हर घड़ी याद किया था और भगवान से हमेशा प्रार्थना की थी कि कभी ऐसा मौका आये कि वह जान्सी के काम आ सके।

और शायद आज वह मौका आ गया था ।

'सैन्डर ।' जान्सी बोला—'गाड़ी चलाओ !'

सैन्डर ने बिना एक शब्द बोले तुरन्त गाड़ी आगे बढ़ा दी । भारी जीप गाड़ी सुनसान सड़कों पर दौड़ने लगी ।

'हम कहां जा रहे हैं ?' जेम्स बाण्ड ने पूछा ।

'किसी विशेष जगह नहीं ।'

'क्यों न हम फ्लैट में चलें ?'

'नहीं मिस्टर बांड । महत्वपूर्ण वार्तालाप के लिये चलती कार से बेहतर कोई जगह नहीं ।'

'मैं आपकी कोई खातिर कर पाता ।'

'खातिर हम आपकी कर देते हैं ।'

जान्सी ने दरवाजे के हैंडल के पास लगा एक बटन दबाया । कार की अगली सीट के पृष्ठ भाग में एक खिड़की भी खुल गयी और जेम्स बाण्ड को अपनी आंखों के सामने हर जरूरी चीज से सुसज्जित जार दिखाई दिया ।

'विलान्यी—जान्सी जार में से एक जो बोतल उठाकर जेम्स बांड के सामने करता हुआ बोला—'मिस्टर बांड आशा है आप हमारी इस राष्ट्रीय शराब को भूले नहीं होंगे ।'

'नहीं भूला नहीं हूं साहब'—जेम्स बांड मुस्कराता हुआ बोला ।'

'यह बोतल हम विशेष रूप से आपके लिये लाये हैं ।'

बिलान्यी से जेम्स बांड को शराब भी याद आई और शराब के काउन्ट की ।

'दोस्तों —'काउन्ट का खनकता हुआ स्वर उसके कानों में गूंज गया, मेरा निजी बान्ड । सरासर जहर है । अपने दुश्मन को भी पीने की राय नहीं दूंगा ।

और वह गटागट पूरी बोतल पी जाता ।

'काउन्ट महान आदमी था—'जान्सी विषादपूर्ण स्वर में बोला—'जो उसे एक बार मिल लेता था वह उसे कभी नहीं भूल पाता था ।'

जेम्स बाण्ड ने हैरानी से जान्सो की ओर देखा ।

'मेरे साथ भी यही होता है मिस्टर बाण्ड' जान्सी धीरे से बोला—'सैन्डर के साथ भी यही होता है । क्यों सैन्डर ?'

सैन्डर ने बिना पीछे मुड़कर देखे सहमति सूचकढंग से अपनी भारी गरदन हिला दी ।

'हर किसी के साथ यही होता है'—जान्सी बोला—बिलान्यी को देखकर हमें जाराफ की याद आती है और जाराफ से काउन्ट की ।'

जेम्स बाण्ड ने गहरी सांस ली ।

जान्सी ने दो जाम तैयार किये । उसने एक जाम जेम्स बांड के हाथ में दिया और अपना जाम उससे टकराता हुआ बोला—चियर्स ।'

'चियर्स, चियर्स ।'

'जेम्स बांड बोला और उसने जाम होठों से लगा लिया ।

जान्सी ने बटन दबाकर बार बन्द कर दिया ।

मिस्टर बांड—जान्सी बोला—'मैं आपको एक छोटी सी कहानी सुनाने जा रहा हूं ।'

'कहानी ।'—जेम्सबांड ने प्रश्न सूचक नेत्रों से जान्सी की ओर देखा ।

'हां उस कहानी का उस मदद से बड़ा ही सम्बन्ध है जो हम अपने देश से बाहर आपसे हासिल करना चाहते हैं ।'

'मैं सुन रहा हूं ।'

'सन् १९४४ की बात है । दूसरी जंग उन दिनों समाप्ति पर थी । इटली की सरकार का पतन हो चुका था और सारे

इटली में अराजकता फैली हुई थी । इटली के हित चिन्तक नागरिकों ने कई छोटे बड़े क्रान्ति कारी जत्थे बनाये हुये थे जो लुप छिप कर जर्मन सैनिकों और अधिकारियों पर आक्रमण करते रहते थे । एक दिन ऐसे ही कुछ क्रान्तिकारियों के हत्थे जर्मन सैनिकों का एक ऐसा जत्था चढ़ गया जो अपने जीपों और ट्रकों के काफले के साथ सड़क के रास्ते उस इलाके से गुजर रहा था जहां उन क्रान्तिकारियों का अड्डा था जिनका कि मैं जिक्र कर रहा हूं । क्रान्तिकारियों ने छुप कर उस जर्मन टुकड़ी पर हमला कर दिया और लगभग पच्चीस जर्मनों को वहीं मौत के घाट उतार दिया जिममें सैनिक ड्राइवर और तीन फौजी अधिकारी भी थे । फिर उन्होंने ट्रकों की तलाशी ली तो जानते हो उन ट्रकों में क्या निकला ?'

'क्या निकला ।' जेम्स बांड के मुंह से अपने आप निकल गया ।

'उन ट्रकों में कितने ही बड़े-बड़े लकड़ी के बक्से मौजूद थे जिनमें इटैलियन स्टेट बैंक का लगभग चार टन सोना लदा हुआ था । सोने के अलावा ट्रकों में मुसोलिनी की निजी सम्पत्ति के रूप में हीरे जवाहरात लदे हुये थे, लाखों लीरा के नोंट लदे हुये थे और उसमें सबसे करामाती चीज थी इथोपिया के राजा का बेश-कीमती ताज । आपको शायद मालूम न हो लेकिन दिनों यह सारा खजाना मुसोलिनी ट्रेषर के नाम से प्रसिद्ध था जो कि युद्ध की समाप्ति के दिनों में बड़े स्वस्थपूर्ण ढंग से वहीं गायब हो गया था ।'

'कैसे गायब हो गया था ?'

'उन्हीं क्रान्तिकारियों ने वह खजाना गायब कर दिया था । जिस स्थान पर उन्होंने जर्मन टुकड़ी पर आक्रमण किया था उस से कुछ ही मील दूर एक पुरानी खान खाली हो चुकी थी जो कि

जस्ते की खान थी उस खान में एक कई सौ फुट गहरी सीधी सुरंग थी। क्रान्तिकारियों ने सारे मृत जर्मनों को जीपों और ट्रकों पर लादा और सारी जीपें और ट्रक उस खान में घुसा दिये। खान के मुंह को उन्होंने बारूद में उड़ा दिया जिसमें कि खान बन्द हो गई और सारी दौलत और मृत जर्मन खान में दफन हो गये।'

'ऐसा क्यों किया उन्होंने ?'

'और क्या करते' इतनी बेपनाह दौलत वे लोग और कहां छुपाकर रख सकते थे। वहां वह दौलत सुरक्षित थी। उस दौलत की सरकारी तलाश ठन्डी हो जाने के बाद उनका उस दौलत को वहां से निकालने का इरादा था लेकिन उनका दुर्भाग्य की ऐसी नौबत उनकी जिन्दगी में कभी नहीं आई।'

'क्या हुआ ?'

'दौलत के लालच ने उन लोगों को अन्धा कर दिया। सब एक दूसरे पर पाप करने लगे। उनमें फूट पड़ गई। कुछ नशे में बहक कर अपने यार दोस्तों में उस दौलत का बखान कर बैठे। नतीजा यह हुआ कि एक को छोड़कर सभी पकड़े गये। मिलान में उन पर सरकारी खजाना लूटने का मुकदमा चला जिसमें सब ने स्वयं को निर्दोष बताया और मुसोलिनी ट्रेयर नामक किसी खजाने के प्रति पूर्णतया अनभिज्ञता प्रकट की। मुकद्दमे के दौरान में उन्हें यहां तक लालच दिया गया कि अगर वे खजाने के बारे में बता देंगे तो रिहा कर दिये जायेंगे लेकिन उन्होंने अपनी जबान नहीं खोली। वे लोग क्रान्तिकारी थे, खजाने का दखल होता या न होता, गोली से उड़ाया ही जाना था और इस बात को वे खूब समझते थे। उन्होंने सोचा कि अगर मरना ही है तो कम से कम सरकार का कोई नुकसान तो करके मरें। नतीजा

यह हुआ कि उन सबको सूट कर दिया गया और सरकार को कभी मालूम न हो सका कि करोड़ों लीरा की दौलत कहां दफन थी।'

'और जो एक आदमी दफना नहीं गया था वह...'

'मैं वहीं पहुंच रहा हूं। उस एक गिरफ्तारी से बच गये क्रान्तिकारी का नाम विट्टोरियो था और वह संसार में अकेला आदमी था जो जानता था कि खजाना कहां छुपा हुआ था। जिन दिनों उसके साथी पकड़े गये उन्हीं दिनों वह गिरफ्तारी से बचने के लिये आस्ट्रिया भाग गया। अब स्थिति यह थी कि वह इटली में वापिस कदम रख नहीं सकता था और आस्ट्रिया में वह किसी पर इतना भरोसा नहीं कर सकता था कि वह किसी को इस राज में हिस्सेदार बनाले क्योंकि वह जानता था कि मुसोलिनी का खजाना कहां छुपा हुआ था। वैसे भी विट्टोरियो अनधिकृत रूप से आस्ट्रिया में मौजूद था इसलिये उसे हर समय यही चिंता लगी रहती थी कि अगर वह पकड़ा गया तो आस्ट्रियन सरकार कहीं उसे वापिस इटली न भेज दें। इस प्रकार अट्ठाईस साल गुजर गये। विट्टोरियो करोड़ों की दौलत की जानकारी अपने सीने में छुपाये एक मामूली आदमी की जिन्दगी जीता रहा है। जवानी से बुढापा आ गया। अब उसे यह फिक्र और भी खाने लगा कि अगर उसने खजाने के मामले में किसी को अपना राजदार बना कर खजाना हासिल करने के बारे में सोचा तो गुप्त स्थान की जानकारी होते ही उसके कथित राजदार सबसे पहले उसी का कत्ल करेंगे और फिर खजाना हथियाने के लिये इटली का रुख करेंगे।'

'यानि कि उसके लिये उस बेसुमार दौलत की कोई कीमत नहीं थी जिसकी जानकारी किसी दूसरे को मालामाल कर सकती।'

'करेक्ट । वह मर जाता और फिर दुनिया में यह जानने वाला कोई भी न रहता कि मुसोलिनी का खजाना कहां छुपा हुआ था ।'

'फिर ?'

'फिर पिछले साल वियना में हमारे एक आदमी को उसकी खबर लग गई ।'

'कैसे ?'

'सन् १६४४ में लूटे गये उस खजाने में हीरे जवाहरात की एक पेटी में एक ठोस सोने का सिगरेट केस मौजूद था जिस पर इटालियन में खुदा हुआ था—हिटलर की मुसोलिनी को भेंट, ब्रेनर पास १६४० ।'

'१६४० में मुसोलिनी की हिटलर से ब्रेनर पास में पहली मुलाकात हुई थी । तभी शायद उसने दूसरी जंग में जर्मनी का साथ देने का फैसला किया था ।

'वैरी करेक्ट, मिस्टर जेम्स बांड और तभी शायद हिटलर ने मुसोलिनी को उस पहली मुलाकात की यादगार के रूप में वह ठोस सोने का बना सिगरेट केस भेंट किया था । लालच से वशीभूत होकर और अपने साथियों की निगाह बचाकर वह सिगरेट लाइटर विट्टोरियो ने खजाने में से चोरी कर लिया था । वियना में हमारे आदमी की पहले निगाह उस एतिहासिक सिगरेट केस पर पड़ी और फिर विट्टोरियो पर । हमारा आदमी उस सिगरेट केस की हकीकत जानता था । उस सिगरेट केस का विट्टोरियो के पास होना अपनी कहानी आप कह रहा था । हमारा आदमी जानता था कि वह सिगरेट केस अट्ठाइस साल पहले इटली में लुटे मुसोलिनी के खजाने का एक हिस्सा था जो कि विट्टोरियो नाम का वह मूर्ख इटैलियन मुसीबत मोल लेने के लिये अपने साथ लिये-लिये फिर रहा था । वैसे इसे आप हमारा सौभाग्य

कहिये कि विट्टोरिया का कि अट्ठाइस साल तक लाखों लोगों ने वह सिगरेट केस विट्टोरियो के पास देखा लेकिन किसी को उसका महत्व समझ नहीं आया और महत्व समझ आया तो हमारे आदमी को।'

'फिर ?'

'खबर बुडापेस्ट में मुझ तक पहुंची। उन दिनों धनाभाव हमारी रिजीस्टेंस मूवमेन्ट की गतिविधियों से भारी अड़चन बना हुआ था। सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि विट्टोरियो को अपने काबू में किया जाये और उसे मजबूर किया जाये कि वह हमें वह स्थान बताये जहां खजाना छुपा हुआ था। सैन्डर, कोस और हैमर नामक रिजीस्टेन्स मूवमेन्ट के हमारे दो अन्य सदस्यों के साथ वियना गया। वहां इसने विट्टोरियो से बातचीत की। बातचीत का नतीजा यह फैसला था कि वह हमें गुप्त स्थान बतायेगा और हम खजाने को इटली से निकालने का पूरा इन्तजाम करेंगे। हम आपरेशन पर खर्च होने वाले धन का पूरा इन्तजाम करेंगे, हमें जितने आदमियों की जरूरत होगी, वे मुहैया करेंगे, हम विट्टोरियो की इटली यात्रा के दौरान में उसकी सुरक्षा की पूरी गारन्टी करेंगे और हम ही उस खजाने को बेचकर नकद धन हांसिल करने का इन्तजाम करेंगे। बदले में हम सारी दौलत का पच्चीस प्रतिशत विट्टोरियो को देंगे।'

'विट्टोरिया का इटली जाना क्यों जरूरी था ?'

'कतई जरूरी नहीं था लेकिन उसकी जिद्द थी कि वह हम लोगों को गुप्त स्थान का पता हरगिज नहीं बतायेगा बल्कि वह हमें वहां तक ले जायेगा।'

'शायद उसे भय था कि कहीं शुरू में ही उसके साथ धोखा न हो जाये।'

'जाहिर है।'

'फिर क्या हुआ ?'

'संक्षेप में कहा जाये तो फिर यह हुआ कि अभियान पूरी तरह सफल रहा । अट्ठाइस साल बाद भी विट्टोरियो को वह स्थान पूरी तरह याद था जहां दौलत छुपी हुयी थी । वह नाक की सीध में हमारे बीस आदमियों को वहां ले गया ।'

'बीस आदमी ?'

'हां कम से कम इतने आदमियों की तो जरूरत पड़नी ही थी । आखिर अट्ठाइस साल से बन्द उस खान का मुंह खोला जाने वाला था और फिर कम नहीं चार टन सोना मंद किया जाना था । बहरहाल कोस और हैमर के नेतृत्व में हमने रिजीस्टेंस मूवमेन्ट के चुने हुए बीस साथी विट्टोरिया के साथ इटली भेजे । हमारे आदमियों ने बिना किसी विघ्न बाधा के खजाना अपने अधिकार में भी कर लिया लेकिन, मुझे सख्त अफसोस के साथ कहना पड़ता है, फिर वह हो गया जो रिजीस्टेन्स मूवमेन्ट के नौ साल के इतिहास में आज तक नहीं हुआ था । मिस्टर बांड, दौलत का लालच कितना भयंकर होता है इसका अन्दाजा आप इससे लगाइये कि हमारे सबसे विश्वासपात्र आदमियों ने हमारे साथ विश्वासघात किया ।'

'क्या हुआ ?'

'खजाना हाथ में आते ही कोस और हैमर और उनके बारा-बास और वाल्कोज नाम के दो अन्य साथियों विट्टोरियो सहित अपने सोलह साथियों को मौत के घाट उतार दिया और खजाना अपने अधिकार में कर लिया । उन चारों हत्यारों के साथ मुसोलिनी का खजाना भी गायब हो गया ।'

'कमाल है'—जेम्स बांड के मुंह से निकला ।

जान्सी के होठों पर एक विसादपूर्ण मुस्कराहट आई । उसने बटन दबाकर फिर बार खोला और विलान्यी की बोतल निकाली ।

दोनों जाम उसने फिर भरे और बोतल यथा स्थान रख दी।

'क्या हो गया है, इसकी आपको खबर कैसे लगी ?

'कोस और हैमर वगैरह ने जो कुछ इटली में किया था उसे छुपाना तक जरूरी नहीं समझा था। हमने अखबार में पढ़ा कि इटली में एक स्थान पर एक इटैलियन और सोलह इटैलियनों की लाशें पाई गई थीं जो बड़े रहस्यपूर्ण ढंग से कत्ल कर दिये गये थे। मिस्टर बांड, अगर वह किसी बाहरी आदमी का काम होता तो हमें बीस लाशें पाई जाने की खबर मिलती।'

'शायद कोस हैमर, बारा बास और वाल्कोज अपनी जान बचाकर भाग निकलने में सफल हो गये हो ?'

'अगर ऐसा था तो हकीकत ब्यान करने के लिये वे हमारे पास तक क्यों नहीं पहुंचे ?'

जेम्स बांड चुप रहा।

'और फिर सैन्डर वहां भी था जहां कि यह कत्ले आम हुआ था। संयोगवश विदेशी धरती पर अपने ही साथियों की धोखाधड़ी का शिकार होकर मरने वाले हमारे सोलह साथियों में से एक की जान तुरन्त नहीं निकली थी। मरने से पहले वह अपने ही खून में उंगली डुबोकर एक चट्टान पर लिख गया था—वोस डिड इट'। अर्थात् सारा किया धरा कोस का था। यूरोपियन पुलिस के उन तीन शब्दों का कोई मतलब नहीं था लेकिन हमें वास्तविकता समझाने के लिये वे तीन शब्द ही काफी थे। मिस्टर बांड, इस बात में सन्देह की कोई गुंजाइश नहीं कि मेरे चार सर्वाधिक विश्वास पात्र साथियों ने दौलत के लालच में अन्धे होकर हमें धोखा दिया था।'

'आपने अपने धोखेबाज साथियों को तलाश करने की कोशिश की ?'

'बहुत कोशिश की मिस्टर बांड। जमीन आसमान एक

कर दिया। और हम उनमें से दो को तलाश करने में कामयाब भी रहे।'

'किन्हें ?'

'हैमर और कोस को। हैमर इस समय लन्दन की सेन्ट्रल जेल में है और कोस स्पेन में गिरफ्तार है। बारवास और बाल्कोज का हमें पता नहीं लग पाया।'

'हैमर और कोस जेल में कैसे पहुंच गये ?'

'हैमर इंगलैंड में ब्राइटन के समुद्र तट पर कस्टम अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था। उसके पास लाखों डालर की कीमत के हीरे जवाहरात बरामद हुए थे। प्रत्यक्ष था कि उसे किसी के खजाने के छोटे से भाग को कैश करने की नीयत से वह इंगलैंड आया था और पकड़ा गया था। आपकी सरकार ने स्मगलिंग के इलजाम में उसे छः साल की सजा दी है। कोस माल ठिकाने लगाने के मिशन के अन्तर्गत शायद स्पेन गया था और वहां पकड़ा गया था। उसके पास जो माल बरामद हुआ था उसमें इथोपिया के राजा का बेश कीमती ताज भी था। जो माल हैमर के पास पकड़ा गया था आपकी सरकार उसका सम्बन्ध मुसोलिनी के खजाने के साथ नहीं जोड़ पाई थी इसलिए हैमर अपेक्षाकृत रास्ता भूल गया था लेकिन यूरोपियन क्राउन ने कोस को गहरा फंसा दिया। उसे बीस साल की सजा हुई। अब स्थिति यह है कि जो चार आदमी यह जानते हैं कि मुसोलिनी का खजाना कहां है, उनमें दो को हम तलाश कर पाने में सफल नहीं हो सके और अन्य दो कोस और हैमर दो विभिन्न मुल्कों की जेल के सुरक्षात्मक वातावरण में हैं और हमारी उन तक पहुंच नहीं हो सकती।'

जान्सी एक क्षण रुका और फिर बोला—'मिस्टर बांड आप समझ ही गये होंगे कि आपके मुल्क में हम आपकी क्या

मदद चाहते हैं। हमारे मिशन की सफलता की खातिर वह दौलत हमारे हाथ में आनी बहुत जरूरी है। हैमर आपकी जेल में है और वह जानता है कि दौलत कहां है।'

'आप चाहते हैं'— जेम्स बांड बोला कि मैं लोभ में हैमर से सम्पर्क स्थापित करूं और उससे पूछूं कि उसने दौलत कहां छुपाई हुई है!'

'काम इतना आसान नहीं, मिस्टर बांड।' जान्सी बोला— 'हैमर आपको इतनी अहम बात पूछने भर से थोड़े ही बता देगा, वह जेल में है इसलिये आप उस पर कोई अनुचित दबाव भी नही डाल सकेंगे। वैसे भी हैमर जेल में एक मामूली स्मगलर के रूप में गिरफ्तार है। आपके मुल्क के अधिकारी उसका सम्बन्ध इटली में हुई सतरह हत्याओं से नही जोड सकते। हैमर देर सवेर जेल से छूटेगा तो सही इसलिये वह खुद भीतर रह कर किसी बाहरी आदमी को खजाने के बारे में भला क्यों बतायेगा। वह तो अपनी सजा की अवधि की समाप्ति की प्रतीक्षा करेगा ताकि बाद में वह फिर दौलत को अपने अधिकार में कर सके। वैसे भी उसे यह शायद ही मालूम हो कि कोस भी स्पेन की जेल में बीस साल सड़ने वाला है। और शायद बाराबास और वाल्कोज भी किसी बखेड़े में फंस चुके होंगे। हैमर तो यह सोच रहा होगा कि छः साल बाद तक वह जेल से निकलेगा तब तक उसके साथी माल ठिकाने लगा कर नकद धन हासिल कर चुके होंगे। और उसके पहुंचने पर बड़ी ईमानदारी से उसका हिस्सा उसे सौंप देंगे। नो मिस्टर बांड, हैमर खजाने के बारे में हरगिज भी अपनी जुबान नहीं खोलेगा उल्टे इस प्रकार की पूछताछ से बात फैल जाने का अन्देशा है जो कि हम किसी कीमत पर भी नहीं चाहते।'

'लेकिन एक तरीका है जिससे हम हैमर को स्थायी रूप

से अपने अधिकार में कर सकते हैं।'

'क्या ?'

'मेरा चीफ एम' आपका दोस्त है और बुड़ापेस्ट में आपने जो हमारी मदद की है, उनके लिये वह दिल से आपका अहसानमन्द है। अगर आप सहमति दें तो मैं इस सन्दर्भ में 'एम' से बात कर सकता हूं। 'एम' सिविल अथारिटीज से बात करके हैमर को अपने अधिकार में ले सकता है' फिर हम बड़ी आसानी से खजाने के गुप्त स्थान के बारे में उसकी जबान खुलवा सकते हैं।'

जान्सी ने बड़ी मजबूती से नकारात्मक ढंग से सिर हिला दिया।

'वजह ?'—जेम्स बांड ने पूछा।

'एक सरकारी मशीनरी का पुर्जा है। हम जिस दौलत पर अपना अधिकार करने की कोशिश कर रहे हैं, वह चाहे दो बार लुट चुकी है लेकिन है तो वह इटली सरकार की मिल्कियत ही। 'एम' पर हमें सौ फीसदी भरोसा नहीं। उसके सन्दर्भ से यह बात भी हो सकती है कि मुसोलिनी के खजाने का आज भी अस्तित्व है, और फिर इटली की वर्तमान सरकार भी उसको अपने अधिकार में करने का प्रयत्न कर सकती है। उस खजाने की तलाश में हम पूरी इटली सरकार का मुकाबला नहीं कर सकते। इतने साधन नहीं हैं हमारे और न ही हम यह चाहते कि हम खजाने को हासिल करने के प्रयत्न में किसी सरकारी मशीनरी के साथ कम्पटीशन में आयें। मिस्टर बांड, अगर हमारा इरादा 'एम' की मदद हासिल करने का होता तो फिर मैं इस समय आपको आपकी बगल में बैठा दिखाई नहीं देता। हम सिर्फ आपसे मदद मांगने आये हैं, मिस्टर बांड। आपके

सिवाय किसी से नहीं। क्यों सैन्डर ?'

सैन्डर ने बिना कुछ बोले सहमति सूचक ढग से सिर हिला दिया।

'मगर आप हमारी मदद नहीं करेंगे तो हम कोई दूसरा रास्ता।'

'आपकी मदद न करने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता— जेम्स बांड जल्दी से बोला—'मैंने तो केवल आपको एक सहूलियत का रास्ता सुझाया था।'

'वह रास्ता सहूल्यित का तो है लेकिन हमें पसन्द नहीं।'

'आल राइट।'

'हैमर के छः साल की सजा काट कर जेल से निकलने की तीक्षा करने के अतिरिक्त उससे अपने मतलब की बात खुलवाने का एक ही तरीका है, मिस्टर बांड।'

'कौन सा ?'

'आपको किसी प्रकार हैमर को चुपचाप जेल से निकालना होगा।'

जेम्स बाड सोच में पड़ गया।

'क्या यह बहुत मुश्किल काम होगा आपके लिये।'

'काम मुश्किल है या आसान इस बात का सवाल नहीं है। सवाल तो यह है कि यह काम आपको करना है।'

'कर सकेंगे आप ?'

'जरूर। लेकिन कोई कार्य प्रणाली निर्धारित करने के लिये वक्त की जरूरत होगी। मुझे थोड़ा वक्त दीजिय आप।'

'यू बार दि बास, कमान्डर जेम्स बांड। जो मुनासिब समझिये कीजिये जो मुनासिब समझिये करवाइये लेकिन बराय मेहरबानी इतना ख्याल रखियेगा कि हमें नाकामयाब होकर वापिस न जाना पड़े।'

ऐसी नौबत नहीं आयेगी।'

'गुड —' जान्सी अपेक्षाकृत संतुट स्वर से बोला—'गुड-गुड ।'

अगली शाय जेम्स बांड पार्क लेन पहुंचा ।

पार्क लेन के टिल्टन होटल में जान्सी और सैन्डर ठहरे हुए थे।

जिस समय जेम्स बांड उनके सूट में पहुंचा जान्सी और सैन्डर बाल्कोनी में बैठे काफी पी रहे थे ।

'आइये मिस्टर जेम्स बांड ।' जान्सी उसे देखकर बोला—'तशरीफ रखिये ।'

जेम्स बांड अभिवादन करके एक कुर्सी पर बैठ गया ।

'हम आपका ही इन्तजाम कर रहे थे । सैन्डर, एक प्याला काफी मिस्टर बांड के लिये भी बनाओ ।'

काफी का कप तुरन्त जेम्स बांड के हाथ में पहुंच गया ।

'क्या समाचार है ?' जान्सी ने पूछा ।

'हैमर की मैंने खूब जांच पड़ताल की है ।' जेम्स बाण्ड गम्भीर स्वर में बोला—'वह जेल के अधिकतम सुरक्षा वाले ब्लाक में है ।'

क्यों ?'

'जेल का ऐसा ही दस्तूर है । लम्बी सजा पाये मुजरिमों को पहले उसी ब्लाक में रखा जाता है । अगर पहले छः महीने में उनके आचरण से किसी शरारत या भाग निकलने के इरादे की सूझ आये तो उन्हें साधारण कैदियों के बीच में भेज दिया जाता है लेकिन अगर अधिकारियों को किसी कैदी से जरा भी

बखेड़े की आशंका हो तो उसे सदा के लिए अधिकतम सुरक्षा वाले ब्लाक की पागल कर देने वाली तनहाई में रखा जाता है।'

'उसके उस ब्लाक में होने का आपरेशन से क्या सम-बन्ध है।'

'बड़ा भारी सम्बन्ध है। उस ब्लाक में किसी कैदी को निकाल पाना असम्भव है।'

'फिर!'

'पहली जरूरत तो यह है कि कोई ऐसी तरकीब की जाये कि उसको उस ब्लाक में से फौरन कहीं और ट्रान्सफर किया जाये। जेल का अस्पताल ही एक ऐसी जगह है जहां पर एम-रजन्सी में उस ब्लाक से निकालकर पहुंचाया जा सकता है उसको हस्पताल पहुंचने के लिये यह बहुत जरूरी है कि हैमर एकाएक भयंकर बीमार हो जाये। ध्यान दीजिये, मैंने भयंकर बीमार कहा है-ऐसा बीमार कि उसका जिन्दा रह पाना सन्देह जनक लगने लगे। मामूली बीमारी से काम नहीं चलेगा क्योंकि ऐसी बीमारी में उसे हस्पताल नहीं भेजा जायेगा बल्कि उसकी दवा दारू का इन्तजाम उसकी कोठरी में ही कर दिया जायेगा।'

'वह ऐसा जाहिर कर सकता है कि वह सख्त बीमार है!'

'वह ऐसा जाहिर तो कर सकता है लेकिन जेल के डाक्टरों पर यह घिस्सा चलेगा नहीं। जेल के डाक्टर बड़े घाघ हैं और कैदियों के झूठी बीमारी का सहारा लेकर हस्पताल पहुंच कर आराम फरमाने के प्रयत्नों से अक्सर वास्ता पड़ता रहता है। वे तुरन्त जान जायेंगे कि हैमर बीमार नहीं बल्कि बीमारी का बहाना कर रहा है।'

'तो फिर हैमर हमारी सुविधा के लिये एकाएक भयंकर बीमार होगा तो कैसे होगा?'

'वह काम कोई ज्यादह मुश्किल नहीं। उसका इन्तजाम मैं

कर सकता हूं लेकिन हैमर के अपने सहयोग के बिना हम उसे जेल से नहीं निकाल सकते। हमें उसे कदम-कदम पर उसके सहयोग की जरूरत पड़ेगी। अगर वह यह भांप गया कि उसे क्यों जेल से बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है तो वह हरगिज भी हमें सहयोग नहीं देगा।'

'लेकिन अगर उसके अपने साथी उसे जेल से निकालने की कोशिश करें, तब तो वह सहयोग देगा।'

'उसके साथियों से आपका इशारा बारबार और वाल्कोज की ओर है।'

'हां। अगर उस तक यह सन्देश पहुंचाया जाये कि बारा-बास और वाल्कोज उसे जेल से निकालने को प्रयत्नशील है तो फिर जो उसे कहा जायेगा वह करेगा। वह भी तो सत्तरह कत्ल कर चुकने के बाद हासिल हुई बेशुमार दौलत से दूर एक विदेशी जेल में छः साल गुजारना पसन्द नहीं करेगा।'

'आप ठीक कह रहे हैं बशर्ते कि उसे सन्देह न हो जाये कि उसको जेल से निकालने में प्रयत्नशील लोग बारावास वगैरह नहीं स्वयं जान्सी है।'

'उसे सन्देह नहीं होगा। वह सपने में भी नहीं सोच सकता कि हमें उसकी वर्तमान स्थिति की खबर होगी। दूसरे वह जेल से निजात पाने को उत्सुक होगा कि उसे इस बात पर सन्देह करने का ख्याल तक नहीं आयेगा कि वास्तव में उसकी निकासी का इन्तजाम करने वाले बारबास और बाल्कोज नहीं हैं।'

'फिर ठीक है।'

'आप कह रहे थे कि उसके हस्पताल पहुंच जाने का इन्त जाम करना ज्यादह मुश्किल नहीं है।'

'जी हां।' जेम्स बांड बोला--'उसने अपनी जेब से एक छोटी सी ट्यूब निकालकर जान्सी को दिखाई--यह एक मलहम

है जो चमड़ी के रोगों के उपचार में काम आती है। लेकिन अगर यह गलती से कभी पेट में पहुंच जाये तो मरीज को जीते जागते नर्क दिखाई दे जाता है। योजना यह है कि हैमर को पहले जेल के भीतर यह सन्देश पहुंचा दिया जायेगा कि वारावास और वाल्कोज उसे जेल से बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं-इस काम के लिये जेल के भीतर मेरा एक सम्पर्क है। मैं उससे बात कर चुका हूं। पांच सौ पाउण्ड के बदले में मेरी मदद करना स्वीकार कर लिया है वही सम्पर्क यह ट्यूब चुपचाप हैमर के पास इस निर्देश के साथ पहुंचा देगा कि वह इसमें से कम से कम एक बड़ा चम्मच निगल जाय। यह मलहम पेट की भीतरी परतों पर ऐसा भयंकर असर करती है कि पेट पम्प करके खाली करने के बाद भी राहत नहीं मिलती। हैमर को कम से कम एक सौ पांच डिग्री बुखार हो जायेगा और वह बुरी तरह तड़पेगा। निश्चय ही उसे तुरन्त हस्पताल पहुंचाया जायेगा लेकिन वहां भी उसकी हालत में तीन चार दिन तो जरा भी फर्क नहीं आया।'

'वह मर तो नहीं जायेगा'—जान्सी आशंकित स्वर से बोला।

'नहीं···' जेम्स बांड ने विश्वास दिलाया 'मरेगा नहीं लेकिन तकलीफ इतनी उठायेगा कि हर क्षण खुदा से मौत की प्रार्थना करेगा। यह मलहम और इसका यह इस्तेमाल मेरा परखा हुआ है। आप निश्चित रहिये। हैमर मरेगा नहीं।'

'आई सी। आगे।'

'आज सोमवार है। आज ही रात यह मलहम उस तक पहुंच जायेगा। आज ही रात इस मलहम की मेहरबानी से वह हस्पताल पहुंच जायेगा। हस्पताल में तीन चार दिन तो वह हिलने डुलने के काबिल भी नहीं होगा। उसके बाद धीरे धीरे

उसमें शक्ति संचित होने लगेगी। शनिवार आधी रात के बाद हम उसको निकालने की कोशिश करेंगे।'

'कैसे ?'.

जेम्स बांड ने अपना काफी का कप नीचे रख दिया और जेब से एक तह किया हुआ कागज निकाला। उसने उसकी तहें खोलनी आरम्भ कर दीं। उसके संकेत पर सैन्डर ने काफी टेबल खाली कर दी। जेम्स बांड ने वह कागज खोलकर मेज पर फैलाया और बोला—'यह जेल का नक्शा है। यह हस्पताल है। बीमार कैदियों के लिये सुरक्षित वार्ड इस हस्पताल की दूसरी मंजिल पर है। हैमर को बीमार हालत में इसी वार्ड में रखा जायेगा। अगर हैमर ने किसी वजह से मलहम न खाई मलहम ने किसी वजह से अपना अपेक्षित प्रभाव न दिखाया तो आपरेशन पहली स्टेज पर ही फेल हो जायेगा।

'फिलहाल आप यह मान कर चलिये कि सब कुछ निर्धारित ढंग से होगा।'

'जी हां। समझ लीजिये कि हैमर अपेक्षित हालत में हस्पताल की दूसरी मंजिल पर स्थित वार्ड में पहुंच गया है। उस वार्ड के भीतर कोई पहरेदार नहीं होता लेकिन वार्ड के इकलौते प्रवेश द्वार पर एक सशस्त्र सिपाही हमेशा पहरा देता रहता है। रात के दस बजे वार्ड की बत्तियां बुझा दी जाती हैं और प्रवेश द्वार पर बाहर से ताला लगा दिया जाता है। रात के बारह बजे पहरे पर तैनात सिपाही की ड्यूटी बदलती है। नया सिपाही आते ही पहला काम यह करता है कि ताला खोलकर वार्ड में घुसता है और बत्ती जलाकर सारे वार्ड का निरीक्षण करता है। सब कुछ यथापूर्ण संतोषजनक स्थिति में पाकर वह बत्ती को बुझा देता है, वार्ड को बाहर से ताला लगाता है और बाहर गलियारे में बैठकर ऊंघता रहता है। शनिवार रात को

उस सिपाही के चले जाने के ठीक एक घण्टे बाद हैमर अपने बिस्तर से उठेगा और चुपचाप लैट्रीन में आ जायेगा।'

'फिर ?'

बाथरूम मे एक रोशनदान है जिसकी लोहे की सलाखें पहले ही कटी हुई होंगी और कटी हुई सलाखें टेप द्वारा यथास्थान रिकार्ड हुई होंगी। लैट्रीज की पानी की टंकी में एक सिल्क की डोरी का गुच्छा पहले ही छुपा कर रखा हुआ होगा। इन दोनों कामों का इन्तजाम मेरा वही सम्पर्क करेगा जो हैमर को मलहम की ट्यूब सौंपेगी।'

'पहले दिये पांच सौ पाउन्ड में ही ?'

'नही। इस काम के पांच सौ पाउन्ड उसे और मिलेंगे।'

'आगे बढ़ो।'

लैट्रीन में हैमर पानी की टंकी से सिल्क की डोरी निकालेगा रोशनदान से कटी हुई छड़े अलग करेगा, रस्सी को रोशनदान के साथ बांधेगा और उसके सहारे इस शैड की टीन की छत पर आयेगा।'

जेम्स बांड ने नक्शे में एक स्थान पर ऊंगली रखी।

'नीचे कम्पाउन्ड में'—जेम्स बांड फिर बोला—दीवार के साथ-साथ एक सशस्त्र सिपाही पहरा दे रहा होता है। वह सिपाही इस शैड से लेकर दीवार के दूसरे सिरे तक का राउन्ड ८ मिनट में लगता है। लेकिन वह शैड की छत पर लेटे हैमर को किसी भी पोजीशन से नहीं देख सकता। न जेल की चार दीवारी पर मौजूद हममें से कोई हैमर को देख सकता है और न हैमर अपनी पोजीशन से कम्पाउन्ड में मौजूद सिपाही को देख सकता है। इस विकट स्थिति से दो चार होने का मैंने एक तरीका सोचा है।'

'क्या ?'

'हमारा सम्पर्क जेल के भीतर ही रहता है। उसका कमरा ऐसी स्थिति में है की उसे अपने कमरे से हस्पताल का वह रोशन दान जिसमें से हैमर बारह निकलेगा, शैड की छत, कम्पाउन्ड में मौजूद सिपाही और चारदीवारी पर मौजूद हम साफ दिखाई देते हैं। ज्यों ही कम्पाउन्ड का सिपाही अपना आठ मिनट का राउन्ट आरम्भ करने के लिये शैड से विपरीत दिशा की ओर चलना प्रारम्भ करेगा, वह हमें एक पूर्व निर्धारित सिगनल दे देगा। हम चार दीवारी से रस्सियों की सीढ़ी जेल के भीतर की ओर लटका देंगे। सीढ़ी का दूसरा सिर शैड के ऊपर पड़े हैमर के एकदम उपर लहरा रहा होगा। हैमर उस सीढ़ी द्वारा दीवार पर चढ़ आयेगा और दीवार के बाहर लगी एक दूसरी सीढ़ी द्वारा नीचे उतर आयेगा। ईजी।

जान्सी विचार पूर्ण मुद्रा बनाये चुपचाप बैठा रहा।

'यह एक वह स्थान है' जेम्स बांड ने नक्शे में एक स्थान पर ऊंगली रखी—'जहां शनिदार रात को उचित समय पर हमें पहुंचना होगा। यहां दीवार के दूसरी ओर वह शैड है जहां हम हैमर के मौजूद होने की अपेक्षा कर रहे हैं लेकिन इस स्थान पर हम ज्यादा समय तक मौजूद नहीं रह सकते क्योंकि अगर हम यहां देख लिये गये तो फौरन तक्तीश आरम्भ हो जायेगी। इस स्थान से जेल की चारदीवारी आरम्भ होती है और यह मेन रोड है। हम यहां पर जेल के भीतर मौजूद अपने सम्पर्क के सिगनल की प्रतीक्षा करेंगे। ज्योंही हमें सिगनल मिलेगा हम आगे बढ़ेंगे और रोड के समीप के स्थान पर पहुंच जायेंगे जहां हमने अपनी अगली कार्यवाही को उस ढंग से अन्जाम देना है जो मैं पहले ही बयान कर चुका हूं।'

'गुड।'

'जेम्स बांड ने नक्शे की ओर हाथ बढ़ाया।

'एक मिनट–' जान्सी बोला।

'यह क्या है?' उसने नक्शे पर एक स्थान पर ऊंगली रखी।

'यह पागलों का हस्पताल है। यह जेल का भाग नहीं है। दरअसल यह सड़क, जिस पर शनिवार की रात को हम मौजूद होंगे, जेल और इस पागलों के हस्पताल के बीच में है।'

'मिस्टर बांड फिर क्यों न हम शनिवार की रात को साधारण कार की जगह एम्बुलेंस इस्तेमाल करें। पागलों के अस्पताल के सामने एम्बुलेंस की मौजूदगी संदिग्ध निगाहों से नहीं देखी जायेगी। मगर कोई जेल का अधिकारी सड़क पर खड़ी एम्बुलेंस देखेगा तो चौंकेगा नहीं।

'बैरीगुड आईडिया, सर।'

'और फिर एम्बुलेंस की छत सीढ़ी लगाने के लिये एक ढांस प्लेट का काम दे सकती है।

'बैरी करेक्ट, सर।'

'आप साधारण कार के स्थान पर एम्बुलेंस का इन्तजाम कर सकते हैं?'

'बड़ी आसानी से।'

'आपके ख्याल से कितने समय तक जेल के अधिकारियों को यह पता नहीं लग पायेगा कि कोई कैदी जेल से गायब हो गया है?'

'कैदियों के वार्ड के बाहर मौजूद सिपाही की ड्यूटी सवेरे छः बजे बदलती है। मगर आपरेशन के दौरान कोई अप्रत्याशित अड़चन न आये तो मुझे उम्मीद नहीं कि अधिकारी सुबह छः बजे से पहले इस विषय में कुछ जान पायेंगे।

'हैमर के पहनने के लिये कपड़ों का इन्तजाम करना पड़ेगा।'

सैन्डर पहली बार बोला।

'कपड़े !' जेम्स बांड बोला–'कैसे कपड़े !'

'हैमर जब जेल से बाहर निकलेगा तो जेल की यूनीफार्म में होगा।

'ओह बाई गौड -' जेम्स बांड बोला, यह तो मैं भूल ही गया था :' जान्सी ने प्रशन्सात्मक निगाहों से सैन्डर की ओर देखा।

'आप मुझे हैमर का कद काठ बताइये ...' जेम्स बांड बोला– मैं कपड़ों का इन्तजाम कर दूंगा।'

सैन्डर ने ऐसा ही किया।

'और कुछ ?'—जान्सी ने पूछा।

'और बस।' जेम्सबांड बोला—'अब सब कुछ हैमर पर निर्भर करता है। मगर उसने मलहम खाने से इन्कार कर दिया या वह मलहम खाकर उतना बीमार न हुआ जितना उसे होना चाहिये या इतना अधिक बीमार हो गया कि शनिवार की रात तक ठीक न हो पाया या उसे सन्देह हो गया कि उसे बाहर निकालने की चोरी करने वाले लोग बाराबास और वाल्कोज नहीं जान्सी और उसके साथी हैं तो आपरेशन शुरूआत में ही फेल हो जायेगा।'

'वुई विल क्रास दैट ब्रिज वैन वुई रीच इट मिस्टर जेम्स-बांड।' जान्सी शांत स्वर में बोला—'फार दि टाइम बीइंग, लैट्स हीप फार दि बैस्ट।'

जेम्सबांड चुप रहा।

शनिवार रात ।

जेल की चारदीवारी के एक मोड़ पर एक एम्बुलेंस खड़ी थी । एम्बुलेंस की सारी बत्तियां बुझी हुई थीं । ड्राइविंग सीट पर सैन्डर मौजूद था । उसकी बगल में जेम्सबांड बैठा था ।

सन्तोष की बात यह थी कि हैमर को किसी प्रकार का संदेह नहीं हुआ था । उसने सहर्ष मलहम खाली थी और बड़ी ही शोचनीय स्थिति में हस्पताल पहुंच गया था ।

प्रत्यक्षत: आपरेशन कामयाब होता दिखाई दे रहा था ।

जेम्सबांड की निगाह आसमान की ओर उठी हुई थी ।

एक बज चुका था । जेल के भीतर से किसी भी क्षण सिगनल अपेक्षित था ।

कुछ ही क्षण बाद एक क्षण के लिये आसमान की ओर रोशनी की लकीर-सी खिची दिखाई दी । जैसे किसी शक्तिशाली टार्च का प्रकाश आसमान की ओर डाला गया हो । अगले ही क्षण अन्धेरे आकाश से रोशनी की वह लकीर गायब हो गई ।

जेम्सबांड ने सैन्डर की बांह दबाई ।

लेकिन सैन्डर भी सिगनल देख चुका था । उसने तुरन्त एम्बुलेंस जेल और पागलों के हस्पताल के बीच की सड़क पर दौड़ा दी ।

उस सिगनल का मतलब था कि हैमर खिड़की के रास्ते शैड की छत पर पहुंचने में सफल हो गया था और कम्पाउन्ड में पहरे पर मौजूद सिपाही शैड से विपरीत दिशा में गश्त के लिये बढ़ रहा था और आठ मिनट से पहले लौटने वाला नहीं था ।

जेम्सबांड के संकेत पर सैन्डर ने एक स्थान पर एम्बुलेंस रोकी। फिर दोनों फुर्ती से एम्बूलेंस से बाहर निकले। उन्होंने एम्बुलेंस के पृष्ठ भाग से एक फोल्डिंग सीढ़ी निकाली। जोड़ों पर मौजूद पेच कस दिये। जेम्सबांड एम्बूलेंस की छत पर चढ़ गया। उसने सैन्डर से सीढ़ी पकड़ी और उसे दीवार के साथ लगा दिया। तभी सैन्डर की एम्बुलेंस की छत पर चढ़ आया। उसके वजन से एम्बुलेंस की छत एक बार तनिक चरमराई और फिर शांत हो गई।

जेम्सबांड के बिना कहे सैन्डर ने सीढ़ी पकड़ी और फुर्ती से सीढ़ी पर चढ़ गया। रस्सी की सीढ़ी उसके कन्धे पर लटकी हुई थी।

सब कुछ यूं मशीन की सी तेजी से हो रहा था जैसे हर कदम पर कई-कई बार रिहर्सल दिया जा चुका हो।

सीढ़ी के आखिरी सिरे पर पहुंचकर जेम्सबांड ने कन्धे से रस्सी की सीढ़ी निकाली और उसे दीवार के पार दूसरी ओर फेंक दिया। दो समानान्तर में एक-एक फुट के फांसले पर बन्धे डन्डों के दीवार के भीतरी भाग में टकराने की हल्की-सी आवाज हुई और फिर शान्ति छा गई। जेम्सबांड ने अपने हाथ में मौजूद रस्सी की सीढ़ी का सिरा फोल्डिंग सीढ़ी के सिरों पर विशेष रूप से लगाये दो हुकों में फंसा दिया।

जेम्सबांड ने दीवार के पार भीतर जेल के कम्पाउन्ड में झांका।

चार कीमती मिनट गुजर चुके थे। अगले चार मिनटों में पहरे का सिपाही बांड के समीप वापिस पहुंचने वाला था, सीढ़ी का सिरा शैड के एकदम ऊपर लटक रहा था, हैमर शैड पर मौजू था लेकिन अभी तक उसने अपने स्थान से हिलने तक का उपक्रम नहीं किया था।

जेम्सबांड ने अपनी जेब से एक पांच पैनी का सिक्का निकाला और उसे हैमर की ओर उछला। सिक्का हैम के सिर से टकराया, फिर टन्न की आवाज से टीन की छत पर गिरा और फिर कम्पाउन्ड में लुढ़क गया। हैमर ने सिर उठाया। एक बार अपने सामने लटकते सीढ़ी के सिरे को देखा और फिर सिर झुका लिया।

जेम्सबांड परेशान हो उठा। लगता था हैमर की सारी संचित शान्ति हस्पताल के रोशनदान से निकलकर रस्सी के सहारे शैड पर उतरने में खर्च हो चुकी थी और उस समय उस में अपने स्थान से हिलने तक की हिम्मत नहीं थी।

एक मिनट और गुजर गया।

हैमर उस समय खुद कुछ भी करने के काबिल नहीं था जब कि आपरेशन की सारी सफलता इसी बात पर निर्भर करती थी कि दीवार तक हैमर खुद चढ़े।

लेकिन जान्सी की खातिर आपरेशन कामयाब होना आवश्यक था और जो होना था तभी होना था। अब हैमर रस्सी पर चढकर वापिस हस्पताल में पहुंचने की स्थिति में भी नहीं था। अगर वह जेल के अधिकारियों द्वारा उस शैड की छत पर पड़ा पाया गया तो फिर दुनिया की कोई शक्ति उसको जेल से नहीं निकलवा पायेगी। उस पर इतना पहरा होगा जितना कभी किसी पर नहीं हुआ होगा।

अगले ही क्षण जेम्सबांड ने अपना अगला कदम निर्धारित कर लिया।

वह दीवार पर चढ़ गया और फिर बिजली की तेजी से रस्सी की सीढ़ी पर नीचे उतरने लगा।

पहरे के सिपाही के लौटने में दो मिनट बाकी थे जब वह शैड की छत पर हैमर के पास पहुंचा।

एक भी क्षण नष्ट किये उसने हैमर को अपने कन्धे पर लादा और वापिस सीढ़ी चढ़ने लगा।

सीढ़ी बुरी तरह चरमराने लगी।

जेम्सबांड ने जब उस सीढ़ी का इन्तजाम किया था तब उसने यह नहीं सोचा था कि सीढ़ी को दो आदमियों का वजन सम्हालना पड़ेगा। अब रस्सियां और डन्डे दोनों बुरी तरह चरमरा रहे थे और दोनों में से कोई या दोनों किसी भी क्षण टूट सकते थे और फिर एक निष्क्रिय शरीर को कन्धे पर लादे रस्सी की सीढ़ी पर चढ़ना भी कोई आसान काम नहीं था। हैमर उसके कन्धे से फिसल-फिसल जाता था। उसका शरीर सीढ़ी समेत बार-बार दीवार के साथ टकरा जाता था और दीवार से ढीले पड़ चुके पलस्तर के छोटे-छोटे टुकड़े जब नीचे टीन की छत से टकराते थे तो निस्तब्ध वातावरण में तोप का गोला छूटा मालूम होता था।

बड़ी मुश्किल में वह हैमर को लेकर दीवार की छत पर पहुंचा। उसने हैमर को कन्धे से उतारकर बांहों से पकड़ा और उसे दीवार के पार लगी फोल्डिंग सीढ़ी की ओर लटका दिया।

'सीढ़ी पर पांव रखो।' जेम्सबांड कर्कश स्वर में बोला।

हैमर के मुंह से एक हल्की-सी कराह निकली उसके पैर सीढ़ी के डन्डों के ऊपर झूलते रहे लेकिन उसके निढाल शरीर में कोई नियन्त्रित हरकत पैदा नहीं हुई।

मन ही मन उसे हजार-हजार गालियां देते हुये जेम्सबांड ने उसे दीवार से नीचे लटका दिया।

नीचे सैन्डर ने अपनी बांह फैला दी।

लेकिन अभी सैन्डर की बांहों और हैमर के लटकते पैरों में बहुत फासला था।

उसी क्षण जेम्सबांड के पहरे का सिपाही शैड की ओर

वापिस आता दिखाई दिया।

जेम्सबांड ने तुरन्त हैमर को बांहों से अपनी पकड़ ढीली कर दी।

सैन्डर ने उसे यूं अपनी विशाल बांहों में लपक लिया जैसे यह कोई भारहीन वस्तु हो।

जेम्सबांड ने लपककर दीवार पार की और फोल्डिंग सीढ़ी पर आ गया। उसने जल्दी से रस्सी की सीढ़ी वापिस खींच ली और फोल्डिंग सीढ़ी पर नीचे उतरने लगा।

पहरे के सिपाही की निगाहों में आने से वह बाल-बाल बचा था।

वह एम्बुलेंस की छत पर पहुंचा।

सैन्डर उसे छत पर छोड़कर हैमर के लिये दिये नीचे कूद गया। उसने हैमर का निश्चेष्ट शरीर एम्बुलेंस के पृष्ठ भाग में फेंका और स्वय ड्राइवर की सीट पर आ बैठा।

जेम्सबांड ने जल्दी से फोल्डिंग सीढ़ी को दोहरा किया और उस जमीन पर एम्बुलेंस के साथ टिका दिया। फिर वह स्वयं नीचे जमीन पर कूदा। उसने दोनों सीढ़ियां उठाकर एम्बुलेंस से पृष्ठ भाग में फेंकी और स्वयं भी भीतर घुस गया।

दरवाजा बन्द होने की आवाज आते ही सैन्डर ने एम्बुलेंस को सड़क पर दौड़ा दिया।

आपरेशन सफल रहा।

जेम्सबाण्ड ने अपनी जेब से मैटल की एक चपटी फ्लास्क निकाली और उसे जबरदस्ती हैमर के मुंह से लगा दिया।

ब्रांडी के दो तीन घूंट हैमर के गले से नीचे उतर गये। वह जोर-जोर से खांसने लगा। उसका चेहरा लाल हो गया।

'होश में आओ।' जेम्सबांड कर्कश स्वर में बोला।

हैमर की आंखें भड़क गईं और वह कराहने लगा।

जेम्सबांड ने उसे गिरेबान से पकड़ा और एक झन्नाटेदार तमाचा उसके मुंह पर रसीद किया।

हैमर के मुंह से एक गन्दी गाली निकली।

'वैरी गुड। जेम्सबांड बोला—अगर गाली दे सकते हो तो होश में हो। उठकर खड़े हो जाओ और ये कपड़े पहन लो।'

जेम्सबांड ने अपने साथ लाये कपड़े उसकी ओर उछाल दिये।

कांपते कराहते हैमर ने कपड़े बदल लिये।

'तुम कौन हो?' उसने जेम्सबांड से सवाल किया।

'मैं बाराबास और वाल्कोज का दोस्त हूं।' जेम्सबांड बोला —'मैंने तुम्हें जेल से निकाला है।'

'वे दोनों कहां हैं?'

'घबराओ नहीं। मैं तुम्हें उन्हीं के पास लेकर चल रहा हूं।'

'कोस कहां है?'

'मुझे खबर नहीं।'

'गाड़ी कौन चला रहा है?'

'वह मेरा दोस्त है।'

'तुम तस्वीर में कहां फिट होते हो?'

'ज्यादा सवाल मत करो नहीं तो फिर बेहोश हो जाओगे। थोड़ी देर आराम करो और अपने में शक्ति संचित करने की कोशिश करो। मैं तुम्हें जहां ले जाना चाहता हूं, होश में ले जाना चाहता हूं।'

'अभी तुमने मुझे क्या पिलाया था?'

'ब्रांडी।'

'और है?'

जेम्सबांड ने फ्लास्क उसे सौंप दी।

हैमर ने फ्लास्क को मुंह से लगा लिया।

धीरे-धीरे उसके चेहरे की रंगत लौटने लगी।

जेम्सबांड ने जेब से पैकेट निकालकर दो सिगरेट सुलगाये। एक उसने हैमर को सौंप दिया और दूसरे के वे स्वयं कश लगाने लगा।

एम्बुलेंस चलती रही।

अन्त में एम्बुलेंस उस इमारत के सामने आकर रुकी जिस की पांचवीं मन्जिल पर जेम्सबांड का फ्लैट था।

जेम्सबांड और हैमर एम्बुलेंस से बाहर निकले।

सैन्डर ड्राइविंग सीट पर बैठा रहा। शायद वह नहीं चाहता था कि उस समय हैमर का उससे आमना सामना हो।

हैमर जेम्सबांड का सहारा लिये लड़खड़ाता हुआ उसके साथ इमारत की ओर बढ़ा।

लिफ्ट द्वार की पांचवी मन्जिल पर पहुंचे।

वहां जेम्सबांड के फ्लैट में जान्सी उनकी प्रतीक्षा कर रहा था। हैमर का हिल्टन होटल में लाया जाना किसी को नहीं जचा था।

जान्सी पत्थर की प्रतिमा की तरह एक कुर्सी पर बैठा था। हैमर पर निगाह पड़ते ही उसके नेत्र चमक उठे।

'हल्लो, हैमर।' जान्सी शांत स्वर से बोला—'कैसे हो ?

हैमर की निगाह जान्सी पर पड़ी तो उसका चेहरा भूं सफेद पड़ गया जैसे उसने भूत देख लिया हो। उसके नेत्र फैल गये और निचला जबड़ा लटक गया।

'जान्सी !' वह आतंकित स्वर से बोला।

'इन पर सब।' जान्सी पूर्ववत् शांति से बोला।

एकाएक हैमर वापिस घूमा और बिजली की फुर्ती से फ्लैट

के मुख्य द्वार की ओर भागा।

लेकिन वहां सैंडर का विशाल शरीर यूं अड़ा खड़ा था कि चूहा भी उसकी बगल से गुजरकर नहीं जा सकता था। सैंडर ने उसे गरदन से पकड़ लिया और उसे एक जोर का झटका दिया।

हैमर जान्सी के कदमों में आकर गिरा।

'उठकर खड़े हो जाओ, हैमर।' जान्सी बोला।

हैमर लड़खड़ाता हुआ उठ खड़ा हुआ।

'मेरी ओर देखो।'

हैमर की जान्सी से निगाहें मिलने की हिम्मत नहीं पड़ी।

'हैमर, जो हरकत तुमने की है, उसके लिये खुदा तुम्हें कभी माफ नहीं करेगा। दौलत के लालच से अन्धे होकर तुमने सत्रह निर्दोष आदमियों को मौत के घाट उतार दिया। दौलत ने तुम्हारी अक्ल पर ऐसा पर्दा डाल दिया कि तुम उस महान मिशन को भूल गये जिसके अन्तर्गत तुम रिजीस्टेन्स मूवमेन्ट के सदस्य बने थे। हैमर, वह विश्वासघात तुमने जान्सी के साथ नहीं किया, वह विश्वासघात तुमने अपने उन लाखों देशवासियों के साथ किया जो हंगरी में कम्यूनिजम के जुये के नीचे पिस-पिसकर जान दे रहे हैं, जिनको वह दौलत रोटी का एक निवाला दिलवा सकती थी, जिनके लिये वह दौलत आजादी की वह शहराह तैयार कर सकती थी जिस पर चलने का सपना वे सदियों से देख रहे हैं, वह दौलत उन बेसहारा, लाचार लोगों के लिये आजादी का परवाना बन सकती थी जिनमें कोस टांटा और ब्लैक सी कनाल के लेबर कैम्पों में दिन में सोलह-सोलह घण्टे काम करवाया जाता है, वह दौलत उन बच्चों का भविष्य सुधार सकती थी। जिन्होंने कभी आजादी का मुंह नहीं देखा। वह दौलत उन लोगों को जिन्दगी अता कर सकती थी जो निराश होकर आत्महत्या कर रहे हैं। जानते हो

संसार में सबसे ज्यादा आत्म हत्यायें कहां होती है ? हंगरी में। तुम्हारे वतन में। हंगरी में हर रोज कम से कम सात आदमी आत्महत्या करके मरते हैं। और आदमी आत्महत्या कब करता है ? जब उसे चारों ओर निराशा का अन्धेरा ही अन्धेरा दिखाई देने लगा है, जब उसे तुम्हारे जैसे लोगों के विश्वासघात का शिकार होना पड़ता है जिन पर उसकी अपनी और उसकी आने वाली नस्ल की जिन्दगी भर की उम्मीदें टिकी होती हैं। हैमर तुमने जो किया है, उसके लिये हंगरी की हर भूखी बेसहारा और लाचार आत्मा तुम्हें हजार-हजार लानत भेज रही होगी। हैमर कह दो कि तुम्हारी उन लोगों के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं जिनके लिये कभी तुम खुदा की हैसियत रखते थे।

हैमर का शर्म से झुका सिर ऊंचा नहीं उठा।

'मेरी ओर देखो—' जान्सी बोला—'उसने अपने जर्जर हाथ हैमर की ओर फैला दिये—'मैं, बूढ़ा नाकारा आदमी, क्या कर सकता हूं अपने देश वासियों के लिये ? मगर तुम जैसे नौजवान मेरी मदद न करें तो कुछ भी नहीं। अगर मेरे सामने एक मिशन न होता, एक ध्येय न होता तो अब तक मैं बीसियों बार मर चुका होता। मैंने महसूस किया कि मेरे देश वासियों को एक रहनुमा की जरूरत है इसलिये मैंने हर माहौल में अपने आपको जिन्दा रखा। हंगरी का कम्यूनिस्ट सरकार ने क्या-क्या जुल्म नहीं ढाये मुझ पर मुझे क्रास पर लटका दिया गया। छः महीने साइबेरिया की एक वर्क में दबी अन्डर ग्राउन्ड कोठरी के सब जीरो टैम्परेचर में मैं अपनी कालकोठरी की लोहे की छड़ों पर जम आने वाली ओस चाट कर जिन्दा रहा। मेरे नग्न शरीर पर भूखे भेड़िये छोड़ दिये गये। मुझे कोलिमा की पहाड़ियों पर मरने के लिये छोड़ दिया गया जहां से आज तक कोई जिन्दा वापिस नहीं लौटा। मगर मेरे मन में अपने देश वासियों को कम्यूनिस्टों के पन्जे से

आजादी दिलाने का जज्बा न होता तो क्या मैं किसी सोशलिस्ट कन्ट्री में जाकर पनाह नहीं मांग सकता था ? मुझे विश्वास है कि यूक्रेनियन नेशनल आर्मी के सबसे बड़े लीडर मेजर जनरल अलैक्सिस इल्यूरिन को कोई भी सोशलिस्ट देश सिर माथे पर बिठाता लेकिन मैंने राहत और आराम की वह जिन्दगी वसूल नहीं की ! क्योंकि मैं महसूस करता था कि तुम्हारे जैसे नौजवानों के मन में आजादी की आग भड़काये रखने की खातिर मेरी तुम लोगों में मौजूदगी जरूरी थी । हैमर, तुम्हारे जैसे नौजवानों की मदद के बिना जान्सी कुछ नहीं कर सकता, सैण्डर कुछ नहीं कर सकता, एक हजार, एक लाख जान्सी और सैण्डर कुछ नहीं कर सकते । आजादी की इस जंग के असली सूत्रधार तुम हो, हैमर मैं नहीं । हैमर, क्या मैं विश्वास कर लूं कि दौलत की एक झलक दिखाई देते ही तुम्हारा निजी स्वार्थ इतना प्रबल हो उठा कि तुम्हें अपनी आंखों के सामने अपने देश वासियों की आजादी का सपना चकनाचूर होता दिखाई नहीं दिया ? तुम्हारे सामने उन हजारों लाखों बच्चों की सूरतें नहीं उभरीं जिनके कोमल शरीर बायोनेट की नोकों से बींधे गये ? तुम्हें उन थके, हारे, बेसहारा बूढ़ों का ख्याल नहीं आया जिन्होंने हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के आतंक से भयभीत होकर शेव करने वाले ब्लेडों से अपनी नाक काट लेने जैसे दर्दनाक तरीकों से अपनी जान दी, तुम्हें उन नौजवानों का ख्याल नहीं आया जिनके सर काट कर चौराहों पर लटका दिये गये ताकि बाकी नौजवान सबक लें और सरकार के खिलाफ बगावत का इरादा छोड़ दें । तुम्हें उन बेसहारा लड़कियों का ख्याल नहीं जिनकी पवित्रता ऐन्ड्रेसी उट के जमींदोज टार्चर चैम्बरों में कम्यूनिस्ट राक्षसों की जान्सी भूख का शिकार हुई । हैमर कह दो कि तुम्हारा खून सफेद हो गया है । कह दो कि इतने हृदयहीन, स्वार्थी और लालची आदमी बन चुके हो कि

अब तुम्हें अपने देश वासियों के मरने जीने से कोई वास्ता नहीं है।'

कमरे में मौत का सन्नाटा छाया हुआ था। हैमर के मुंह से बोल नहीं फूटा।

'मगर ऐसा है तो जाओ, जो कुछ तुमने किया मैंने उसके लिये तुम्हें माफ किया। मेरे उन लाखों देशवासियों ने तुम्हें माफ किया जिनका आजादी के पवित्र वातावरण में सांस लेने का सपना इसलिये पूरा नहीं हो पाता क्योंकि वे मन्जिल की ओर दो कदम बढ़ते हैं तो तुम्हारे जैसा कोई उन्हीं का साथी अपने स्वार्थ की पूरी की खातिर उन्हें बीस कदम पीछे धकेल जाता है। लेकिन विश्वास जानों, मेरे दोस्त, तुम्हारी अपनी आत्मा तुम्हें अपने कुकृत्यों के लिये कभी माफ नहीं करेगी। अगर खुदा में विश्वास रखते हो तो खुदा तुम्हें कभी माफ नहीं करेगा।'

हैमर का शरीर एक बार जोर से कांपा। उसकी छाती पर झुका सिर ऊपर नहीं उठा।

'सैन्डर' जान्सी पराक्षेप सा करता हुआ बोला—'हैमर को जाने दो।'

सैन्डर ने अपने पीछे दरवाजा पूरा खोल दिया और स्वयं एक ओर हट गया।

जेम्स बांड ने कुछ कहने के लिये मुंह खोला और फिर चुप हो गया।

हैमर ने धीरे से सिर उठाया।

जान्सी का सिर उसकी छाती पर झुक गया। उसके हाथ उसकी गोद में रखे थे और चेहरे पर अपूर्व शान्ति थी।

हैमर की निगाह जेम्स बांड और सैन्डर के चेहरों से फिसलती हुई खुले दरवाजे की ओर बढ़ी। कुछ क्षण उसकी निगाहें खुले दरवाजे पर अटकी रहीं और फिर वापस हैमर के सन जैसे

सफेद बालों पर आकर टिक गईं ।

लेकिन जान्सी ने सिर नहीं उठाया । उसके लिये हैमर का अस्तित्व ही समाप्त हो गया था ।

और फिर अगले एक क्षण में हैमर का अस्तित्व सचमुच समाप्त हो गया ।

'मैं गद्दार हूं'—हैमर धीरे से बुदबुदाया ।

'मैंने अपने देशवासियों के साथ विश्वासघात किया है'—वह अपेक्षाकृत ऊंचे स्वर से बोला ।

'हजार बार लानत है मुझ पर'—वह आंसू भरे स्वर से चिल्लाया ।

'मुझे जीने का कोई हक नहीं है' वह चीत्कार सी करता हुआ बोला—'मुझे मर जाना चाहिये । यही मेरी सजा है । यही मेरा प्रायश्चित है ।'

और हैमर सिर नीचा किये खिड़की की ओर भागा ।

'नहीं—जेम्स बांड चिल्लाया । लगभग तुरन्त उसकी समझ में आ गया कि हैमर क्या चाहता था । वह हैमर की ओर लपका लेकिन हैमर उसके हाथ नहीं आया । हैमर खिड़की का शीशा तोड़ता हुआ बाहर कूद गया । पांचवी मंजिल से वह पथरीली सड़क पर गिरा और उसके परखचे उड़ गये ।

जेम्स बांड ने खिड़की से नीचे झांका ।

नीचे सुनसान सड़क पर एम्बुलैंस के पास अपने ही खून से लथपथ हैमर की लाश पड़ी थी ।

'जान्सी'—जेम्स बांड बोला—हैमर···'

'मर गया ।'—जान्सी धीरे से बोला—'बिना यह बताये मर गया कि खजाना कहां छुपा है । यही कहने जा रहे थे न आप, मिस्टर बांड ।'

जेम्स बांड ने होठों पर जुबान फेरी ।

'मैं भावनाओं में बह गया था'—जान्सी बोला—'हैमर से आसना-सामना होते ही पता नहीं क्यों मुझे उसे अपने कृत्त के लिये शर्मिन्दा करना जरूरी लगने लगा था। पता नहीं क्यों मुझे यह ख्याल नहीं आया कि दौलत की चमक ने उसकी आंखों पर अविवेक का केवल वक्ती परदा डाला था लेकिन अभी उसकी आत्मा मरी नहीं थी। अभी भी उसका दिल बुनियादी तौर पर हंगरी के किसी भी नौजवान के दिल की तरह निर्मल और सम्वेदन शील था। हैमर मुझसे आंखें मिलाने की ताव न ला सका, मेरे से सामना होना मात्र ही हैमर के लिये जलालत की इन्तहा थी और फिर मैंने तो बेचारे को बहुत बुरा भला कहा। जैसे कानून के प्रभाव में उसने हमारे साथ विश्वासघात करने का इरादा किया, वैसे ही जनून के प्रभाव में उसने आत्म हत्या करने का फैसला कर किया। मिस्टर जेम्स बांड, हैमर बहुत अच्छा आदमी था।'

'उसे अपने ही साथियों को मौत के घाट उतारा था' जेम्स बांड बोला।

'शायद उस समय कोई अमानुसिक शक्तिया उस पर हावी थी। जो उसने किया बहुत बुरा किया लेकिन बुनियादी तौर पर वह भला आदमी था, वर्ना यूं अपनी जान न दे देता।'

'आपको तो हर आदमी बहुत भला आदमी लगता है।'

'क्योंकि हर आदमी होता ही भला है। इन्सान की बुराई नफरत के काबील चीज होती है, खुद इन्सान नहीं।'

'खैर।'— जेम्स बान्ड बोला—'अब? अब क्या इरादा है?'

'अब कोस को तलाश करने के अलावा कोई चारा नहीं। हमें स्पेन जाना होगा। हम आपकी बेशकीमती मदद के लिये दिल से शुक्र गुजार है, मिस्टर बांड। आखिरी क्षण में गड़बड़ न हो

जाती तो हम यही खजाने के बारे में सब कुछ जानने में कामयाब हो गये होते लेकिन···खैर ।'

'मैं आपके साथ स्पेन चलूंगा ।'

'इसकी जरूरत नहीं मिस्टर बान्ड । आपने अपने देश में हमारी मदद की, यही काफी है । स्पेन आपके लिये भी पराया देश है और···।'

'मैं आपके साथ स्पेन चलूंगा'—जेम्स बांड ने दृढ़ स्वर में दोहराया—'जान्सी, मैं तब तक आपका साथ नहीं छोड़ूंगा, जब तक आपका मिशन कामयाब नहीं हो जाता और जब तक आप हंगरी से बाहर हैं ।'

'लेकिन···'

'लेकिन वेकिन कुछ नहीं । आप तकल्लुफ में ऐसा कह रहे हैं । मैं महसूस करता हूं कि आपको स्पेन में किसी न किसी की मदद की जरूरत पड़ेगी । वह कोई न कोई आप मुझे समझाइये ।

'बेहतर'—जान्सी संकोचपूर्ण स्वर से बोला—जैसी आपकी मर्जी ।'

'थैंक्यू, जान्सी ।'

'हैमर का क्या होगा !'

'उसकी लाश ठिकाने लगानी होगी । मैं अभी जाता हूं । आओ सैन्डर ।'

जेम्स बांड सैन्डर के साथ फ्लैट से बाहर निकल गया ।

नाइजीरिया एयरवेज का विशाल बोईंग ७०७ प्लेन स्पेन की राजधानी मैंडरिड के बाराजास एयर पर पोर्ट उतरा।

लन्दन से हीथरो एयरपोर्ट से प्लेन के टेक आफ करने से कुछ क्षण पहले जेम्स बान्ड के साथ एक बड़ी असुविधाजनक घटना घटी।

जेम्स बान्ड की कलाई पर बन्धी घड़ी में फिट इलैक्ट्रानिक पल्सर (इलैक्ट्रानिक पल्सर) में दिल की धड़कन की आवाज जैसा सिगनल आने लगा था। उस सिग्नल का अर्थ था कि उसे फौरन ००७ विभाग के चीफ 'एम' से सम्पर्क स्थापित करना चाहिये।

वैसा सिग्नल जेम्स बान्ड को तभी प्राप्त होता था जब उसके लिये कोई नया आपरेशन तैयार होता था और साधारण तरीकों से उसके साथ सम्पर्क स्थापित कर पाना सम्भव नहीं होता था। उस समय जेम्स बांड जान्सी के साथ था और वह 'एम' का सौंपा कोई काम हाथ में लेने की स्थिति में नहीं था। 'एम' को काम से इन्कार करने की वास्तविक वजह वह बता नहीं सकता था और कोई ठोस वजह जाने बिना 'एम' उसे छोड़ने वाला नहीं था।

उस दुविधापूर्ण स्थिति में जेम्स बांड ने वह काम किया था जो उसने आज तक कभी नहीं किया था।

उसने सिग्नल को पूरी तरह नजर अन्दाज कर दिया था। उसने तुरन्त 'एम' से सम्पर्क स्थापित करने की कोशिश नहीं की थी।

जान्सी, सैन्डर और जेम्स बांड प्लेन से बाहर निकले।

कस्टम से निपट कर वे टैक्सी द्वारा एयरपोर्ट से साढ़े आठ मील दूर स्थित मैडरिड नगर पहुंचे। टैक्सी से वे होटल कन्टीनेन्टल के सामने उतरे। होटल कन्टीनेन्टल नगर के प्रसिद्धतम इलाके एवेन्यू जोस एन्तोनियो (एवेन्यू जोस एन्तोनियो में स्थित एक खूबसूरत होटल था। होटल एक विशाल इमारत की तीसरी और चौथी मन्जिल पर स्थित था, बाकी इमारत में एक अन्य होटल और व्यवसायिक दफ्तर थे।

'होटल का मालिक डान वालेन्टिन मोनतया मेरा परिचित है।' जेम्स बांड ने बताया—'हमें उससे काफी महत्वपूर्ण जानकारी हो सकती है।'

'गुड।' जान्सी बोला।

'डान वालेन्टिन मोनतोया बड़े तपाक से जेम्स बान्ड से मिला और उसने उन्हें होटल के सबसे शानदार तीन कमरों में बुक कर दिया। उसके तीव्र अनुरोध पर उन लोगों को उसके साथ डिनर का निमन्त्रण स्वीकार करना पड़ा। मोनतोया ने उनके सम्मान में स्पेन की राष्ट्रीय शराब शेरी की वह बोतल खोली जो उसके कथनानुसार उसने कितने ही सालों से किसी महत्वपूर्ण मेहमान के लिये अन्डर ग्राउन्ड करके रखी हुई थी। उसने उन लोगों के सम्मान में स्पेन के प्रसिद्धतम भोज पदार्थों पायेला और सैन्तोलो का विशेष डिनर उन लोगों को सर्व किया गया।

पायेला, चावल, मछली, चिकन और केसर से तैयार होने वाली स्पेन की संसार प्रसिद्ध डिश थी।

सैन्तोलो खाड़ी विस्के से पकड़े गये विशेष प्रकार के केकड़ों को पका कर तैयार की गई एक बेहद लज्जतदार डिश थी।

इसके अतिरिक्त दुम्बे की भुनी हुई चाम्पें भी सर्व की गई।

परी कथाओं जैसे रहस्यपूर्ण और आनन्द दायक वातावरण में एक बेहद लज्जतदार डिनर का आनन्द उठाकर जान्सी और सैन्डर मोनतोया से विदा लेकर अपने कमरों में आ गये और जेम्स बाण्ड मोनतोया के साथ उसके दफ्तर में आ गया।

जेम्स बांड ने मोनतोया को बताया कि वह उससे किस प्रकार की सहायता चाहता है।

मोनतोया ने उसकी हर सम्भव सहायता करने का वादा किया।

दो दिन बाद जेम्स बांड को मोनतोया से अपनी इच्छित जानकारी हासिल हुई।

'कोस मैंडरिड भी जेल में नहीं है'—जेम्स बाण्ड ने जान्सी और सैन्डर को बताया—'वह मैंडरिड से लगभग डेढ सौ मील दूर एब्रो नदी के तट पर स्थित लोग्रोना नामक नगर की जेल में है। लोग्रोना से लगभग दस मील दूर एक स्थान पर नदी के पाट को चौड़ा करने का काम चल रहा है। यह काम सरकार स्पेन सरकार लम्बी सजा पाये कैदियों से करवा रही है। हर सुबह स्वास्थ सन्तरियों के संरक्षण में कैदी जेल से निकाल कर उस स्थान पर ले जाये जाते हैं जहां घना जंगल है और जहां नदी का पाट चौड़ा करने का काम चल रहा है। शाम को अन्धेरा होने से पहले कैदी वापिस लोग्रोनो जेल में वापिस पहुंचा दिये जाते हैं। उन कैदियों में कोस भी होता है।

'हूं'—जान्सी विचारपूर्ण स्वर से बोला।

कहने का मतलब यह है कि हमें दिन दहाड़े सशस्त्र संतरियों के संरक्षण में से कोस को निकालना होगा।'

'क्या यह सम्भव होगा ?'

'अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। मैं आज मोनतोया के साथ लोग्रोनो जा रहा हूं। माहौल देखकर ही अप्परेशन की कोई रूप तैयारी की जा सकेगी।'

'बेहतर!'

'लेकिन एक बात निश्चित है। भीतरी मदद के बिना हम कोस पर हाथ डालने में कामयाब नहीं हो सकेंगे। लोग्रोनो जाने के पीछे मेरा मुख्य ध्येय कैदियों पर तैनात किसी संतरी को अपनी ओर मिलाना भी है। लन्दन में तो मुझे रैडीमेड सम्पर्क मिल गया था लेकिन यहां हमें ऐसा इन्तजाम नये सिरे से करना पड़ेगा।

'ऐसा सम्भव हो सकेगा!'

'क्यों नहीं हो सकेगा। दुनिया में एक शक्ति ऐसी है जो हर रुकावट दूर कर सकती है।'

'दौलत ?'

'जी हां मुझे पूरी उम्मीद है, दौलत के लालच में कोई न कोई हमारी मदद करने को तैयार हो जायेगा।'

'लैट्स होप फार दि बैस्ट।'

'श्योर।'

एक सप्ताह बाद।

जान्सी, सैन्डर और जेम्स बांड रेल द्वारा लोग्रोनो पहुंचे।

वहां हर्टज रैन्टल एजेन्सी की सहायता से एक नई लैंड रेबरकार कार का पहले ही इन्तजाम किया जा चुका था। कार द्वारा वे लोग ऐग्रो नदी के किनारे एक सुनसान स्थान पर पहुंचे। जान्सी कार के साथ वहीं रह गया। जेम्स बांड और सैन्डर एक किश्ती पर सवार होकर नदी में आगे बढ़े। उस किश्ती का इन्तजाम जेम्स बांड अपने पहले चक्कर में करके गया था। किश्ती द्वारा वे लोग उस स्थान पर पहुंचने वाले थे जहां कि कैदी नदी का पाट चैक करने के लिये काम कर रहे थे। वैसे नदी में मोटर बोट भी चलती थी और मोटर बोट का इन्तजाम भी किया जा सकता था लेकिन जेम्स बांड को भय था कि मोटर बोट के इंजन की आवाज संतरियों द्वारा सुन ली जायेगी और वे लोग चौकन्ने हो जायेंगे।

सारा दिन जेम्स बांड और सैन्डर बारी बारी चप्पू चलाते रहे और किश्ती आगे बढ़ती रही। किश्ती इतनी नाजुक थी कि हर क्षण लगता था कि कहीं वह नदी में मौजूद किसी मगरमच्छ की ठोकर से उलट न जाये।

'शाम तक उनके कानों में कहीं दूर से आती हुई किसी मशीन के चलने की आवाज पड़ने लगी।

'यह बुलडोजर की आवाज है।' जेम्स बांड बोला जहां से यह आवाज आ रही है, वहीं कोस है।'

'सैन्डर चुप रहा।

घने जंगल के बीच में से गुजरती नदी में किश्ती आगे बढ़ती रही।

अन्धेरा होने से पहले जेम्स बांड ने किश्ती का रुख किनारे की ओर मोड़ दिया।

उसने किश्ती को किनारे के साथ साथ लगाकर रोका। दोनों किश्ती से निकल कर जमीन पर आ गये। जेम्स बांड ने

किश्ती को एक पेड़ के साथ बांध दिया। सैन्डर ने वह बड़ा सा सूटकेस सम्भाल लिया जो वे लोग अपने साथ लाये थे।

वे जंगल में आगे बढ़े।

'सम्भल कर चलना।' जेम्स बांड बोला—'जमीन पर दलदल फैली हुई है। जरा असावधानी हुई तो मुंह के बल गिरोगे।

'जूता उतर जाता है।' सैन्डर बोला।

सावधानी से वे लोग जंगल में आगे बढ़ते गये।

अन्त में दलदल भरी जमीन खत्म हुई और अपने उनके पांव खुश्क जमीन पर पड़े।

थोड़ी दूर और चलने के बाद उन्हें पेड़ों के झुरमुट से घिरा हुआ एक लड़की का केबिन दिखाई दिया।

'पहुंच गये'—जेम्स बांड शान्ति की सांस लेता हुआ बोला—'इस केबिन में खाने से लेकर मच्छरदानियों तक हर जरूरत की चीज मौजूद होगी।'

सैन्डर ने प्रश्नसूचक नेत्रों से जेम्स बांड की ओर देखा।

'पचास हजार स्पैनिश पेसेटा के लालच में जिस सन्तरी ने हमारी मदद करना स्वीकार किया है, यह सारा सामान हमारे लिये मुहैया करना उसी का काम है।'

'आह!'

वे दोनों केबिन में प्रविष्ट हुए।

केबिन में उनकी अपेक्षानुसार एक लालटेन सहित हर जरूरी चीज मौजूद थी।

जेम्स बांड ने लालटेन जलाई।

'यहां कोई आता जाता नहीं?' सैन्डर ने पूछा।

'कोई नहीं आता। हमारे सम्पर्क ने मुझे इस बात का पूरा विश्वास दिलाया है।'

'हम उस सम्पर्क पर पूरा भरोसा कर सकते हैं ?'

'भरोसा करना पड़ेगा, सैन्डर। इसके सिवाय और कोई चारा नहीं। अपनी जानकारी में मैंने ऐसा ही आदमी चुना है जिस पर भरोसा किया जा सके।'

'कोस को मालूम है कि उसको भगाने की कोशिश की जा रही है ?'

'नहीं।'

'उसको मालूम होता तो क्या अच्छा न होता ?'

'अच्छा तो होता लेकिन उसमें दो अड़चने थी। एक तो यह कि अगर कोस तक यह बात पहुंचाई जाती तो वह सन्देह और उत्सुकता वश से यहीं सवाल करता और फिर बात फैल जाने का अन्देशा हो जाता। दूसरे लुई सैंग्रेरा-यह उस सन्तरी का नाम है जो हमारी मदद कर रहा है—कोस से इस सन्दर्भ में कोई बात करने के लिये तैयार नहीं और उसके सिवाय किसी और माध्यम से यह बात कोस तक पहुंचाई नहीं जा सकती। लुई सैंग्रेरा कहता है कि अगर उसने कोस को बताया कि उसको भगाने का प्रयत्न किया जाने वाला है, तो कोस को इस बात में अपने खिलाफ किसी षड़यन्त्र की बुआई और उसने सारी बात अधिकारियों को कह दी फिर उसका क्या होगा।

सैन्डर चुप रहा।

'यह तो हमारा सौभाग्य है कि हाल ही में कैदियों पर तैनात सन्तरियों की गिनती कम कर दी गई। कुछ दिन पहले तक कैदियों पर पन्द्रह सशस्त्र सन्तरी तैनात थे जबकि अब बुई सैंग्रेरा को मिलाकर केवल पांच सन्तरी मौजूद हैं। हां, सन्तरियों को कुत्ते जरूर दे दिये गये हैं जिनकी मुझे चिन्ता है कि वे हम मौके पर कोई समस्या न खड़ी कर दें।'

'कैदियों और सन्तरियों के अतिरिक्त वहां और आदमी भी

तो होंगे।'—सैन्डर बोला।

'केवल चार। तीन बुलडोजर चलाने वाले और एक ओवर-सियर।'

वार्तालाप बन्द हो गया। दोनों ने डिब्बे बन्द भोजन का डिनर किया और फिर लुई सैंग्रेरा की प्रतीक्षा करने लगे।

ठीक नौ बजे लुई सैंग्रेरा वहां पहुंचा। वह उस समय भी पुलिस की वर्दी में था और उसकी कमर में लगे होल्स्टर में रिवाल्वर दिखाई दे रही थी। उसने पहले जेम्स बांड को और फिर सैन्डर को देखा। सैन्डर के विशाल शरीर को देखकर वह सकपका गया। उसने तुरन्त सैन्डर की ओर से पीठ फेर ली और जेम्स बांड की ओर आकर्षित हुआ।

'सब ठीक ठाक हैं?' जेम्स बांड ने पूछा।

'हां'—सैंग्रेरा बोला—'लेकिन तुमने मुझे यह नहीं बताया कि तुम कोस को भगाना क्यों चाहते हो?'

'इससे तुम्हें कोई मतलब नहीं—' जेम्स बांड कठोर स्वर में बोला—'तुम अपने माल से मतलब रखो।'

'ओ. के., ओ. के.।' मैंने यूं ही पूछ लिया।

'ठीक है। मैंने एक्शन के लिये कल दोपहर ठीक बारह बजे का वक्त निर्धारित किया है। हम तीन आदमी हैं और तीनों ने अपना अपना काम पूरी सावधानी से करना है। मैं बाकी सन्तरियों को सम्हाल लूंगा, सैन्डर बुलडोजर पर धुंयें के बम फेंकेगा। जिससे सबका ध्यान उस ओर लग जायेगा और उस आपाधापी और गड़बड़ी के आलम में तुम कोस को पकड़ कर हमारे पास ले आओगे। हम तुरन्त भाग निकलने के स्थान पर वापिस इसी केबिन में आ जायेंगे। तुम्हारा काम यह भी होगा कि तुम किसी सन्तरी को इस केबिन की दिशा में न आने दो। रास्ता साफ हो जाने के बाद हम जिस रास्ते आये थे, उसी

रास्ते से कोस को लेकर यहां से कूच कर जायेंगे। ओ. के. ?'

'मैं तुम्हें कहां ढूंढूगा।'

'गुड क्वेश्चन। जहां बुलडोजर चल रहा है, उससे लगभग अस्सी गज दूर, एक बहुत बड़ा बड़ का पेड़ है। धुंआ फैलते ही तुमने कोस को उस पेड़ के पास ले जाना है। मैं तुम्हें वहीं मिलूंगा वहां से तुम हमारे साथ यहां तक आओगे। आधी रकम मैं तुम्हें अभी दे देता हूं। बाकी की आधी रकम काम पूरा हो जाने के बाद इसी स्थान पर तुम्हें सौंप दी जायेगी। ओ० के० ?'

'ओ० के०।'

जेम्स बांड के संकेत पर सैन्डर ने सूटकेस खोला और लुई सैग्रेरा को हजार—हजार पेसेटा के पच्चीस नोट सौंप दिये।

सैग्रेरा ने नोट अपनी यूनीफार्म की भीतरी जेब में रख लिये और वहां से बिदा हो गया।

'मुझे यह आदमी पसन्द नहीं आया'—उसके जाते ही सैन्डर बोला—'यह तो सूरत से ही बेईमान, मक्कार और बेईमान लगता है।'

'तुम ठीक कहते हो—' जेम्स बांड चुप रहा— 'लेकिन फिलहाल उस पर भरोसा करने के अलावा हमारे पास कोई चारा नहीं। सैन्डर, उम्मीद करो कि बाकी के पच्चीस हजार पैसों का लालच उसे इमानदार बनाये रखेगा।'

सैन्डर फिर नहीं बोला।

दोनों सोने की तैयारी करने लगे।

जेम्स बांड बड़ के पेड़ पर चढ़ा हुआ था। वह पत्तों से अच्छी तरह ढंकी एक डाल पर बैठा हुआ था। उसके हाथ में एक लम्बी मार करने वाली साइलेन्सर और टेलिस्कोपिक साइट से लैस रायफल थी।

उससे पच्चीस तीस फुट आगे झाड़ियों में छुपा सैन्डर बैठा था। उसके कन्धे पर एक झोला लटका हुआ था जिसमें ध्रुवें के बम थे। उसकी पतलून की बैल्ट में एक भारी रिवाल्वर खुंसी हुई थी।

झाड़ियों से आगे खुला मैदान था। जहां बुलडोजर चल रहा था और कैदी बुलडोजर द्वारा उखाड़ी हुई मिट्टी को तसलों में भर-भर कर समीप खड़े ट्रक में ले जाकर डाल रहे थे।

जेम्स बांड ने गले में लटकी दुरबीन को आंखों पर लगाया और सामने देखने लगा। उसने देखा दो सन्तरी रायफलें संभाले बुलडोजर के पास टहल रहे थे।

नदी के किनारे से काफी परे एक केबिन बना हुआ था जो शायद ओवर सियर का दफ्तर था। उसके दरवाजे पर एक और सशस्त्र सन्तरी खड़ा था। चौथा सन्तरी कैदियों को ढोने वाली लारी की छत पर बैठा हुआ था और सरसरी तौर पर काम में लगे कैदियों पर निगाह रखे हुये था। उसकी गोद में एक मशीन गन पड़ी थी। मशीनगन देखकर जेम्स बांड सकपकाया। लुई सैंग्रे रा ने उसे यह नहीं बताया था कि किसी सन्तरी के पास मशीनगन भी थी।

फिर जेम्स बांड को कैदियों के एक झुंड के पास खड़ा लुई सैंग्रे रा दिखाई दिया।

जेम्स बांड कोस को नहीं पहचानता था इसलिये उसे यह न मालूम हो पाया कि सामने काम में लगे पचास कैदियों में कोस कौन सा था।

जेम्स बांड रह रह कर अपनी कलाई पर बन्धी घड़ी देख रहा था।

ठीक बारह बजे उसने धीरे से सीटी बजाई।

झाड़ियों में छुपे सैन्डर ने सिर उठाकर जेम्स बांड की दिशा में देखा और सहमति सूचक ढंग से सिर हिला दिया।

जेम्स बांड ने आंखों से दुरबीन हटा ली और रायफल संभाल ली। वह रायफ़ल की टैलिस्कोपिक साइट को मशीनगन वाले सन्तरी पर फोकस करने लगा। सबसे ज्यादा खतरा उसे उसी सन्तरी से लगने लगा था।

उसी क्षण सैन्डर ने पूरी शक्ति से एक बम हवा में उछाल दिया। बम सीधा बुलडोजर से जाकर टकराया। सैन्डर का फासले का अनुमान एकदम सही सिद्ध हुआ था। मगर बम बुलडोज़र से न टकराता तो या तो नदी में गिरता और या दल-दल भरी जमीन पर और दोनों ही जगह बम फट न पाते।

बम के फटने की आवाज बुलडोजर के गर्जन में गुम हो गई लेकिन बम फटते ही घना सफेद धुंआं तुरन्त चारों ओर फैलने लगा।

उसी क्षण जेम्स बांड ने गोली चलाई।

मशीनगन वाला सन्तरी निशब्द मशीनगन पर उलट गया।

सैन्डर ने दूसरा बम फैंका।

फिर तीसरा।

फिर चौथा ।

सैन्डर का हाथ मशीन की तरह चल रहा था ।

वातावरण में धुंआं ही धुंआं फैल गया ।

तुरन्त मैदान मे खलबली आपाधापी और चीख पुकार मच गई । रायफल वाले सन्तरी जोर जोर से चिल्लाने लगे ।

जेम्स बांड ने रायफल कन्धे पर लटकाई और तेजी से पेड़ पर से नीचे उतरने लगा ।

फिर खतरे का सायरन बज उठा ।

बास्टर्ड ! सैग्रेरा के लिये जेम्स बांड के मुंह से गाली निकल गई । उसने सायरन का भी जिक्र नहीं किया ।

जेम्स बांड जमीन पर कूद गया ।

सैन्डर वहां पहले ही पहुंच चुका था ।

उसके सामने धुंयें की चादर तनी हुई थी जिसके परे कतई कुछ नहीं दिखाई दे रहा था ।

फिर गोलियां चलने की आवाज आने लगी ।

शायद हर कैदी भाग निकलने के लिये प्रयत्नशील था ।

जेम्स बांड चिन्तित हो उठा । पता नहीं उस माहौल में सैग्रेरा वह बड़ का पेड़ ढूंढ़ पायेगा या नहीं जहां कि वह और सैन्डर उस समय खड़े थे ।

सायरन पूर्ववत चीख रहा था ।

उसी क्षण जेम्स बांड के कानों में दौड़ते कदमों की आवाज पड़ी । उसने सैन्डर को इशारा किया । दोनों पेड़ के तनों के पीछे छुप गये । सैन्डर ने रिवाल्वर हाथ में ले ली ।

कुछ क्षण बाद उनके सामने सैग्रेरा प्रकट हुआ । वह मजबूती से एक कैदी बांह थामे हुए था ।

जेम्स बांड ने प्रश्न सूचक नेत्रों से सैन्डर की ओर देखा । सैन्डर ने सहमति सूचक ढग से सिर हिलाया ।

वह कैदी कोस था।

दोनों पेड़ की ओट से बाहर निकल पड़े।

तुरन्त कौस की निगाह पहाड़ जैसे सैन्डर पर पड़ी।

कोस के चेहरे पर आतंक के भाव उभरे। उसने एक झटके से सैग्रेरा की पकड़ से अपनी बांह छुड़ाई और उल्टे पांव वापिस भागा।

लेकिन सैन्डर को शायद उससे ऐसे ही एक्शन की उम्मीद थी। वह बिजली की फुर्ती से कोस की ओर लपका और उसने कोस को मुर्गी की तरह दबोच लिया।

कोस उसकी पकड़ में छटपटाने लगा। फिर जब उसने यह देखा कि वह सैन्डर की मजबूत पकड़ से छूट नहीं सकता तो वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा।

सैन्डर का वजनी हाथ बड़े नपे तुले ढंग से कोस की गरदन पर पड़ा।

कोस के हाथ पांव ढीले पड़ गये। और वह सैन्डर की पकड़ में झूल गया।

सैन्डर ने उसे एक बेजान वस्तु की तरह कन्धे पर लाद लिया।

उनकी दिशा में दौड़ते कदमों की आवाज फिर उनके कानों में पड़ी। शायद कोस के चिल्लाने की आवाज किसी सन्तरी ने सुन ली थी।

'भागो' जेम्स बांड दबे स्वर से बोला।

सैग्रेरा सहित वापिस भागे।

कन्धे पर कोस का अचेत शरीर लादे होने के बावजूद भी सैन्डर सबसे आगे था।

बुरी तरह हांफते हुए वह कैबिन में पहुंचे।

सैन्डर ने अचेत कोस को जमीन पर डाल दिया।

'सैन्डर' जेम्स बांड हांफता हुआ बोला–'सैग्रेरा के बाकी पैसे देकर इसे चलता करो।'

सैन्डर ने सहमति सूचक ढंग से सिर हिलाया। उसने सूटकेस खोला और हजार-हजार के नोटों का मोटा पुलन्दा निकाला। वह उसमें से पच्चीस हजार गिनने लगा।

'वह सारे नोट मुझे दो—' सैग्रेरा धीरे से बोला।

सैन्डर ने सिर उठाया।

सैग्रेरा की रिवाल्वर उसके होल्स्टर से निकल कर उसके हाथ में पहुंच गई थी और अब वह जेम्स बांड और सैन्डर दोनों को कवर किये हुए था।

'पागल हो गये हो क्या ?'–जेम्स बांड तीव्र स्वर से बोला।

'खबरदार–' सैग्रेरा कर्कश स्वर से बोला—'अगर कोई शरारत करने की कोशिश की तो अभी दोनों को शूट कर दूंगा।'

सैण्डर ने जेम्स बांड की ओर देखा।

'हथियार गिरा दो––'सैग्रेरा ने आदेश दिया।

जेम्स बांड ने कन्धे पर लटकी रायफल जमीन पर गिर जाने दी। सैन्डर ने पतलून की बैल्ट से रिवाल्वर खींच कर फर्श पर फैंक दी।

'नोटों की गड्डी मेरी ओर फेंको–' वह बोला।

सैन्डर ने तुरन्त आदेश का पालन किया।

'अब मरने के लिये तैयार हो जाओ–'वह सन्तुष्ट स्वर से बोला। उसके होठों पर एक कमीनी मुस्कुराहट थी–'न सिर्फ माल मेरे हाथ आ गया है बल्कि तुम दोनों को मारकर कोस

को भागने से रोकने के लिये शायद मुझे कोई इनाम भी मिल जाये। शायद मेरी तरक्की हो जाये।'

जेम्स बांड सैंग्रेरा की आंखों में झांक रहा था। उसने अपने दांयें पांव के जूते की नोंक को एक नपे तुले कोस पर उठाया।

'खुदा को याद कर लो, दोस्तो—' सैंग्रेरा बोला। उसकी उंगलियां ट्रेगर पर कसने लगी।

जेम्स बांड ने एक विशिष्ठ ढंग से अपने दांये पांव के जूते की एड़ी को जोर से केबिन के पक्के फर्श पर दबाया।

सैंग्रेरा के मुंह से एक चीख निकली और रिवाल्वर उसके हाथ से निकल गई। उसके दोनों हाथ उसकी गरदन से लिपट गये जहां एक बेहद पतले फल वाला चाकू गले में चुभा हुआ था।

'हरामजादा' जेम्स बांड नफरत भरे स्वर से बोला—'इसकी ऐसी किसी धोखाधड़ी के लिये मैं पहले ही तैयार होकर आया था।'

सैंग्रेरा धड़ाम से फर्श पर गिरा। कुछ क्षण वह तड़फता रहा और फिर उसका शरीर निश्चेष्ट हो गया।

जेम्स बांड ने समीप जाकर पांव की ठोकर से उसे टटोला। उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई।

'खत्म—' जेम्स बांड बोला।

सैण्डर ने नोटों की गड्डी उठाकर अपनी जेब में रख ली और रिवाल्वर उठाकर पूर्ववत पतलून की बैल्ट में खोंस ली।

जेम्स बांड ने भी रायफल उठाकर कन्धे पर टांग ली।

उसी क्षण कहीं दूर से कुत्तों के भोंकने की आवाज आई।

'सैण्डर—' जेम्स बांड तीव्र स्वर में बोला—'लगता है कुत्तों को हमारी गन्ध मिल गई है। हमें फौरन यहां से निकल भागना चाहिये।'

सैण्डर ने फौरन कोस को अपने कन्धे पर लाद लिया और बाहर की ओर लपका।

जेम्स बाण्ड ने एक हाथ सूटकेस की ओर बढ़ाया और फिर वापिस खींच लिया। अब सूटकेस बेकार का बोझ था। उसमें मतलब का कुछ नहीं था। वह भी बाहर भागा।

केबिन से निकलकर वे सीधे उधर भागे जिधर वे किश्ती छोड़कर आये थे।

कुत्तों के भोंकने की आवाज समीप होती जा रही थी।

'कुत्तों का कोई इन्तजाम करना होगा—' जेम्स बांड हांफता हुआ बोला—'अभी सन्तरियों को यह मालूम नहीं होगा कि हम नदी के रास्ते यहां तक पहुंचे हैं। कुत्तों की वजह से वे यह जाने बिना नहीं रहेंगे कि हम किश्ती से यहां से भागे हैं। फिर वे मोटरबोट लेकर हमारे पीछे आ जायेंगे।'

'मोटरबोट!' सैण्डर बोला।

'हां।' सर्च के लिये यहां मोटरबोट जरूर होगी।

'फिर रुक जाते हैं। कुत्तों को समीप आने दो।'

दोनों झाड़ियों में छिप गये।

जेम्स बाण्ड ने रायफल कन्धे से उतारकर हाथ में ले ली।

सैण्डर ने कोस को दलदल भरी जमीन पर लिटा दिया और रिवाल्वर निकाल ली।

कुछ क्षण बाद पगडण्डी पर एक सन्तरी दिखाई दिया। उसके एक हाथ में रिवाल्वर थी और दूसरे में एक विशाल अलसेशियन कुत्ते की जंजीर थी।

जेम्स बाण्ड ने कुत्ते को रायफल का निशाना बनाया। तभी सन्तरी की नजर उन लोगों पर पड़ी। उसने तुरन्त

फायर किया लेकिन सैण्डर पूरी तरह सावधान था। उसकी गोली पहले ही सन्तरी की खोपड़ी से जा टकराई। सन्तरी की रिवाल्वर से निकली गोली उनके सिरों के ऊपर से निकल गई।

रायफल की गोली कुत्ते को लगी।

जेम्स बाण्ड ने राइफल कन्धे पर टांगी और बोला - 'मैं किश्ती निकालता हूं। तुम कोस को लेकर भागो।'

जेम्सबाण्ड किनारे की ओर भागा।

किनारे पर जेम्सबाण्ड ने बेड़ के साथ बंधी किश्ती खोली और उसे पानी में थोड़ा आगे धकेल दिया।

सैन्डर कोस को सम्भाले पानी में उतर गया। उसने कोस को किश्ती में डाल दिया।

दोनों किश्ती में सवार हो गये। सैण्डर ने तुरन्त चप्पू चलाना प्रारम्भ कर दिया।

'मोटरबोट—' जेम्स बांड बोला—'सत्यानाश।'

नदी में मोटरबोट उनकी ओर बढ़ रही थी। या तो उन्हें खबर हो गई थी कि वे किश्ती से भागे थे और या फिर वे सावधानी व सही नदी में उन्हें तलाश करने आ रहे थे।

'किश्ती किनारे की ओर मोड़ो'—जेम्सबांड तीव्र स्वर में बोला।

उसके कहने से पहले ही सैण्डर ने किश्ती किनारे की ओर मोड़नी आरम्भ कर दी थी।

'कोस आतंकित सा उन दोनों के बीच बैठा हुआ था। किश्ती किनारे लगी।

'कूदो—' जेम्स बांड कोस से बोला।

कोस किनारे पर कूदा लेकिन वहां रुकने के स्थान पर तुरन्त घने जंगल में भीतर की ओर भागा।

'कोस !'—जेम्स बांड चिल्लाया—'रुक जाओ वर्ना गोली मार दूंगा ।

कोस ने जैसे सुना ही नहीं ।

जेम्स बाण्ड किश्ती से कूदकर उसके पीछे भागा ! रायफल कन्धे पर लटकी होने की वजह से वह ठीक से भाग नहीं पा रहा था लेकिन कोस का उनके हाथों से निकल जाना सारे किये धरे पर पानी फेर सकता था । उसने रायफल कन्धे से उतार फेंकी और पूरी शक्ति से कोस के पीछे भागा ।

किनारे से बहुत दूर जाकर उसने कोस को दबोचा ।

'छोड़ दो, मुझे छोड़ दो—' कोस उसकी पकड़ में छटपटाने लगा ।

'मूर्ख मत बनो, कोस—' जेम्स बाड बोला—'हम तुम्हारे मददगार हैं, दुश्मन नहीं ।'

'कोस बहुत देर से बेहोश हैं—' एकाएक जेम्सबांड बोला—'कहीं मर तो नहीं गया ?'

'सौ फीसदी जिन्दा है—' सैण्डर पूरे इतमिनान से बोला—'मैं इसे मरने नहीं दूंगा । मगर यह मर गया तो बहुत बुरा होगा ।'

उसी क्षण कोस के मुंह से हाय हल्की सी कराहट निकली और वह उठकर बैठ गया ।

'सी'—सैण्डर बोला ।

कोस ने आंखें मिचमिचायीं, सिर को एक जोर का झटका दिया और फिर नम्र आंखों से अपने सामने देखा ।

सबसे पहले उसकी निगाह सैन्डर पर पड़ी ।

'सैण्डर !' उसके मुंह से निकला ।

'शुक्र है' सैण्डर विषैले स्वर से बोला—'अपने पुराने दोस्त को पहचाना तो तुमने ।'

'तुम मुझे कहां ले जा रहे हो ?'–कोस फुसफुसाया ।

'वहीं जहां तुम आजादी की सांस ले सको । तुम्हें हमारा शुक्र गुजार होना चाहिये हमने तुम्हें बीस साल की लम्बी कैद से छुटकारा दिलाया है ।'

'क–क्यों ?'

'धीरे-धीरे सब मालूम हो जायेगा ।

'सैन्डर'-जेम्सबांड बोला 'मतलब की बात इससे अभी पूछो । देर करने का क्या फायदा । बाद में कोई पहले जैसी अप्रत्याशित गड़बड न हो जाये ।'

'ओके ।'

तभी उनके कानों में एक नई आवाज पड़ी ।

दोनों के कान उसी ओर लग गये ।

'मुझे तुम्हारी मदद नहीं चाहिये । मैं जान्सी का सामना नहीं कर सकता । मैं जेल में ही ठीक हूं ।'

'तुम्हें जान्सी के पास नहीं ले जाया जा रहा है । तुम स्पेन में हो, हंगरी में नहीं ।'

'मैं सब जानता हूं । सैन्डर ...'

'वापिस चलो वर्ना जान से मार डालूंगा ।'

'हां, मुझे मार डालो । मुझे मार डालो । मुझे मार डालो ।'

वह विक्षिप्तों की तरह जोर-जोर से झिंझोड़ा–'मुसोलिनी का खजाना कहां छुपाया हुआ है तुमने ?'

'मुझे मार डालो । मुझे मार डालो–' वह पूर्ववत् चिल्लाता रहा ।

जेम्स बांड ने असहाय भाव से गरदन हिलाई और फिर कैरेट चाप का एक नपा तुला हाथ उसकी गरदन पर रसीद किया । कोस ने जमीन चाटने से पहले ही उसने उसे अपनी बांहों

में संभाल लिया। उसने उसे अपने कन्धे पर लादा और वापिस लौटा।

रास्ते में उसने अपनी रायफल भी उठा ली।

वह झाड़ियों में छुपे सैन्डर के पास पहुंचा।

'मोटर बोट आगे बढ़ गई है--' सैण्डर दबे स्वर से बोला--'लेकिन घूमकर वापिस आयेगी। उन्हें किश्ती दिखाई दे गई मालूम होती है। वह आ रही है।'

जेम्स बांड को नदी में मोटर बोट दिखाई दी। डैक पर एक मशीनगन धारी सन्तरी खड़ा था। वह बड़ी गौर से उसी दिशा में देख रहा था जिधर वे छुपे हुये थे।

'झाड़ियां काफी घनी हैं--जेम्स बांड फुसफुसाया—वे हमें देख नहीं पायेंगे।'

मोटर बोट किश्ती के समीप आकर रुक गई। फिर मोटर बोट की सर्च लाईट जल उठी और घनी झाड़ियों पर पड़ने लगी।

'सत्यानाश!' जेम्स बांड बोला। सर्च लाईट का तीव्र प्रकाश घनी झाड़ियों को भी भेद रहा था। उनका देख लिया जाना अनिवार्य था।

जेम्स बांड ने रायफल सीधी कर ली।

'सैण्डर' जेम्स बांड बोला--'सर्च लाइट तोड़नी है और मशीन वाले सिपाही का काम तमाम करना है।'

सैन्डर ने सहमति सूचक ढंग से सिर हिलाया।

सर्च लाइट का प्रकाश घूमता हुआ उनके सिरों के ऊपर से गुजर गया।

लगभग फौरन ही सर्च लाइट वापिस घूमी और इस बार उसका प्रकाश अपेक्षाकृत नीचे होकर गुजर रहा था।

उसी क्षण कोस कराहा और उसने करवट बदली। उसके

शरीर की हरकत से झाड़ियां हिलीं।

तत्काल मशीनगन का रेट-रेट से वातावरण गूंज गया।

जेम्स बाड और सैन्डर एकदम जमीन के साथ लगकर लेट गये। सैन्डर की मजबूत बांह ने कोस को दबोच लिया। कोस जिसे बहुत जल्दी होश आ गया था उसकी पकड़ में छटपटाने लगा।

मशीन गन की गोलियां थूं थूं करती उनके सिरों के ऊपर से गुजरती चली गई।

जेम्स बांड आंखें फाड़-फाड़ कर पानी में स्थित खड़ी मोटर बोट को देख रहा था। वह यह जानने का प्रयत्न कर रहा था कि मोटर बोट में कितने आदमी थे लेकिन अन्धकार में कुछ मालूम नहीं हो रहा था।

उसी क्षण गोलियां चलनी बन्द हो गई।

सर्च लाइट का दायरा उनके सिरों के थोड़ा ऊपर आकर स्थर हो गया।

'इसको हिलने मत देना—' जेम्स बांड धीरे से बोला—'वे लोग झाड़ियों में किसी हरकत की ही प्रतीक्षा कर रहे हैं।'

सैन्डर के मुंह से कोई आवाज नहीं निकली।

ट्रक पर मौजूद मशीनगन वाले की बगल में दो हाथ दिखाई दिये। वे दोनों सन्तरी थे और रायफलों से लैस थे। तीनों आंखें फाड़-फाड़ कर उसी दिशा में देख रहे थे।

'लगता है मोटर बोट पर इतने ही आदमी हैं'... जेम्स बांड फुसफुसाया—'बड़ी हद तक और आदमी इंजन रूम में होगा।'

'हूं'—सैन्डर के गले से छरछराहट जैसी आवाज निकली।

तभी दोनों सन्तरी मोटर बोट छोड़ कर पानी में उतर आये और फिर रायफलें अपने सामने ताने आगे बढ़े।

सैन्डर और जेम्स बांड की निगाहें मिली ।

'यहां से न सर्चलाइट को और न मशीन गन वाले को निशाना बनाया जा सकता है । मैं साइड में सरकता हूं । तुम इन दोनों रायफल वालों को सम्भालना ।

'अच्छा ।' सैन्डर बोला ।

जेम्स बांड छाती के बल दायीं ओर सरकने लगा । उसके ऊपर पत्तियां हिलने लगी और उसके शरीर की सूखी पत्तियों के रगड़ से हल्की सी सरसराहट पैदा होने लगी ।

आगे बढ़ते सन्तरी ठिठक गये । वे कान लगाकर हल्की से हल्की आवाज सुनने को कोशिश कर रहे थे ।

उसी क्षण तक सन्तरी का हाथ घूमा, कोई भारी सी चीज हवा में उछली और जेम्सबांड के समीप एक पेड़ के तने से आकर टकराई ।

जेम्सबांड ने अपना सिर जमीन के साथ सटा लिया और कानों पर हाथ रख लिये ।

शक्तिशाली हथगोले के विस्फोट की आवाज से सख्त जंगल गूंज गया ।

जेम्सबांड बाल बाल बचा ।

तभी कोस गला फाड़कर चिल्लाया ।

मशीनगन तुरन्त गोलियों की बौछार करने लगी ।

खेल खतम हुआ जा रहा था ।

जेम्स बांड गोलियों की परवाह किये बिना उठकर खड़ा हो गया । उसने रायफल कन्धे से उतारकर सीधी की और गोली चला दी ।

ट्रक पर मौजूद मशीनगन वाला चिल्लाया और फिर डैन पर उलट गया ।

मशीनगन चलनी बन्द हो गई ।

तभी सैन्डर की दिशा से भी फायरिंग शुरू हो गई।

जेम्स बांड ने दोनों रायफल धारी सन्तरियों को जमीन पर गिरते देखा।

डैक पर लगी टार्च लाईट अभी भी जल रही थी।

जेम्स बांड ने अपनी रायफल कन्धे पर लादी और रिवाल्वर हाथ में लिये किनारे की ओर भागा।

तभी मोटर बोट वाले का इंजन स्टार्ट होने की आवाज आई।

जेम्स बांड बेहिचक नदी के पानी में कूद गया।

मोटर बोट अपने स्थान से हिली और फिर आगे बढ़ी। लेकिन उसके रफ्तार पकड़ पाने से पहले ही उसकी रेलिंग जेम्स बांड के हाथ में आ गई। जेम्स बांड ने एक कला बाजी खाई और मोटर बोट के भीतर आकर गिरा। उसने रायफल डैक पर फैंक दी और रिवाल्वर हाथ में लिये इन्जन रूम की ओर बढ़ा।

मोटर बोट तब तक रफ्तार पकड़ चुकी थी और तेजी से नदी में उधर बढ़ रही थी जिधर से कि वह आई थी।

जेम्स बांड दबे पांव इन्जन रूम में पहुंचा।

एक वर्दी धारी सन्तरी स्टियरिंग के आगे बैठा मोटर बोट ड्राइव कर रहा था।

'मोटर बोट वापिस घुमाओ—' जेम्स बांड बोला।

ड्राइवर ने चिहुंक कर अपने पीछे देखा और एक रिवाल्वर अपनी ओर तनी पाई। उसके होंठ सूख गये और चेहरे का रंग उड़ गया।

'मोटर बोट वापिस घुमाओ वर्ना शूट कर दूंगा—' जेम्स बाण्ड कठोर स्वर से बोला और उसकी उंगली ट्रेगर पर कस गई।

ड्राइवर ने तुरन्त आज्ञा का पालन किया। पहले रफ्तार कम हुई और फिर मोटर बोट वापस घूमी।

'इसे वापस वहीं ले जाकर खड़ी करो जहां यह अभी थोड़ी देर पहले खड़ी थी।'

ड्राइवर ने सहमति सूचक ढंग से सिर हिलाया।

मोटर बोट पहले वाली जगह पर आ खड़ी हुई।

'उठो' जेम्स बांड ने आदेश दिया।

ड्राइवर कांपता हुआ अपने स्थान से उठ खड़ा हुआ।

जेम्स बांड उसे अपनी रिवाल्वर से कवर किये हुये डैक पर ले आया।

डैक पर सर्च लाइट अभी भी जल रही थी।

उसने किनारे की ओर निगाह डाली।

सैंडर और कोस उसे कहीं दिखाई नहीं दिये।

'सैन्डर'—जेम्स बांड ने जोर से आवाज लगाई।

'हैमर।' प्रत्युत्तर में कहीं झाड़ियों के पीछे से सैन्डर की आवाज आई।

'बाहर निकल आओ। मोटर बोट मेरे कब्जे में है।'

झाड़ियों के बीच सैन्डर का विशाल शरीर दिखाई दिया। वह मोटर बोट की ओर बढ़ा।

अकेला···।

जेम्स बांड का गला सूखने लगा। हे भगवान। कोस कहां गया? कहीं वह आपा-धापी में भाग तो नहीं निकला।

सैंडर किनारे पर पहुंचा।

जेम्स बाण्ड ने उसके मोटर बोट पर सवार होने तक भी प्रतीक्षा नहीं की। वह उतावले स्वर से बोला—'कोस कहां है?'

'मर गया'—सैन्डर का भावहीन स्वर उसके कानों में

पड़ा।

'म···मर गया!' जेम्स बांड हक्का बक्का सा उसका मुंह देखने लगा।

सैन्डर मोटर बोट पर चढ़ आया।

'चलो' वह बोला।

'ले···लेकिन।'

'यहां से चलो। रास्ते में सब बताता हूं।

'लेकिन।'

'तुम मोटर बोट चालू करो। मैं इस सन्तरी को सम्भालता हूं।'

जेम्स बांड भारी कदमों से इन्जन में घुस गया।

सैण्डर प्रतीक्षा करने लगा।

'ज्यों ही मोटर बोट स्टार्ट होकर आगे बढ़ी, सैण्डर ने डैक पर खड़े सन्तरी को नदी में धकेल दिया। फिर उसने सर्च लाइट आफ की और वापिस इन्जन रूम में आ गया।

'कैसे मर गया?' उसे देखते ही जेम्स बान्ड के मुंह से निकला।

जिस समय वह चिल्लाया'—सैण्डर बोला—'उस समय वह मेरी पकड़ से छूट गया था और मशीन गन की कई गोलियां उसके शरीर को भेदती हुई गुजर गई थीं।

'यानि की खेल खत्म—' जेम्स बाण्ड निराश स्वर में बोला।

'नहीं।' सैन्डर बोला—'वह कुछ बताकर ही मरा है लेकिन अब यह नहीं कहा जा सकता कि जो कुछ उसने बताया है वह झूठ है या सच।'

'क्या बताया है उसने···?' जेम्स बाण्ड आशा पूर्ण स्वर से बोला।

'उसके कथनानुसार उसे नहीं मालूम कि खजाना कहां छिपा हुआ है लेकिन उसकी और हैमर की गिरफ्तारी के पहले खजाना बाराबास और वाल्कोज के अधिकार में था।

'बाराबास और वाल्कोज ?' उनके वे दो साथी जिनका पता आप लोग जान नहीं पाये थे।'

'हां ! कोस के कथनानुसार उसकी गिरफ्तारी के समय वे फ्रांस में थे।'

'फ्रांस में ? फ्रांस में कहां।

'पेरिस में ! रयूसेन्ट सीमोन की पच्चीस नम्बर इमारत में।

'यह बाराबास और वाल्कोज का पता है।'

'कोस कहता है कि वह आखरी बार उन दोनों से वहां मिला था।'

'यह उन दोनों का स्थाई पता है ?'

'ऐसा तो कुछ नहीं कहा उसने।'

'और मुसोलिनी का खजाना उन दोनों ने उसी इमारत में छिपाया हुआ है।'

'यह भी उसने नहीं कहा।'

'तो फिर कहा क्या है उसने ?'

'मरने से पहले उसने सिर्फ मुझे बाराबास और वाल्कोज का पेरिस का पता बताया था और कहा था कि दोनों जानते हैं कि खजाना कहां है।'

'अब तक क्या वे लोग उस पते पर मौजूद होंगे ?'

'उस पते पर क्या उनकी तो फ्रांस में भी मौजूदगी की कोई गारन्टी नहीं। क्या पता वे मुसोलिनी का खजाना ठिकाने लगा कर दुनिया के किस कोने में जा बैठे हों।'

'फिर।'

'फिलहाल तो पेरिस जाकर यह पता टटोलने के अलावा कोई चारा नहीं।'

'जेम्स बांड चुप रहा। उसके होंठ भिच गये और आंखों में चिन्ता की छाया तैर गई। अजीब आपरेशन था। कोई काम सीधा नहीं हो रहा था।

सैन्डर की भावहीन निगाहें सामने फैली नदी पर टिकी हुई थी।

जेम्स बांड ने असहाय भाव से कन्धे झटकाये, एक गहरी सांस ली फिर उसने अपना सारा ध्यान सैग्रोनों की ओर मोटर बोट ड्राइव करने में लगा दिया।

जान्सी किराये की लैण्डरोवर के साथ निर्धारित स्थान पर मौजूद था।

जेम्स बाण्ड जान्सी के साथ पिछली सीट पर बैठ गया। सैन्डर तुरन्त कार को लोग्रोनो की ओर ड्राइव करने लगा।

जेम्स बांड ने जान्सी को सारी दास्तान सुनाई।

'मिस्टर बांड—' सारी बात सुन चुकने के बाद जान्सी केवल इतना ही बोला—'कभी-कभी खुद अपने बन्दों का बड़ा सख्त इम्तहान लेता है।

जेम्स बांड चुप रहा।

'मैं जितनी आपको कम से कम तकलीफ देना चाहता हूं, उतनी ही आपकी मदद की जरूरत हमारे लिये अहम होती जा रही है।'

'मुझे शर्मिन्दा न कीजिये।' जेम्स बांड जल्दी से बोला—

'मेरी जान हाजिर है।'

'बहुत मेहरबान हैं आप।

'अब क्या इरादा है ?'

'पेरिस पहुंचा जाये ?'

'राइट।'

'उसी क्षण कार जोर से उछली और फिर सम्भल गई। जेम्स बांड और जान्सी दोनों अपने स्थान से उछल गये।

'सैन्डर—' जान्सी बोला।

'सारी, सर—' सैण्डर खेदपूर्ण स्वर से बोला—'मेरा पूरा ध्यान गाड़ी चलाने की ओर नहीं था। आगे पत्थर आ गया था।'

'नैवर माइन्ड।'

गाड़ी फिर मन्द गति से आगे बढ़ने लगी।

'यह आपके हाथ में क्या है मिस्टर बांड।' जान्सी तनिक उत्कृष्ट स्वर में बोला।

जेम्स बांड का चेहरा एकाएक बेहद गम्भीर हो उठा था। उसके हाथ में लगभग आधा इन्च व्यास की एक काली सी डिबिया थी, जिसे वह पलट-पलट कर देख रहा था। उसने वह काली डिबिया अपनी हथेली पर रखकर हथेली जान्सी की ओर बढ़ा दी।

'यह कार को झटका लगने के समय कार की डोम लाइट में गिरी है।' जेम्स बांड ने बताया।

जान्सी का सिर अपने आप डोम लाइट की ओर उठ गया। डोम लाइट का शीशा टूटा हुआ था और उसमें बल्ब नहीं था।

'लेकिन यह है क्या ?'

'जान्सी !' जेम्स बाण्ड गम्भीर स्वर से बोला—'मैं इस

करामाती डिबिया को पहचानता हूं। यह एक बेहद शक्तिशाली ट्रान्सिस्ट्राइज्ड वायरलैस ट्रान्समीटर है। इसकी सहायता से इस कार में बोला गया एक-एक शब्द पांच मील के दायरे में कहीं भी टेप करके सुना जा सकता है।'

'ओह नो।' जान्सी उद्विग्न स्वर से बोला।

'इस डिबिया में चुम्बकीय शक्ति है। यह बड़े आराम से किसी भी मैटल की चीज पर चिपक सकती है। देखिये।'

और जेम्स बांड ने डिबिया को कार की डोम लाइट में लगा कर छोड़ दिया। डिबिया वहीं चिपकी रह गई।

'क्या हमारा वर्तमान वार्तालाप भी सुना जा रहा होगा।

'नहीं। मैंने डिबिया में लगा छोटा सा ट्रान्समिशन स्वीच आफ कर दिया है।'

'इस डिबिया की यहां मौजूदगी का मतलब ?'

'मतलब साफ है। किसी को हमारी हर गतिविधि में दिल चस्पी है।'

'यानि कि कोई और भी मुसोलिनी के खजाने की ताक में है ?'

'न सिर्फ ताक में है बल्कि वह यह भी जानता है कि आप उसे मुसोलिनी के खजाने तक पहुंचा सकते हैं।'

'उसने बाराबास और वाल्कोज के बारे में अभी जो कुछ कहा गया है, सब सुना होगा ?'

'जरूर सुना होगा।

'वह कौन हो सकता है ?'

'इस बात का तो आप बेहतर जवाब दे सकते हैं।'

जान्सी सोच में पड़ गया।

'यह ट्रांसमीटर तो संयोग वश हमारी जानकारी में आ गया है सम्भव है। पहले लन्दन में भी इसी प्रकार हमारा वार्तालाप

सुनने की कोशिश की जाती रही हो।

'हैरानी है। इतनी लापरवाही हमसे कैसे हो गई ? हमें ऐसी किसी सम्भावना का ख्याल क्यों नहीं आया ? सैण्डर, तुम क्या कहते हो ? हमारे पीछे कौन लगा हो सकता है।

'जो हमारे पीछे लगा हो सकता है।' सैण्डर बोला–'उसका हमारे पीछे लगा होना सम्भव नहीं मालूम होता।'

'तुम्हारा इशारा हंगेरियन सीक्रेट पुलिस की ओर है ?

'जी हां।'

'नामुमकिन। अगर उन्हें जान्सी की खबर होती–' जान्सी बोला—'तो वे लोग पहले जान्सी को शूट करते और फिर कोई दूसरा काम करते। मेजर जनरल अलैक्सिस इल्यूरियन हंगरी की साम्यवादी सरकार का पहले नम्बर का दुश्मन हैं। उसे मौत के घाट उतारने का दुर्लभ मौका वे कभी नहीं चूक सकते।

'शायद।' सैण्डर दबे स्वर से बोला–'विदेशी धरती पर किसी का कत्ल करना उन्हें इतना आसान लगा हो।'

'शायद' जान्सी ने स्वीकार किया।

कुछ क्षण शान्ति रही।

'मिस्टर बांड।' जान्सी ने चुप्पी तोड़ी—'शायद हम खामखाह इस ट्रांसमीटर का सम्बन्ध अपने से जोड़ने की कोशिश कर रहे हों। यह कार किराये की है। क्या पता यह ट्रांसमीटर उस शख्स को चैक करने के लिये यहां लगाया गया हो जिसने इसे पहले किराये पर लिया था। और फिर हटाया न गया हो और यह केवल संयोग ही हो कि वही गाड़ी हमारे हाथ लगी हो जिसमें कि ट्रांसमीटर था।'

'हो सकता है।' जेम्सबांड ने स्वीकार किया लेकिन उसके स्वर में विश्वास का सर्वदा अभाव था।

'लेकिन अगर यह ट्रांसमीटर हमारे ही किसी दुश्मन ने

हमारी खातिर लगाया है और वह भी मुसोलिनी के खजाने के ही पीछे पड़ा हुआ है तो समय वह जल्दी से जल्दी पेरिस पहुंचने की फिराक में होगा। मैं ठीक कह रहा हूं न मिस्टर बांड।'

'आप बिल्कुल ठीक कह रहे हैं। इस लिहाज से हमें भी फौरन पेरिस पहुंचना चाहिये।'

'करेक्ट, सैन्डर रफ्तार बढ़ा दो।'

लेकिन वार्तालाप सैन्डर भी सुन रहा था। उसने पहले ही रफ्तार बढ़ा दी थी।

लौग्रोनो में हवाई अड्डा नहीं था इसलिये रेल या बस से सफर करना अनिवार्य था लेकिन समय बचाने के लिये उन्होंने जो समझदारी का काम किया वह यह था कि रेल द्वारा मेडरिड जाने के स्थान पर वे मेडरिड से विपरीत दिशा में लेकिन अपेक्षाकृत एकदम समीप स्थित बिलबाओ पहुंचे। वहां हवाई अड्डा था। बिलबाओ से उन्हें सीधे पेरिस जाकर उतारने वाले एक प्लेन में स्थान मिल गया।

रात के लगभग नौ बजे वे पेरिस के ओरली एयरपोर्ट पर उतरे।

एक भी क्षण नष्ट किये बिना वे एक टैक्सी पर रयूसेन्ट सीमोन की ओर रवाना हो गये।

रयूसेन्ट सीमोन में पच्चीस नम्बर इमारत तलाश करने में उन्हें कोई दिक्कत नहीं हुई। वह एक पुरानी सी पांच मन्जिली इमारत थी। पूछताछ पर मालूम हुआ कि उसकी चौथी मन्जिल के पांच नम्बर फ्लैट में वे विदेशी रहते थे जिनके बारे

में पूछा जा रहा था।

इमारत में लिफ्ट नहीं थी। सैण्डर और जेम्स बांड सीढ़ियों द्वारा चौथी मन्जिल पर पहुंचे। जान्सी इमारत की लाबी में ही रह गया।

४१२ नम्बर फ्लैट का दरवाजा बन्द था।

जेम्सबांड ने अपनी रिवाल्वर शोल्डर होल्स्टर में ढीली कर ली और कालबैल का बटन दबाया।

भीतर कहीं घन्टी बजने की आवाज आई।

जेम्सबांड कुछ क्षण प्रतीक्षा करता रहा फिर उसने दोबारा कालबैल का पुश दबा दिया।

उत्तर नदारद।

तीसरी बार उसने बड़ी देर तक घण्टी का बटन दबाये रखा।

उसी क्षण बगल के फ्लैट का दरवाजा खुला और चौखट पर एक अधेड़ उम्र का आदमी प्रकट हुआ।

'फ्लैट में कोई नहीं है।' वह फ्रेंच में बोला।

'कहां गये हैं ये लोग ?' जेम्सबांड ने फ्रेंच में ही पूछा।

'मालूम नहीं। यह एक महीने से बन्द है।'

'अच्छा।' जेम्स बांड निराश स्वर से बोला—'कहीं ये लोग फ्लैट छोड़ तो नहीं गये ?'

'नहीं। मैंने उन्हें सामान ले जाते नहीं देखा।'

'आपको यह नहीं मालूम कि ये लोग कहां गये।'

'नहीं।'

'कुछ अन्दाज हो कि कब तक वापिस आयेंगे ?'

'नहीं।'

'वैसे यहां बाराबास और वाल्कोज नाम के हंगेरियन ही

तो रहते है न ?'

'नाम कुछ ऐसे ही हैं। उनकी राष्ट्रीयता मुझे नही मालूम, कम से कम वे फ्रेंच या ब्रिटिश नही हैं।'

'आपकी राय में यह जानने का कोई तरीका कि वे कहां गये हैं और कब तक लौटेंगे ?'

'शायद इस इमारत के केयर टेकर को कुछ मालूम हो।'

'वह कहा होगा ?'

'ग्राउन्ड फ्लोर पर। इमारत के पिछवाड़े में उसका दफ्तर है।'

'थैंक्यू। थैंक यू वैरी मच।'

वह आदमी वापिस अपने फ्लैट में घुस गया।

दोनों ग्राउन्ड फ्लोर पर पहुंचे।

लाबी में मौजूद जान्सी ने प्रश्न सूचक नेत्रों से उनकी ओर देखा।

'वे दोनों एक महीने से फ्लैट में नही हैं।' जेम्सबांड ने बताया —'केयर टेकर से कुछ जानकारी हासिल होने की उम्मीद है।'

तीनों पिछवाड़े में पहुंचे।

पिछवाड़े में एक दरवाजे पर केयर टेकर की तख्ती लगी हुई थी।

जेम्सबांड दरवाजा ठेलकर भीतर घुस गया।

भीतर एक मैला कुचैला नौजवान बैठा था। उसके मुंह में एक पतला सा बदबूदार धुंआ देने वाला सिगार लगा हुआ था और एक मेज पर पांव फैलाये कोई नंगी औरतों की रंगीन तस्वीरों वाली पत्रिका देख रहा था। दरवाजा खुलते ही उसने पत्रिका बन्द करके मेज की दराज में डाल दी लेकिन मुंह से सिगार या मेज से पांव हटाने की तकलीफ नहीं की। उसने प्रश्न

सूचक नेत्रों से जेम्सबांड की ओर देखा।

'पार्ले वू आंगले ?' जेम्स बांड ने पूछा।

'उई।' वह युवक बोला।

'तुम केयर टेकर हो।' जेम्सबांड ने वार्तालाप अंग्रेजी में आरम्भ किया ताकि उसे बाहर खड़े जान्सी और सैण्डर भी समझ सकें।

'उई।'

हम ४१२ नम्बर फ्लैट वालों से मिलने आये थे।'

'कमाल है।' केयर टेकर बोला — 'क्या कमाल है।'

'क्या कमाल है ?'

'नहीं आया तो कभी कोई नहीं आया। आई तो एक घण्टे में उन विदेशियों को पूछने दो, दो पार्टियां आ गई।'

'कोई और भी आया था ?'

'हां। मुश्किल से एक घण्टा पहले एक आदमी आया था। वह कहता था मैं पास वाले हंगेरियों का रिश्तेदार हूं। उनके वतन से आया हूं।'

'तुम्हारे पास क्यों आया था वह आदमी ?'

'तुम मेरे पास क्यों आये हो ?'

'उसका पता जानने के लिये।'

'बिल्कुल वह भी इसी लिये आया था।'

'तुम्हें उनका वर्तमान पता मालूम है ?'

केयर टेकर निगाहें चुराने लगा।

'इधर मेरी ओर देखो---।' जेम्स बांड कठोर स्वर में बोला।

'मुझे धमकाओ नहीं।' केयर टेकर बोला—'उसकी आवाज में धृष्टता का पुट था।

जेम्स बांड ने बड़े निर्णयात्मक ढंग से उसकी ओर कदम

बढ़ाया ।

केयर टेकर ने मेज से पांव हटा लिये और उठकर खड़ा हो गया। वह जेम्सबांड से ज्यादा भयभीत नहीं मालूम होता था। उसने सिगार का एक लम्बा कश लगाया और धुंआ अपने और जेम्सबांड के बीच में उगल दिया।

'होल्ड इट।' जान्सी का धीर गम्भीर स्वर उस छोटे से कमरे में गूंज गया।

जेम्सबांड ठिठक गया।

पहले सैण्डर ने कमरे में कदम रखा।

सैण्डर के पहाड़ जैसे विशाल शरीर पर निगाह पड़ते ही केयर टेकर सकपका गया। उसने सिगार मुंह से निकालकर हाथ में ले लिया और होठों पर जबान फेरी।

सैण्डर जेम्सबांड की बगल में आकर बैठ गया।

फिर जान्सी ने कमरे में कदम रखा।

जान्सी पर निगाह पड़ते ही केयर टेकर का चेहरा यूं पीला पड़ गया जैसे उसने भूत देख लिया हो। वह हड़बड़ा कर एकदम पीछे हट गया।

जान्सी मेज के समीप पहुंचा और वहां पड़ी एक कुर्सी पर बैठ गया। उसकी निगाहें केयर टेकर की निगाहों से मिलीं। जान्सी की निगाहों में पता नहीं क्या कशिश थी कि केयर टेकर चाहकर भी जान्सी के चेहरे से अपनी निगाहें न हटा पाया।

'सिट डाउन सन।' जान्सी मीठे स्वर से बोला।

केयर टेकर मग्न मुग्ध सा अपनी कुर्सी पर बैठ गया।

'यह आदमी जो हमसे पहले बाराबास और वाल्कोज के बारे में पूछने आया था।' जान्सी धीमे किन्तु स्पष्ट स्वर से बोला—'क्या नाम था उसका ?'

'नाम नहीं बताया था उसने।' केयर टेकर बोला। उसकी

निगाहें जान्सी के चेहरे से हटीं तो उसके मेज पर फैले हाथों पर आकर टिक गईं ।

'आई सी । उसका हुलिया बता सकते हो !'

'वह · वह एक भूरे रंग का सूट और उसी रंग का ओवर कोट और हैट पहने हुए था । वह लाल टाई लगाये हुये था और उसके दांये गाल पर चोट का निशान था । उसकी आंखें अंगारों की तरह दहकती हुई मालूम होती थीं ।'

'भवें सकरी थीं और ठोड़ी में गड्ढा था ।'

'जी हां जी हां ।'

जान्सी और सैण्डर की निगाहें मिलीं ।

सैन्डर की आंखों में एक हल्की सी चमक आई और गायब हो गई ।

जेम्स वाण्ड ने कुछ कहने के लिये मुंह खोला और फिर होंठ भींच लिये ।

'तुमने ।' जान्सी फिर केयर टेकर से सम्बोधित हुआ—'उस आदमी को बाराबास और वाल्कोज का मौजूदा पता बताया था ।'

केयर टेकर हिचकिचाया ।

'तुम्हें उन लोगों का मौजूदा पता मालूम है ?'

केयर टेकर ने सहमति सूचक ढ़ंग से सिर हिलाया ।

'कहां हैं वे ?'

'उन्होंने मुझे वह पता किसी को भी बताने के लिये मना किया था । उन्होंने मुझे वह पता केवल इसलिये दिया था कि मैं अगर उनकी कोई डाक आये तो उस पते पर भेज सकूं ।'

'फिर भी तुमने उस भूरे ओवर कोट वाले को उनका पता बता दिया ।'

'मैंने यह कब कहा ?'

'तुमने नहीं कहा, बेटे। लेकिन तुमने उसे उनका पता बताया है। है न ?'

केयर टेकर यूं सहमति सूचक ढंग से सिर हिलाया जैसे उस पर हिप्नोटिज्म का असर हो। साथ ही वह हकलाता हुआ बोला—'वह·· वह कहता था कि·· कि वह उनका रिश्तेदार है।'

'हम भी उनके रिश्तेदार हैं। फिर हमें पता बताने से एतराज क्यों ?'

केयर टेकर ने थूक निगली। सिगार पीना वह कब का भूल चुका था।

'उस भूरे कोट वाले ने कितनी टीप दी थी तुम्हें ?' जान्सी ने मीठे स्वर से पूछा—'दस फ्रांक। पचास फ्रांक। सौ फ्रांक। दो सौ··।'

'प···पचास···पचास फ्रांक।'

'हमें बाराबास और वाल्कोज के ज्यादा नजदीकी रिश्तेदार है। हम तुम्हें सौ फ्रांक देंगे।'

सेण्डर ने जेब में से एक सौ फ्रांक का नोट निकाला और आगे बढ़ा कर उसे जबरदस्ती केयर टेकर की जैकेट की ऊपरी जेब में ठूंस दिया।

जान्सी की प्रश्न सूचक निगाहें केयर टेकर के चेहरे पर टिकी रहीं।

'वे·· वे।' केयर टेकर बोला—'वे स्विटजरलैंड में हैं ?'

'गुड।' जान्सी बोला—'स्विटजरलैंड में कहां ?'

'जनेवा में।'

'गुड। पता ?'

'रयू दु मौन्त ब्लांक।'

'गुड।' जान्सी सन्तुष्टिपूर्ण स्वर से बोला—'गुड···।'

'भूरे कोट वाले को भी तुमने यही पता बताया था न?' सैंडर ने पूछा।

केयर टेकर ने सहमति सूचक ढंग से सिर हिला दिया।

'थैंक्यू।' जान्सी अपने स्थान से उठता हुआ बोला—'थैंक्यू वैरी मच, सन।'

केयर टेकर जबरन अपने होठों पर मुस्कराहट लाया।

'मर्सी।' जेम्स बाण्ड फ्रैंच में बोला—'मर्सी बियां।'

केयर टेकर चुप रहा।

तीनों केयर टेकर के कमरे से बाहर निकल आये।

'जनेवा।' बाहर आकर जान्सी बोला—'लगता है इस खजाने की तलाश हमें सारे योरोप के धक्के खिलवायेगी।'

'वह भूरे कोट वाला कौन था?' जेम्स बांड ने उत्सुक स्वर से पूछा—'लगता है आप और सैण्डर दोनों ही उसके हुलिये के जिक्र से पहचान गये थे।'

'मिस्टर बांड।' जान्सी गहरी सांस लेकर बोला—'अब इस बात में सन्देह की कोई गुंजाइश नहीं रह गई है कि हंगेरियन सीक्रेट पुलिस को खजाने की भनक लग चुकी है और वही लोग हमारे पीछे पड़े हुए हैं। जो आदमी हमसे पहले केयर टेकर के पास आया था, उसका नाम मेजर फ्रिग्येस है। कर्नल जोजेफ टीचस की मौत के बाद से वह हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के चीफ फरामिन्ट का सबसे अधिक विश्वास पात्र व्यक्ति बना हुआ है।'

'ओह।'

'तुम्हें फौरन यहां से रवाना होना चाहिये और जल्दी से जल्दी जनेवा पहुंचना चाहिये। अगर हम देर से पहुंचे तो हमारी स्थिति घोड़ा चोरी हो जाने के बाद अस्तबल की रखवाली करने जैसी हो जायेगी।'

'एयरपोर्ट चलते है। वहां पहुंचकर ही जनेवा जाने का कोई

इन्तजाम करेंगे।'

'अगर इस समय कोई फ्लैट उपलब्ध न हुई।'

'तो हम किसी चार्टर्ड फ्लाइट का इन्तजाम करेंगे। जनेवा एकदम फ्रांस और स्विटजर लैंड के बार्डर पर है। अगर क्रास कन्ट्री फ्लाइट का इन्तजाम नहीं होगा तो कम से कम कोई चार्टर्ड फ्लेक हमें फ्रांस के जनेवा वाले कोने तक ले जाने के लिये तैयार हो ही जायेगा।'

'गुड।'

'आप बाहर जाकर जरा टैक्सी रोकिये मैं अभी आया।'

जेम्स बांड तुरन्त सीढ़ियों की ओर लपका। दो-दो सीढ़ियां फांदता हुआ वह चौथी मंजिल पर पहुंचा।

गलियारा खाली था।

जेम्सबाण्ड ४१ नम्बर फ्लैट के सामने पहुंचा। उसने अपने जेब से एक की निकाली। उसका निजी तर्जबा था कि वह चाबी साधारणतया बाजार में उपलब्ध तीन चौथाई तालों को खोल देती थी। उसने वह चाबी ताले में लगाकर घुमाई।

उस बार भी जेम्स बांड को निराशा का मुंह नहीं देखना पड़ा। चाबी जरा सहूलियत से ताले में घुस गई। जेम्सबांड ने दरवाजे को धक्का दिया। वह फ्लैट में प्रविष्ट हुआ। उसने अपने पीछे दरवाजा बन्द कर लिया। उसने टटोल कर बिजली का स्विच तलाश किया और उसे आन कर दिया।

फ्लैट में प्रकाश फैल गया।

फ्लैट का बुरा हाल था। हर चीज दुर्दशा की ऐसी स्थिति में थी जैसे वहां से जंगली हाथियों का झुंड गुजर गया हो। किसी ने बड़ी बेरहमी से और बड़ी लापरवाही से उस फ्लैट की तलाशी ली थी।

जेम्स बाण्ड ने बत्ती बुझाई और फ्लैट से बाहर निकल

गया। उसने दरवाजा बन्द करके उसमें ताला लगा दिया। वह सीढियां उतर कर नीचे पहुंचा।

बाहर सड़क पर एक टैक्सी खड़ी थी जिसमें जान्सी और सैन्डर पहले से ही बैठे थे। जेम्स बाण्ड के उसमें सवार होते ही टैक्सी आगे बढ़ गई।

'मैं जरा ४१२ नम्बर के फ्लैट को झांकने गया था'—जेम्स बाण्ड ने बताया—'दुश्मनों ने फ्लैट के खूब बखिये उधेड़े हैं लेकिन तलाशी के आलम से साफ जाहिर था कि उनके हाथ कुछ नहीं लगा था।'

'हाथ क्या लग सकता था?' जान्सी बोली—'चार टन सोना फ्लैट के किसी कोने खुदरे, तकिये के नीचे या आलमारी में छुपाने वाली चीज थोड़ी हैं।'

'आप ठीक कह रहे हैं लेकिन फिर भी तलाशी के उस आलम ने यह तो सिद्ध कर दिया है कि वे खजाने हासिल करने की खातिर कुछ भी कर गुजरने के लिये आमादा हैं।'

'करैक्ट।' और हमारी रफ्तार बड़ी सुस्त है। 'मुझे डर है कि इस दौड़ में हम उनसे हार न जायें।'

'ऐसी नौबत नहीं आयेगी।'

'होपफुल थिंकिंग'—जान्सी धीरे से बोला—'गुड फार वन्स मोरेल।'

टैक्सी ओगली एयरपोर्ट पर पहुंची।

पूछताछ पर मालूम हुआ कि उस समय कोई प्लेन जनेवा जाने वाला नहीं था लेकिन सौभाग्यवश एक चार्टर्ड फ्लाइट का तुरन्त इन्तजाम हो गया। एक स्विस प्लेन उस समय ज्यूरिच के लिये रवाना होने वाला था। जेम्स बांड ने पायलेट से बातचीत की तो वह एक मोटी रकम के लालच में उन्हें जनेवा ले जाने को तैयार हो गया।

ठीक सवा ग्यारह बजे वे उस कुल पन्द्रह सीटों वाले स्विस प्लेन पर ओराली एयरपोर्ट के टेक माफ करा गये।

ठीक सवा बारह बजे प्लेन जनेवा के कोयनत्रिन एयरपोर्ट पर आ उतरा।

साढ़े बारह बजे वे कस्टम वगैरह से निपट कर टैक्सी पर सवार हुये और सीधे रयू दु मोन्त ब्लाक की ओर रवाना हो गये।

'जनेवा तो आप कई बार आये होंगे, मिस्टर बाण्ड ?'— जान्सी बोला।

'जी हां'—जेम्स बांड बोला—'कई बार।'

'दुनियां में इसके मुकाबले का शहर नहीं। दुनिया में स्विट्जर लैंड के मुकाबले की सरकार नहीं। दुनिया में जनेवा की झील से ज्यादा खूबसूरत झील नहीं। जनेवा जैसा प्राकृति सौन्दर्य स्वर्स लोगों जैसे ईमानदार और मिलनसार लोग सारे संसार में दुर्लभ है। यहां आपको अपनी कार को ताला लगाने की जरूरत नहीं। यहां आपकी जेब कटने जैसा सदमा नहीं होगा। यहां का दुकानदार आपको विदेशी समझकर ठगने की कोशिश नहीं करता भिखारी, गुन्डे या ठग और धोखे धड़ी ये धन्धे करने वाले लोगों के जनेवा में आपको दर्शन नहीं हो सकते।'

'शायद अपनी इन्हीं विशेषताओं की वजह से जनेवा वर्ल्ड हैल्थ आरगेनाइजेशन, रैडक्रास और युनाइटिड नेशन्स जैसे दर्जनों अन्तर्राष्ट्रीय सस्थाओं का हैडक्वार्टर है।'

'यह भी और इसलिये भी स्विट्जर लैण्ड से ज्यादा शान्ति प्रिय देश सारे संसार में दूसरा नहीं है। स्विस सरकार ने कभी किसी गुट के साथ अपने आपको नहीं जोड़ा। स्विटजरलैण्ड नाटो तक का सदस्य नहीं। युद्ध हो या शान्ति स्विस सरकार भी कभी किसी राष्ट्र विशेष का पक्ष नहीं लेती। अपनी ऐसी ही

विशेषताओं की वजह से विदेशी जितना स्वयं को यहां सुरक्षित पाता है सारे संसार में कहीं नहीं। संसार के कम से कम सौ अन्य राष्ट्रों के निष्कासित या मर्जी से निकले हुये नागरिक स्थायी रूप से स्विट्जरलैंड में बसे हुए हैं। जनेवा में अगर एक लाख आदमी स्थायी रूप से बसे हुये हैं तो उसमें से चालीस हजार विदेशी हैं। केवल जनेवा में ही एक साल में कम से कम बीस लाख लोग टूरिस्टों के रूप में जनेवा आते हैं।'

'ब्रिटिश और अमेरिका सिने कलाकारों का तो यह सबसे अधिक पसन्दीदा शहर है।'

'करैक्ट। जैसे चार्ली चैपालिन, इंगरिड बर्गमैन, रिचर्ड बर्टन, पीटर, उस्तीनोव, चुल ब्रेनर, विलियम होल्डन, मेल फेरर, आड्री हैपजर्न वगैरहा।'

'यहां का बैंकिंग सिस्टम भी तो सारे संसार में प्रसिद्ध है।'

'क्यों न हो? आपकी दौलत जितनी किसी स्विस बैंक में सुरक्षित है, उतनी संसार में कहीं नहीं। जनेवा, बेसाल और ज्यूरिच के बैंकों के बाल्टों में जितनी दौलत दफन पड़ी है उतनी शायद संसार में कहीं नहीं होगा। और यहां आपका माल केवल सुरक्षित ही नहीं है, यहां का बैंकिंग सिस्टम ऐसा है कि दुनिया का कोई आदमी सर पटक कर मर जाये वह यह नहीं जान सकता कि किसी स्विस बैंक में आपकी जितनी दौलत जमा है। यह तो दूर वह तो यह भी नहीं जान सकता कि आपका किसी स्विस बैंक में एकाउन्ट है। यहां एकाउन्ट नाम से नहीं नम्बर से खोला जाता है और वह नम्बर इतना गुप्त रखा जाता है कि वह नम्बर आपके और बैंक के केवल एक डायरेक्टर के अलावा दुनिया में किसी को नहीं मालूम हो सकता और बैंक के जिस डायरेक्टर का आपका नम्बर मालूम है वह आपका नम्बर अपने किसी सहयोगी डायरेक्टर तक को नहीं बतायेगा। अगर वह डायरेक्टर यह रहस्य

खोलता पकड़ा जाये कि कौन सा एकाउन्ट नम्बर किस आदमी का है तो उसे जेल की सजा हो सकती है।'

'जब तक और मुल्कों में इस बात का कोई नोटिस भी नहीं लेता।'

'राइट। यहां एकाउन्ट कैसे आपरेट होते हैं इसका एक उदाहरण देता हूं। मान लीजिये यहां मेरा एकाउन्ट है। आप मेरे बैंक को एक लाख पाउन्ड इस निर्देश के साथ भेजते हैं कि वे मैनेजर जनरल इलैक्ट्रिक इन्श्योरेन्स के एकाउन्ट में जमा कर दिये जायें। आपकी रकम इस जबान के साथ वापिस आ जायेगी कि यहां ऐसा कोई एकाउन्ट नहीं। लेकिन अगर आप एक लाख पाउन्ड एकाउन्ट नम्बर २५४५ में जमा कर देने के निर्देश के साथ भेजेंगे तो वे यह रकम सहर्ष स्वीकार कर लेंगे और आपको रसीद भेज देंगे।'

'मोटे शब्दों में कहा जाये तो दौलत को यहां इन्तहाई इज्जत की निगाह से देखा जाता है।'

'पूजा जाता है जनाब। इसीलिये यहां फ्रांक की धोखा धड़ी, गमन वगैरहा की बड़ी भयंकर सजायें हैं। आप रेल या ट्राम में रुपया बचाने की खातिर बिना टिकट सफर करते पकड़े जायें तो आपको जेल की सजा हो सकती है। छोटी से छोटी चोरी चकारी का केस पकड़ने के लिये भी यहां की सारी पुलिस फोर्स कार्यरत हो जाती है और तब तक चैन नहीं लेती जब तक कि चोर पकड़ा न जाये और उसे तगड़ी सजा न हो जाये।'

कैसी अजीब बात है कि ऐसे चरित्र वाले शहर में हम इकट्ठे आये तो ऐसे दो आदमियों की तलाश में जो करोड़ों पाउन्ड के मुसोलिनी के खजाने पर हाथ साफ किये बैठे हैं। अगर स्विस सरकार को बाराबास और वाल्कोज की हकीकत की खबर हो जाये तो वह उनकी वह गत बनायेगी कि उनके दुश्मन भी कांप

जाये ।'

'अगर स्विस सरकार को यह खबर लग गई तो फिर मुसोलिनी का खजाना हमारे लिये भी दास्तान की चीज ही बन जायेगा ।'

टैक्सी रयू दु मोन्त ब्लाक में प्रविष्ट हुई । वे मोड़ से थोड़ा आगे ही टैक्सी से उतर गये और फिर पैदल आगे बढ़े ।

नौ नम्बर इमारत एक खूबसूरत मंजिली इमारत थी जिसकी पांचवी मन्जिल पर एक रूमिंग हाऊस का बोर्ड लगा हुआ था । उसकी दाई बगल की इमारत की पहली मन्जिल पर एक नियोन साइन जल रहा । जिसका प्रकाश सारी गली में फैला हुआ था । उस नियोन साइन के अनुसार वह कोई नाइट क्लब थी ।

'आप यहीं ठहरिये ।' जेम्सबांड बोला—'मैं पूछताछ करके आता हूं ।'

जान्सी ने सहमतिसूचक ढंग से सिर हिला दिया । वह और सैन्डर सड़क के पार बिजली के खम्बे के समीप जा खड़े हुये ।

जेम्स बांड इमारत में दाखिल हुआ ।

लिफ्ट में मध्यम सा प्रकाश फैला हुआ था । लिफ्ट की बगल में एक बन्द दरवाजा था जिसकी पैनल पर एक कालबैल का बटन लगा हुआ था जिसके नीचे लिखा था—'रिंग फार जेनिटर ।

उसी क्षण लिफ्ट का दरवाजा खुला और उसमें से एक आदमी बाहर निकला ।

'एक्सक्यूज मी—' जेम्स बांड बोला ।

'एस तुत मीर जेयर लाइत' इक काहन निक्त इंगलिग स्प्रे-

केन'—वह जर्मन में बोला। (मुझे खेद है, मुझे अंग्रेजी नहीं आती।'

'ओह!—' जेम्स बांड तुरन्त जर्मन से बोला—'आप इसी इमारत में रहते हैं?'

'जाह'—वह सहमति सूचक ढंग से सिर हिलाता हुआ बोला।

आपको मालूम है बाराबास और वाल्कोज नाम के दो हंगेरियन इस इमारत में कहां रहते हैं?'

पांचवीं मन्जिल। रुम नम्बर ५०४'

'डांके शर्न (थैंक्यू)'—जेम्स बाण्ड बोला।

जर्मन शिष्ट ढंग से मुस्कराया और आगे बढ़ गया।

जेम्स बांड लिफ्ट द्वारा पांचवीं मन्जिल पर पहुंचा।

५०४ नम्बर कमरा बन्द था।

जेम्सबांड ने अपनी मास्टर की से ताला खोला और भीतर घुस गया।

कमरे की तलाशी से उसे कुछ हासिल नहीं हुआ। ऐसे कुछ सूत्र जरूर मिले जो यह सिद्ध करते थे कि बाराबास और बाल्कोज वहां रहते थे।

उसने कमरे को यथापूर्व ताला लगाया और लिफ्ट द्वारा नीचे आ गया।

उसने जेनिटर की घण्टी बजाई।

दरवाजा लगभग फौरन खुला। एक बूढ़ा आदमी चौखट पर प्रकट हुआ। वह सूरत से ही अनिद्रा का रोगी मालूम होता था।

'बाराबास और वाल्कोज को जानते हो?' जेम्स बांड ने जर्मन से सीधा सवाल किया।

वृद्ध ने एक निगाह अपनी कलाई पर बन्धी घड़ी पर डाली

और भवें सिकोड़ी।

'टाइम मालूम है मुझे।' जेम्सबाण्ड कर्कश स्वर से बोला।

'पांचवीं मंजिल। रूम नम्बर ५०४।' वृद्ध सकपकाकर बोला।

'पता भी मालूम है मुझे।'

'तो फिर क्या पूछना चाहते हो?'

'वे अपने कमरे में नहीं है। तुम्हें मालूम है कहां गये है वे?'

'मुझे नहीं मालूम। वाल्कोज तो आज सारा दिन कमरे में रहा था। बाराबास सुबह ही कहीं निकल गया था और फिर रात दस बजे के करीब आया था। उसके बाद दोनों कहीं चले गये थे। शायद कहीं तफरीह के लिये गये हों। आप दिन के वक्त आना। उनसे मुलाकात हो जायेगी।'

'लेकिन मेरा उनसे फौरन मिलना बहुत जरूरी है।'

'तो फिर इन्तजार करो। कभी तो लौटेंगे ही।'

'तफरीह के लिये कहां जाते हैं वे?'

'मुझे क्या मालूम! मुझे कभी साथ नहीं ले गये वे।'

'रात को ऐसे अक्सर जाते हैं!'

'जाते ही रात को हैं जब से आये हैं सारा दिन तो कहीं न कहीं गये ही रहते हैं वे। वे नहीं जाते तो अजीब-अजीब से लोग उनसे मिलने यहां आ जाते हैं। जब से आये हैं यही सिलसिला चल रहा है। एक आध बार मेरे कानों में उनका वार्तालाप पड़ा था। वे अंग्रेजी में बोल रहे थे और अंग्रेजी मुझे कम आती है। फिर भी ऐसा लग रहा था जैसे वे कोई सौदेबाजी कर रहे हों और सौदा तय न हो पाया हो।'

'आई सी।'

वृद्ध चुप रहा।

'ओ: के. ।' जेम्सबांड बोला—'गूत नाक्त' (गुड नाइट)

वृद्ध ने दरवाजा बन्द कर लिया ।

जेम्सबांड बाहर जान्सी और सैन्डर के पास पहुंचा ।

'वे इस वक्त इमारत में नहीं हैं ।' जेम्सबांड ने बताया—'लेकिन लौटकर जरूर आयेंगे । वे तफरीह के लिये रात को निकलते हैं और वापिस लेट ही आते हैं ।'

'इसका मतलब क्या मैं यह समझूं ।' जान्सी बोला—'कि वे अभी हंगेरियन सीक्रेट पुलिस की चपेट में नहीं आये हैं ?'

'ऐसा ही लगता है ।'

'हम इन्तजार करेंगे ।'

'इन्तजार में यहां तो पता नहीं कब तक खड़ा रहना पड़े । नाइट क्लब में चलते हैं । मैं और सैन्डर आधे-आधे घन्टे की शिफ्ट में बारी-बारी गली में खड़े हो जायेंगे ।'

'जैसा आप मुनासिब समझें ।'

'तीनों उस इमारत की बगल में ही स्थित नाइट क्लब में आ गये ।'

नाइट क्लब का विशाल हाल लोगों से भरा पड़ा था । शराब के दौर चल रहे थे और क्लब के छोटे से स्टेज पर संगीत की धुन पर पूर्ण नग्नता की ओर बढ़ता हुआ कैब्रे नृत्य चल रहा था । हैडवेटर को बीस स्विच फ्रांक रिश्वत देने के बाद कहीं उनके लिये एक टेबल का इन्तजाम हो पाया ।

सैन्डर तुरन्त वापिस बाहर चला गया ।

जेम्सबांड ने विन ब्लांक की एक बोतल और रैक्लेट फ्राई किया हुआ पनीर, का आर्डर दिया ।

डेढ़ बजे सैन्डर वापिस लौटा और जेम्सबांड बाहर गली में आ गया ।

बाहर वह एक लैम्प पोस्ट की ओट में खड़ा हो गया और

बगल की इमारत के मुख्य द्वार की ओर देखने लगा।

एकाएक उसे एक ख्याल आया।

एक बड़ी बचकानी गलती हो गई थी।

वह बाराबास और वाल्कोज की सूरतें तो पहचनाता ही नहीं था।

इस समस्या को लेकर वह वापिस नाइट क्लब में घुसने ही वाला था कि उसी क्षण बगल की इमारत के सामने एक टैक्सी आकर रुकी।

जेम्सबांड ठिठक गया।

टैक्सी में से दो आदमी बाहर निकले और इमारत में प्रविष्ट हो गये।

क्या वह बाराबास और वाल्कोज थे?

जेम्सबांड लम्बे डग भरता हुआ इमारत की ओर बढ़ा। जिस समय वह लाबी में पहुंचा उस समय लाबी खाली थी और लिफ्ट का इन्डीकेटर जाहिर कर रहा था कि लिफ्ट ऊपर जा रही थी। जेम्सबांड लिफ्ट के सामने ठिठककर खड़ा हो गया।

इन्डीकेटर पैनल पर पांच नम्बर की बत्ती जली और जलती हीं रही।

लिफ्ट पांचवी मन्जिल पर रुकी।

शायद वे बाराबास और वाल्कोज ही थे।

जेम्सबांड एक क्षण हिचक गया। वह सोचने लगा वह वापिस जाकर जान्सी और सैन्डर को बुलाकर लाये या पहले ५०४ नंबर कमरे में जाकर देखे कि ऊपर आने वाले दोनों आदमी बाराबास और वाल्कोज ही थे या कोई और।

पहले उसने ऊपर ही जाने का निश्चय किया।

उसने लिफ्ट का बटन दबाया।

थोड़ी देर बाद लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर पर आ गई।

वह लिफ्ट में सवार होकर पांचवी मन्जिल पर पहुंचा।

५०४ नम्बर कमरे का दरवाजा खुला था, बत्ती जल रही थी लेकिन भीतर कोई नहीं था।

उसी क्षण लिफ्ट का स्वचलित दरवाजा बन्द हुआ और लिफ्ट ऊपर की ओर जाने लगी।

जेम्सबांड उलझन में पड़ गया। अगर कमरे का दरवाजा खुला न होता और उसे बत्ती जली दिखाई न दे रही होती तो वह समझता कि टैक्सी पर आने वाले आदमी बाराबास और बाल्कोज नहीं थे लेकिन कमरे की वर्तमान स्थिति और अन्य परिस्थितियां साफ जाहिर कर रही थी कि आगन्तुक यहीं आये थे और अगर वे यहां आये थे तो वे अवश्य बाराबास और बाल्कोज थे।

तो फिर वे दरवाजा खुला छोड़कर गये कहां ?

उसने चारों ओर दृष्टि दौड़ाई।

आसपास दस बारह कमरे और थे लेकिन सबके दरवाजे बन्द थे।

केवल ५०५ नम्बर कमरे का दरवाजा थोड़ा-सा खुला था।

जेम्सबांड ५०५ के सामने पहुंचा। उसने दरवाजा थोड़ा-सा खोलकर भीतर झांका।

वह कमरा एकदम खाली था। लगता था उसमें काफी अरसे से कोई नहीं रह रहा था।

जेम्सबांड ने लिफ्ट की ओर निगाह डाली।

लिफ्ट उस समय नीचे जा रही थी।

लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर पर जाकर रुक गई।

उसी क्षण जेम्सबांड के कानों में एक विचित्र-सी आवाज पड़ी। उसे ऐसा लगा जैसे नीचे कोई जोर से चिल्लाया हो।

फिर एक फायर हुआ।

जेम्सबांड ने जल्दी से लिफ्ट का बटन दबाया लेकिन लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर से न हिली।

एक चीख की आवाज आई।

गलियारे में एक खिड़की थी। जेम्सबांड लपककर उस खिड़की के पास पहुंचा।

फर्श पर पड़ते हुए कई भारी कदमों की आवाज आई।

जेम्सबांड ने खिड़की से बाहर झांका।

नीचे इमारत के मुख्य द्वार के सामने एक विशाल कार खड़ी थी। जेम्सबांड के देखते ही देखते कई आदमी उस कार में घुस गये। नाइट क्लब के नियोन साइन के प्रकाश में जेम्सबांड को ऐसा लगा जैसे कार में घुसने वाले आदमियों में वे दो आदमी भी थे जिन्हें उसने थोड़ी देर पहले टैक्सी से उतरते देखा था। एक हैट और ओवरकोट धारी आदमी कार से परे फुटपाथ पर खड़ा था।

जेम्सबांड वापिस लिफ्ट की ओर लपका।

लिफ्ट ऊपर ही आ रही थी।

जेम्सबांड बगल की दीवार के साथ लगकर खड़ा हो गया और प्रतीक्षा करने लगा।

लिफ्ट उसी मन्जिल पर आकर रुकी। लिफ्ट का दरवाजा खुला लेकिन भीतर से कोई नहीं निकला।

एक दर्दनाक कराह की आवाज जेम्सबाण्ड के कानों में पड़ी।

जेम्सबाण्ड लिफ्ट के सामने आ गया।

लिफ्ट के फर्श पर बूढ़ा जेनिटर पड़ा था। उसकी छाती में से खून निकल रहा था और वह पीड़ा से तड़प रहा था। जेम्सबांड लिफ्ट में घुस गया। वह वृद्ध के ऊपर झुक गया।

'क्या हुआ ?' वह व्यग्र स्वर से बोला ।

'वे···वे···।' वृद्ध बड़ी मुश्किल से बोल पाया— 'कई थे ।' बाराबास और वाल्कोज को जबरदस्ती अपने साथ ले जा रहे थे। मैंने उन्हें टोका तो उन्होंने मुझे गोली मार दी ।'

'कौन थे वे ?'

'मालूम नहीं ।'

'तुम लिफ्ट में कैसे पहुंच गये ?'

'उन्हीं में से एक ने मुझे लिफ्ट में धकेल दिया और ऊपर का बटन दबा दिया ।'

उसी समय सायरन की आवाज से वातावरण गूंज उठा ।

'यह सायरन कैसा है ?' जेम्सबाण्ड ने पूछा ।

'पु···पुलिस ।'

चीख और गोली की आवाज शायद किसी के कानों में पड़ गई थी और उसने पुलिस को फोन कर दिया था ।

जेम्सबांड लपककर फिर खिड़की के पास पहुंचा ।

नीचे पुलिस की कई गाड़ियां जमा हो गई थी और पुलिस वाले बड़ी मुस्तैदी से इमारत को घेर रहे थे ।

जेम्सबांड फिर लिफ्ट के पास पहुंचा ।

'५०५ में कौन रहता है ?' जेम्सबाण्ड ने तीव्र स्वर से पूछा ।

'खाली है ।' वृद्ध क्षीण स्वर से बोला—'हैई, मुझे हस्पताल पहुंचा दो ।'

'पुलिस आ रही है। वह तुम्हें आसानी से हस्पताल पहुंचा देगी ।'

जेम्सबांड सीढ़ियों की ओर भागा । वह दो-दो सीढ़ियां फांदता हुआ उस इमारत की छत पर पहुंच गया । बगल की इमारत जिसमें नाइट क्लब थी उस इमारत से कम से कम एक मन्जिल नीची थी । जेम्सबांड मुण्डेर पकड़कर दूसरी ओर लटक गया और बेहिचक नीचे कूद गया । उसने पांव जमीन से टकराये

तो झटके से उसका सारा शरीर झनझना गया। वह जल्दी से उठ खड़ा हुआ।

सीढ़ियों के रास्ते वह नीचे पहुंचा और दोबारा नाइट क्लब से घुस गया।

जान्सी और सैण्डर ने उसे आता नहीं देखा क्योंकि उनकी निगाह नाइट क्लब सड़क को ओर खुलने वाले द्वार की ओर थीं और वह सीढ़ियों की ओर से आया था।

जेम्सबांड धम्म से एक कुर्सी पर बैठ गया।

स्टेज पर कैब्रे अपनी चर्म सीमा पर था लेकिन उनमें से किसी की भी दिलचस्पी बैंड की धुन पर अश्लील भाव भंगिमा दरशाती नग्न युवती में नहीं थी।

जान्सी ने प्रश्न सूचक नेत्रों से उसकी ओर देखा।

'चोट दो गई।' जेम्सबाण्ड धीरे से बोला—'हमने गलत समझा था कि हगेरियम सीक्रेट पुलिस के आदमी अभी वहां पहुंचे नहीं हैं। वे लोग ५०५ नम्बर कमरे में दारावास और वाल्कोज की ही प्रतीक्षा में पहले से मौजूद थे। उनके आते ही उन्होंने उन्हें दबोच लिया और आनन-फानन उन्हें वहां से ले गये।'

'कहां ?'

'खबर नहीं। मैंने उन्हें एक बड़ी-सी कार में सवार होते देखा था। पीछा करने का न माहौल था और न संभावना। उन लोगों ने जेनिटर को शूट कर दिया है और अब वहां पुलिस पहुंची हुई है। मैं भी छत कूदकर वहां से निकल पाया हूं।'

'ओह!' जान्सी के मुंह से निकला—'यानि कि अब तक की सारी भाग दौड़ का नतीजा बेकार निकला।'

'हम उन्हें तलाश कर लेंगे।' जेम्सबांड दृढ़ स्वर से बोला।

'काम इतना आसान न होगा।'

उसी क्षण एक नये आदमी ने नाइट क्लब में कदम रखा। वह एक भूरे रंग का ओवरकोट और फैल्ट हैट पहने हुए था।

'जान्सी।' जेम्सबांड व्यग्र स्वर में बोला—'इस आदमी को अभी थोड़ी देर पहले मैंने गली में देखा था। यह उस कार के समीप खड़ा था जिसमें हंगेरियन सीक्रेट पुलिस वाले बाराबास और वाल्कोज को लेकर गये थे। यह जरूर उन्हीं का साथी होगा।'

'मुमकिन है।' जान्सी बोला।

भूरे ओवरकोट वाले ने अपना ओवरकोट और फैल्ट हैट उतारकर क्लाक अटैण्डेन्ट को सौंपा और मेजों में से गुजरता हुआ जेम्सबांड वर्गरह से एकदम विपरीत दिशा में आगे बढ़ा। कोने की एक मेज के समीप पहुंचकर वह ठिठका।

मेज पर बैठे अकेले आदमी ने सिर उठाकर उसकी ओर देखा।

'मेज पर बैठे आदमी को देखो।' जान्सी धीरे से बोला।

जेम्सबाण्ड ने देखा वह आदमी एक भूरे रंग का कोट और लाल रंग की टाई लगाये हुए था। उसके दांए गाल पर आंख के नीचे एक गहरी चोट का निशान इतनी दूर से भी चमक रहा था। उसकी भवें सफरी थीं और ठोड़ी में एक खड्डा था।

'कौन है वो?' जेम्सबांड ने पूछा।

'भूल गये? पेरिस में बाराबास और वाल्कोज के फ्लैट वाली इमारत के केयर टेकर ने क्या ऐसे ही किसी आदमी का हुलिया ब्यान नहीं किया था जो हमसे पहले वहां उन दोनों के बारे में पूछता हुआ आया था?'

'करैक्ट।'

'मेजर फ्रिग्येस।' सैन्डर बोला।

'यह वही आदमी है?' जेम्सबाण्ड बोला।

'बिल्कुल।' जान्सी बोला—'इसकी यहां मौजूदगी ही इस बात को निर्विवाद रुप से सिद्ध कर देती है कि बारावास और बाल्कोज हंगेरियन सीक्रेट पुलिस की पकड़ में आ गये हैं।'

'मिस्टर बांड, अगर हम मेजर फिग्येस को अपनी निगाह में रख पायें तो हम निश्चय ही यह जान जाने में सफल हो जायेंगे कि बारावास और बाल्कोज कहां हैं। फिर हम मौका आने पर उनको अपने अधिकार में करने की कोशिश कर सकते हैं।'

'आप ठीक कह रहे हैं। मैं इसे अपनी निगाहों से ओझल नहीं होने दूंगा। मैं अभी आता हूं।'

जेम्स बांड तेजी से इमारत से बाहर निकल गया।

बाहर गली में कई कारें खड़ी थीं। जेम्स बांड ने एक फोर्ड कार के दरवाजे के हैंडल में अपनी मास्टर की लगाई। दरवाजा खुल गया। वही चाबी उसने कार के इग्नीशन में भी लगा कर देखी चाबी इग्नीशन में भी घूम गई।

गली में पुलिस अभी तक मौजूद थी। जेम्स बांड की उस हरकत पर अगर किसी पुलिस वाले की निगाह पड़ जाती तो उसके लिये बहुत बुरा होता।

जेम्स बांड वापस नाइट क्लब में आ गया।

'मेजर फिग्येस आपको पहचानता है?' जेम्स बांड ने जान्सी से पूछा।

'मुझे उम्मीद नहीं। जान्सी बोला।

'सैन्डर, तुम्हें?'

'शायद नहीं'—सैन्डर बोला।

'जान्सी, आप यहां से चले जाइये'—जेम्स बांड बोला—आप फौरन होटल रिचमंड में पहुंचिये मैं और सैन्डर आप को वहीं मिलेंगे।'

'मेजर फ्रिग्येस की निगरानी की दिशा में तुम लोगों को मेरी जरूरत नहीं पड़ेगी।'

'नहीं। मैं और सैण्डर संभाल लेंगे। वैसे जनेवा में मेरे कई विश्वासपात्र संपर्क हैं। मैं जरूरत पडने पर बहुत सारे मददगार इकटठे कर सकता हूं।'

'गुड।'

'मेजर फ्रिग्येस हमसे पहले से यहां बैठा मालूम होता है लेकिन पहले हमारी निगाह उस ओर नहीं गई।'

'संयोग की बात है। वैसे हाल भी बहुत बड़ा है और इसमें बहुत लोग मौजूद हैं। अगर उसका साथी यहां न आया होता और तुम्ने उसे पहले न देखा हुआ होता तो हमारी अभी भी उस पर निगाह नहीं पड़ती।'

'जाहिर है।'

'मैं जाता हूं।'

जान्सी वहां से रवाना हो गया।

'सैन्डर।' जेम्स बांड बोला—'मैंने एक वार का इन्तजाम किया है। तुम टैक्सी पकड लेना। इन लोगों के यहां से निकलते ही हम अलग अलग इनका पीछा करेंगे ताकि अगर ये एक जने को डाज दे जायें तो दूसरा इनका पीछा कर सके।'

'टैक्सी मिल जायेगी?' सैण्डर ने पूछा।

'जरूर मिल जायेगी। नाइट कलब के बाहर कई टैक्सियां मौजूद हैं।,

'फिर ठीक है।'

पांच मिनट बाद मेजर फ्रिग्येस और उसका साथी अपनी टेबिल से उठ खड़े हुए।

जेम्स बांड के संकेत पर सैण्डर पहले कलब से बाहर निकल गया' जेम्स बांड ने बिल अदा कर दिया।

मेजर फ्रिग्येस और उसके साथी ने अपने हैटऔर कोट लिये

लिये और क्लब से बाहर निकल आये।

जेम्स बांड भी बाहर निकला। वह उस फोर्ड की ओर बढ़ा जिसके तालों पर अपनी मास्टर की ट्राई की थी।

सैण्डर पहले से ही एक टैक्सी में बैठा था।

मेजर फ्रिग्येस और उसका साथी एक टैक्सी पर सवार हुए। पहले उनकी टैक्सी, फिर सैण्डर की टैक्सी और फिर अन्त में जेम्स बांड की कार गली से बाहर की ओर बढीं।

'वे इसी होटल में हैं?' जेम्स बांड बोला।

जेम्स बांड, सैण्डर और जान्सी होटल रिचमंड की दूसरी मंजिल पर स्थित जान्सी के कमरे में बैठे थे।

जेम्स बांड ने कमरे में आते ही सबसे पहले इस बात की तसल्ली की थी कि कमरे में फिर कोई माइक्रोफोन तो नहीं छुपा हुआ था।

सैन्डर ने उसे बताया था कि उसने कमरे को बड़ी बारीकी से चैक कर लिया था। कमरे में कोई माइक्रोफोन होने की सम्भावना नहीं थी अर्थात दुश्मन उनका वार्तालाप नहीं सुन रहा था।

जान्सी ने प्रश्न सूचक नेत्रों से पहले जेम्स बांड और फिर सैन्डर की ओर देखा।

सैन्डर से सहमतिसूचक ढंग से सिर हिलाया।

'संयोग की बात है—' जेम्सबांड बोला—'कि उन्होंने ठहरने के लिये वहीं होटल चुना जो कि हमने चुना। मैं और सैन्डर दोनों स्वतन्त्र रूप से मैनेजर फ्रिग्येस का पीछा करते हुए यहां

पहुंचे हैं।'

'बाराबास और बाल्कोज भी यहां हैं?'—जान्सी ने पूछा।

'मैंने होटल में उनकी सूरत तो नहीं देखी लेकिन उनके यहीं होने की सम्भावना है। मुझे मालूम हुआ है कि होटल की आठवीं मंजिल के सारे कमरे एक ही पार्टी ने बुक किये हुए हैं। आठवीं मंजिल पर किसी अजनबी की पहुंच सम्भव नहीं है। लिफ्ट का आठवीं मंजिल का कनैक्शन काट दिया गया है यानि कि इस समय लिफ्ट केवल सातवीं मंजिल तक ही जा रही है। मैंने सीढ़ियों के रास्ते आठवीं मंजिल पर जाने की कोशिश की थी लेकिन आठवीं मंजिल पर सीढ़ियों के दहाने पर दो सशस्त्र आदमी खड़े थे। उन्होंने मुझे आगे नहीं बढ़ने दिया था।

'रात के ढाई बजे हैं। इस समय आपके लिये आठवीं मंजिल पर जाने की कोई वजह बताना भी तो आसान नहीं होगा?'

'जी हां।'

'इस बात का क्या सबूत है कि बाराबास और बाल्काज भी यहीं लाये गये हैं?'

'सबूत कोई नहीं है लेकिन आठवीं मंजिल पर जो सावधानी व माहौल दिखाई दे रहा है उससे यही जाहिर होता है। फ्रन्ट डैस्क से मुझे मालूम हुआ है कि आठवीं मंजिल पर कम से कम २० हंगेरियन मौजूद हैं। मेजर फ्रिग्येस हमारे सामने यहां आया ही है। इससे तो यही उम्मीद की जा सकती है कि वे दोनों यहीं हैं।'

'मिस्टर बांड—' जान्सी बेहद गम्भीर स्वर से बोला—हालात ने इस वक्त जो करवट बदली है उसकी रू से अब

मुसोलिनी का खजाना हमारे हाथ आना उतना महत्वपूर्ण नहीं रह गया है जितना कि बाराबास और वाल्कोज का हमारे हाथ आना।'

जेम्स बांड ने उलझनपूर्ण निगाहों से जान्सी की ओर देखा।

'मैंने आपको लन्दन में ही बताया था कि हैमर, कोस बाराबास और वाल्कोज हमारे अत्यन्त विश्वासपात्र आदमी थे। बाराबास और वाल्कोज रिजीस्टेंस मूवमेंट की एक-एक गतिविधि से अवगत हैं। रिजीस्टेन्स मूवमेंट के एक-एक सदस्य की जानकारी रखते हैं। हमारे साथी हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के हैड क्वाटर एन्ड्रेसी उट तक घूमे हुए है। सरकारी महकमों में मौजूद हमारे साथियों की वजह से ही हंगरी में सुरक्षित हैं और हंगरी की कम्युनिस्ट सरकार की बुनियाद हिलाने के काम को आज तक किसी हद तक सफलता से अन्जाम देते आये हैं। अब हंगेरियन सीक्रेट पुलिस को बाबाबास और वाल्कोज के माध्यम से हमारे उन साथियों की जानकारी हो गई तो हंगरी में हमारे हजारों साथी तो तुरन्त मौत के घाट उतार ही दिये जायेंगे, साथ ही हमारी पार्टी ऐसी धराशायी होगी कि फिर बरसों नहीं संभल पायेगा। अपने दो गद्दार साथियों की वजह से हम अपने मिशन से बुरी तरह फेल हो जायेंगे।'

जान्सी एक क्षण रुका और फिर बोला---'मैंने तुम्हें पहले भी बताया था कि हंगरी में वहां के कितने ही निवासी सरकारी इनाम के लालच में या सीक्रेट पुलिस की निगाहों में स्वयं को वफादार साबित करके वाहवाही हासिल करने के लालच में भेदियों का काम करते हैं। हम ऐसे लोगों के हाथ लग चुके हैं। सावधानी बरतने की वजह से ही हम ऐसे भेदियों की दगाबाजी का शिकार होकर सीक्रेट पुलिस के चंगुल में पड़ने से आज तक

बचे रहे हैं। बुडापेस्ट में हमें जरा सा संकेत भी मिल जाये कि कोई हममें दिलचस्पी ले रहा है हम फारेन से पेश्तर अपना ठिकाना बदल लेते हैं। बुडापेस्ट में हमारे बीसियों ठिकाने हैं, हंगरी में हमारे सैकड़ों ठिकाने हैं और उन तमाम ठिकानों की बाराबास और वाल्कोज को खबर है। मि० बांड ये दोनों आदमी दुश्मन के सामने अपनी जुबान खोलकर हमारी बरसों की मेहनत पर चुटकियों में पानी फेर सकते हैं।

'वे दोनों ऐसा करेंगे ?'

'क्यों नहीं करेंगे। मुसोलिनी का खजाना खुद हथियाने की खातिर जान्सी को धोखा देकर वे पहले ही अपने चारित्रिक पतन का सबूत नहीं दे चुके क्या ? जो लोग एक बार अपनी मर्जी से धोखा कर चुके है वे क्या हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के दबाव में आकर हमारी खातिर अपनी जुबान बन्द रख पायेंगे।'

'नहीं'—जेम्सबांड ने स्वीकार किया।

'मि० जेम्सबांड, अगर बाराबास और वाल्कोज को उनकी जुबान खोलने से न रोका गया तो हंगरी में मौजूद हमारे हजारों लाखों समर्थकों पर प्रलय टूट पड़ेगी। मेरे निर्दोषवासियों के खून में हंगरी की जमीन सुर्ख हो जायेगी। हजारों लाखों निर्दोष लोगों की साम्यवादी सरकार की भूरी लारियां जानवरों के खेड़ों की तरह मर-मरकर मौत की सजा से ज्यादा खतरनाक मौत मरने के लिये कान्सटान्टा और ब्लैक सी कनाल के लेबर के कैम्पों में ले जायेंगी। अपने वफादार साथियों की ऐसी सामूहिक मौत तो मैं मर जाना बेहतर समझूंगा।

'ऐसी नौबत नहीं आयेगी—' जेम्स बांड दृढ़ स्वर से बोला —'ऐसा कुछ होने से पहले बाराबास और वाल्कोज परलोक सिधार जायेंगे चाहे इसके लिये मुझे बारूद लगाकर इस होटल को ही क्यों न उड़ा देना पड़े। मगर आपके हित के लिये बारा-

बास और वाल्कोज को मौत जरूरी है तो वे हरगिज भी जीवित नहीं रह पायेंगे।'

'मौत जरूरी नहीं लेकिन अगर वे तुरन्त हमारे अधिकार में नहीं आ सके तो मौत जरूरी है।'

जान्सी चुप रही।

'क्या दुश्मनों को हमारी इस होटल में मौजूदगी की जानकारी होगी ?' एकाएक सैण्डर बोला।

'मुझे उम्मीद नहीं' जेम्सबांड बोला—' आप दोनों को तो वे लोग शायद पहचानते भी नहीं और उनके मुझे पहचानने या न पहचानने से कोई फर्क नहीं पड़ना। वे वारावास और वाल्कोज से मेरा कोई सम्बन्ध हरगिज भी नहीं जोड़ पायेंगे। वे लोग तो सपने में भी नहीं सोच पायेंगे कि हंगरी की कम्यूनिस्ट सरकार का दुश्मन नं० वन इसी होटल में मौजूद है।'

इसी क्षण एकाएक टेलीफोन की घंटी बज उठी।

तीनों चौंके और असमंजसपूर्ण नेत्रों से कभी टेलीफोन की और कभी एक दूसरे का मुंह देखने लगे।

फिर जेम्सबांड अपने स्थान से उठा और टेलीफोन के पास पहुंचा। उसने रिसीवर उठाकर कान से लगा लिया और सावधानी से बोला—'हल्लो।'

'हल्लो' दूसरी ओर से आवाज आई—'मेजर जनरल अलौविसस इल्यूरिन।'

'आप कौन बोल रहे हैं।'

'नैवर माइण्ड दैट। मेरे बास जनरल से बात करना चाहते हैं।'

जेम्स बांड हिचकिचाया। यही बात बड़ी हैरानी की थी कि किसी को जान्सी की उस होटल में मौजूदगी की जानकारी थी। कमरा बुक करते समय जान्सी ने अपना नाम जान्सी ही

बताया था न कि मेजर जनरल अलैक्सिस इल्यूरिन। फिर उसने माउथ पीठ पर हाथ रख लिया और जान्सी से बोला—

'कोई मेजर जनरल अलैक्सिस इल्यूरिन से बात करना चाहता है।'

जान्सी के माथे पर बल पड़ गये।

सैण्डर के होंठ भिच गये और नेत्रों में सन्देह और आशंका की छाप तैर गई।

जान्सी अपने स्थान से उठा और जेम्स बांड के समीप पहुंचा।

जेम्स बाण्ड ने रिसीवर जान्सी को थमा दिया।

'हल्लो' जान्सी माउथ पीस में बोला।

'मेजर जनरल अलैक्सिस इल्यूरिन!' दूसरी ओर से किसी ने इतनी तीव्र आवाज में प्रश्न किया कि आवाज समीप खड़े जेम्स बाण्ड के कानों में भी पड़ी।

'दैट्स राइट' जान्सी बोला।

'जरा एक क्षण होल्ड कीजिये।'

थोड़ी देर बाद जान्सी फिर टेलीफोन में बोला–'यस।'

'शायद दूसरी ओर से बोलने वाले का बास लाइन पर आ चुका था। दूसरी ओर कोई क्या कह रहा था यह जेम्स बाण्ड न सुन सका। लेकिन जो कुछ भी कहा गया था, उसकी तीव्र प्रतिक्रिया, चाहे एक क्षण के लिये ही सही, जान्सी पर हुये बिना न रह सकी। उसका हाथ रिसीवर पर इतना कस गया कि खाल में से खून निचुड़ गया। उसका चेहरा उसके सिर के बालों से भी ज्यादा सफेद हो गया।

'अच्छा' अन्त में वह बोला–'अच्छा।'

जान्सी ने रिसीवर रख दिया। उसके मुंह से एक गहरी सांस निकली और वह टेलीफोन के पास ही एक कुर्सी पर बैठ

गया।

'जान्सी' जेम्स बांड व्यग्र स्वर से बोला—'किसका फोन था ?'

'फरामिन्ट का—' जान्सी होठों में बुदबुदाया।

'हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के चीफ का ?' जेम्स बांड बोला—

'हां—' जान्सी बोला।

'वह यहां है ? इस होटल में ?' जेम्स बांड बोला।

'हां' जान्सी बोला—'आठवीं मन्जिल पर। अपने कई साथियों के साथ।'

'यानि कि वह आपको पहचानता है।

'फरामिन्ट मुझे अच्छी तरह पहचानता है लेकिन मुझे उम्मीद नहीं कि उसने मुझे यहां देखा हो। जरूर उसका कोई आदमी भी मुझे या सैन्डर को यहां दोनों को पहचानता होगा जिसने उसे हमारे बारे में बताया होगा। बहरहाल वह अच्छी तरह जानता है कि मैं और सैन्डर इस होटल की दूसरी मंजिल पर एक कमरे में मौजूद है।'

'और मेरे बारे में !'

'आपका जिक्र उसने नहीं किया। शायद न जानता हो। शायद आपका जिक्र उसने जरूरी न समझा हो।'

'क्या कहता था वह ?'

'उसने स्वीकार किया था कि उसे मुसोलिनी के खजाने के मस्तिष्क की पूरी जानकारी है, और बाराबास और वाल्कोज उसके अधिकार में हैं। लेकिन उससे अधिक चिन्ता जनक बात जो उसने कहीं है वह यह है कि हेलेन उसके अधिकार में है।'

'हेलेन ?' जेम्स बांड बुरी तरह चौंका—'क्या कह रहे हैं आप।'

'मैं ठीक कह रहा हूं।'

'लेकिन ··लेकिन ··वह तो···वह तो··· (बर्न) में थी।'

'पहले होगी लेकिन अब वह जनेवा में कहीं है और फरामिन्ट के अधिकार में है। मिस्टर ब्राण्ड दुश्मन को कमजोर न समझिये खास तौर पर हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के चीफ फरामिन्ट को। वह बहुत कुछ जानता है। बहुत कुछ जान सकता है।'

'वह चाहता क्या है? हेलेन पर क्यों हाथ डाला उसने?'

'हमसे एक सौदा करने के लिये। वह भी इस समय विदेशी धरती पर मौजूद है इसीलिये हमारे जितना नहीं तो हमारे से कुछ कम मजबूर जरूर है। उसे भय है कि हम बाराबास और बाल्कोज को उसके चंगुल से निकालने की कोशिश करेंगे जो कि वह खजाना हाथ आ जाने से पहले हरगिज नहीं चाहता। बाराबास और बाल्कोज ने उसे खजाने के गुप्त स्थान का पता बताया है और उसने अपने आदमी खजाने के पीछे भेज भी दिये हैं।'

'कहां?'

'यह उसने नहीं बताया। वह यह जताता उससे ऐसी उम्मीद करना भी मूर्खता थी। बहरहाल स्थिति यह है कि उसने खजाने के पीछे अपने आदमी रवाना कर दिये हैं लेकिन उसे संन्देह है कि शायद बाराबास और बाल्कोज ने खजाने के बारे में उससे झूठ बोला हो। इसलिए जब तक खजाना उसके हाथ नहीं लग जाता वह बाराबास और बाल्कोज को सुरक्षित अपने अधिकार में रखना चाहता है ताकि अगर खजाने के बारे में अगर उन्होंने झूठ बोला हो तो दोबारा उनसे सच कुबुलवाया जा सके। मेरी इस होटल में मौजूदगी ने उसे काफी चिंता में डाल दिया है। वह नहीं जानता कि मेरे कितने साथी मौजूद हैं। और वह जान ही गया है कि हमें खबर लग गई है कि बाराबास और बाल्कोज उसके अधिकार में हैं। हम उस पर हाथ न डाल सकें इसकी गारन्टी के तौर पर उसने हेलेन को

अपने अधिकार में कर लिया है। उसने धमकी दी है कि अगर हमने बाराबास और वाल्कोज में से किसी को या दोनों को उनके चंगुल से रिहा करवाने की कोशिश की या उनकी हत्या करने की चेष्टा की तो वह हेलेन का सिर काट कर मखमल के डिब्बे में बन्द करके मेरे पास भिजवा देगा।'

'हेलेन है कहां ?'

'मालूम नहीं। उसने इस बारे में कुछ नहीं बताया उसने ऐसा भी कोई संकेत नहीं दिया कि हेलेन उसके अधिकार में जनेवा में है या बर्न में।'

'शायद वह ब्लफ मार रहा हो। शायद उसको हेलेन की खबर तक न हो! शायद हेलेन का नाम इस्तेमाल करके हमें ब्लैक मेल करने की कोशिश की हो।'

फरमिन्ट ऐसा आदमी नहीं। वह हमेशा ठोस कार्य करने में विश्वास रखता है। इसलिये वह हंगेरियन सीक्रेट पुलिस जैसे आर्गेनाईजेशन का चीफ है। हेलेन जरूर उसके अधिकार में होगी।

जेम्स बांड चुप रहा। फिर उसने टेलीफोन उठाया और हेलेन के पते पर ट्रंक काल बुक करा दी।

'कैसी अभागी लड़की है हेलेन भी। बाप के कुकृत्यों की सजा खुद ही उसे भुगतनी पड़ती है। मैंने उसे कभी कोई सुख नहीं दिया। मेरी वजह से वह हमेशा ही किसी न किसी बखेड़े में फंसी है। पिछले साल में उसे तुम्हारे साथ हंगरी से बाहर भेज कर निश्चित हो गया था कि अब मेरी बेटी तलवार की धार पर चलने जैसी जिन्दगी से निजात पा गई है लेकिन शायद अभी उसके मुकद्दर में अपने बाप की वजह से और दुख झेलने लिखे हैं ?'

'हेलेन बहादुर लड़की है। वह मेजर जनरल अलौक्सिस इल्यूरिन की लड़की है। वह ऐसी बातों से घबराने वाली नहीं। वह बहादुर बाप की बहादुर बेटी है।'

शायद तुम ठीक कह रहे हो। लेकिन अपने देशवासियों के हित के लिये मुझे अपनी बहादुर बेटी को बलिदान करना पड़ेगा।'

'जान्सी!'

'मिस्टर बांड इसके सिवाये कोई चारा नहीं। मैं अपनी बेटी की सलामती के लिये लाखों देशवासियों की मौत का सामान नहीं बनना चाहता। मिस्टर बाण्ड, मेरा विश्वास है जब तक फरमिन्ट के हाथ में खजाना नहीं लग जायेगा, वह बाराबास और वाल्कोज से हमारी रेजीस्टेंस मूवमेन्ट की गतिविधियों के बारे में कोई सवाल नहीं करेगा। वह तो उनके साथ बेहद सम्मानित अतिथियों जैसा व्यवहार कर रहा होगा। शायद उसने उन्हें खजाने में से हिस्सा देने का भी आश्वासन दिया हो। लेकिन खजाना हाथ में आते ही फरमिन्ट कट्टर की तरह उन पर टूट पड़ेगा। ऐसी नौबत आने से पहले ही हमें बाराबास और वाल्कोज की जुबान बन्द करनी होगी, हेलेन का चाहे कुछ भी अंजाम हो।'

'लेकिन···'

'मिस्टर जेम्स बांड आप बात को केवल हेलेन की जिन्दगी के सन्दर्भ में सोच रहे हैं आप बात को मेरी तरह लाखों बेगुनाह हंगरी वासियों की जिन्दगी के सन्दर्भ में सोचिये। तब शायद आपको हेलेन की जिन्दगी इतनी महत्वपूर्ण नहीं लगेगी। और अगर हेलेन जान्सी की बेटी है तो अपना ऐसा कोई अंजाम उसके लिये कोई हैरानी की बात नहीं होगी।'

'आप हेलेन से सही सलामत मिलने आये थे, न कि उसका

मखमल के डिब्बे में बन्द कटा हुआ सिर देखने के लिये ?'

'अगर खुदा को यही मन्जूर है तो यही होगा।'

जेम्सबांड चुप हो गया।

'शायद कोई ऐसा तरीका हो।' एकाएक सैन्डर यूं बोला जैसे नींद में बड़बड़ा रहा हो जिससे सांप भी मर जाये और लाठी भी न टूटे।'

जान्सी ने प्रश्न सूचक नेत्रों से सैन्डर की ओर देखा और फिर बोला—'क्या कहना चाहते हो, सैन्डर ?'

'इन्सान अपनी आई मौत भी तो मरता है। क्या हमारी सहूलियत के लिये बाराबास और वाल्कोज को अब मौत नहीं आ सकती।'

'मतलब !' जेम्सबांड बोला।

'अगर वे अपनी आई मौत पर मर जायें तो क्या फरमिन्ट उनकी मौत के लिये हमें जिम्मेदार ठहरा सकेगा।'

'लेकिन उनकी मौत हमारी जरूरत के मुताबिक कैसे आ सकती है ?'

'क्या पता वे लंच खायें और शाम तक तपा-जॉगिंग से मर जायें। शायद फरमिन्ट की दहशत से उनका हार्टफेल हो जावे या वे फांसी लगाकर होटल की खिड़की से कूदकर या बिजली का धक्का खाकर आत्महत्या कर ले। सैंकड़ों ऐसी मामूली लगने वाली दुर्घटनायें सम्भव हैं जिनमें आदमी सहज ही अपनी जान से हाथ धो सकता है। अगर ऐसा कुछ हो जाये तो क्या फरमिंट हमें उनकी मौत का जिम्मेदार ठहरा सकता है।'

'लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है ?'

'कोई तो तरीका होगा ?'

'हां।' जेम्सबांड विचारपूर्ण स्वर से बोला—'कोई तो तरीका होगा।'

'ऐसा अगर हो भी जाये।' जान्सी बोला–'तो भी क्या फरमिट हैलन को यूं ही छोड़ देगा ? हैलन का गला काट देने के लिये तो उसको उसका यही अपराध बहुत काफी लगेगा कि वह मेजर जनरल अलैक्सिस इल्यूरिन की बेटी है।'

'वह बाद की बात है।' सैन्डर शायद जिन्दगी में एक बार भी इतना नहीं बोला था–'पहला काम पहले कामयाबी से हो जाये तो फिर बाद के काम को भी मुनासिब तौर पर अन्जाम देने की कोई सूरत निकल आयेगी।'

फिर कोई कुछ नहीं बोला। शायद तीनों का दिमाग एक ही लकीर पर सोच रहा था।

बारादास और वाल्कोज फौरन अपनी स्वभाविक मौत कैसे मर जाये ?'

अगले दिन जान्सी के कमरे में जेम्सबाण्ड, सैण्डर और जान्सी फिर आयें।

'आठवी मन्जिल पर सुरक्षा का बड़ा तगड़ा इन्तजाम है।' जेम्सबाण्ड बोला–'अपनी ओर से उन्होंने ऐसा कोई तरीका सम्भव नहीं छोड़ा जिससे कोई उनका अनचाहा आदमी आठवी मन्जिल तक पहुंच सके। लिफ्ट और सीढ़ियों के बारे में उन्होंने जो सावधानी बरती थी वह मैंने आपको कल ही बताई थी। नई बात यह मालूम हुई है कि वे लोग होटल के स्टाफ तक को यानि कि वेटर, मेड लान्ड्री वाले तक को आठवी मंजिल पर नहीं आने दे रहे हैं। जो कुछ भी आठवी मन्जिल के लिये मंगाया जाता है वह सातवी मन्जिल पर ही हस्तगत कर लिया जाता

है। उससे आगे वह समान फरमिन्ट के अपने आदमियों द्वारा ले जाया जाता है। कहने का मतलब यह है कि छुपकर नीचे से आठवी मन्जिल पर जाना असम्भव है।'

'छत की क्या पोजीशन है?'

'आठवी मन्जिल से छत पर जाने वाला दरवाजा बड़ी मजबूती से बन्द है। मैंने एक अन्य इमारत की छत पर चढ़कर दूरबीन द्वारा होटल की छत का निरीक्षण किया था। छत के दरवाजे के भीतर सीढ़ियों के समीप एक रोशनदान है जिस पर मुझे बन्द दरवाजे के पीछे बैठा एक रायफलधारी आदमी दिखाई दिया था।'

'छत पर पहरा नहीं है।'

'उसकी जरूरत ही नहीं है। छत को आठवी मंजिल से मिलाने वाले इकलौते रास्ते का दरवाजा भीतर की ओर से मजबूती से बन्द है और उसके पीछे रायफलधारी आदमी बैठा है।'

'क्या इमारत की दीवार के साथ चढ़कर आठवी मन्जिल तक पहुंचा जा सकता।'

'पहुंचा जा सकता है लेकिन कोई फायदा नहीं। दुश्मनों ने भी इस सम्भावना पर विचार किया है। आठवी मंजिल पर जिन दो कमरों में बाराबास और वाल्कोज मौजूद हैं उनसे नीचे के सातवी मन्जिल के दो कमरों और अगल-बगल के दो-दो कमरे भी फरमिन्ट के आदमियों के अधिकार में हैं और वे ऐसे किसी प्रयत्न के प्रति पूरी तरह सावधान हैं। यहां तक कि होटल के बाहर भी फरमिन्ट के आदमी गश्त कर रहे हैं। मैंने दूरबीन के द्वारा आठवी मन्जिल के गलियारों में सशस्त्र आदमी गश्त करते देखे हैं।'

'आई सी।'

'मैं तो बाराबास और वाल्कोज को पहचानता नहीं था । सैन्डर ने ही आठवीं मंजिल के दो कमरों में मौजूद उन दोनों की मुझे शिनाख्त करवाई है। उन दोनों के साथ दो-दो सशस्त्र आदमी हैं जो एक क्षण के लिये भी उनसे अलग नहीं होते यहां तक कि क्लाक रूम वगैरह में भी वे उनके साथ जाते हैं।'

'उनके कमरों की खिड़कियों की क्या स्थिति है ?'

'खिड़कियां मैंने बन्द भी देखी हैं और खुली भी देखी हैं लेकिन अधिकतर मैंने उन्हें खुली ही देखी है।'

'यानि कि फरमिन्ट को इस बात की चिन्ता नहीं कि वे कहीं छत से कूदकर आत्महत्या न कर लें।'

'ऐसा ही मालूम होता है। शायद उन्हें खजाने में से हिस्सा देने का बड़े विश्वासनीय ढंग से लालच दिया गया है। बहरहाल फरमिन्ट ने उन्हें ऐसी कोई पट्टी जरूर पढ़ाई है जिसकी वजह से वे स्वयं को फरमिन्ट के चगुल में सुरक्षित समझते हैं और वे अगर कोई खतरा महसूस करते हैं तो हमारी ओर से।'

'और उस खतरे का सामना करने के लिये उनकी तगड़ी सुरक्षा का इन्तजाम है ही।'

'जी हां लेकिन अगर प्रश्न केवल उनकी हत्या का होता तो काम कोई ज्यादा मुश्किल नहीं था । मैं टैलिस्कोपिक साइड वाली रायफल लेकर किसी दूर दराज इमारत की छत पर चढ़कर बैठ जाता। कभी तो वे खिड़की के पास आते ही। और फिर मैं बड़ी आसानी से उन्हें शूट कर देता। लेकिन वक्त की जरूरत तो यह है कि उनकी जान ऐसे जाये कि उनकी मौत स्वाभाविक लगे।

'हूं।' जान्सी बोला।

कई क्षण शांति रही।

'फरमिन्ट कहां है ?' थोड़ी देर बाद जान्सी ने पूछा।

'सातवीं मंजिल पर।'

'और मेजर फिग्वसे ?'

'वह मुझे दिखाई नहीं दिया। शायद वह आठवीं मंजिल पर हो।'

'होटल की सातवीं मंजिल पर हमारा जाना पहचाना एक और आदमी भी मौजूद है।' सैन्डर बोला।

'कौन ?' जान्सी ने पूछा।

'कैप्टेन कालमान जोल्ट।'

'आई सी। फरमिन्ट यहां पूरे दल बल के साथ आया है।'

'यह नाम तो मेरा भी सुना हुआ है।' जेम्सबांड बोला।

'कैप्टेन जोल्ट।' जान्सी बोला—'वह आदमी है, आपरेशन बुडापेस्ट के दौरान फरमिन्ट ने जिसके साथ काउन्ट उर्फ मेजर होवार्थ को गोडोलो भेजा था।'

'हां।' जेम्सबांड को याद आ गया—'काउन्ट ने ही उसका जिक्र किया था। लेकिन काउन्ट की राय में तो कैप्टेन जोल्ट कोई काबिल आदमी नहीं था।'

'एक नम्बर का गधा है।' जान्सी बोला—'मक्कार और कायर भी। लेकिन शायद फरमिन्ट को कभी इस बात की खबर नहीं लग पाई होगी। ऐसे छोटे अधिकारियों का वास्ता केवल कर्नल जोजफ हीदस से पड़ता था। वह ऐसे लोगों की जात पहचानता था। लेकिन वह तुम्हारे हाथों मारा जा चुका है।'

जेम्सबाण्ड चुप रहा।

'आपने कोई तरीका सोचा, मिस्टर बांड।' जान्सी बोला—'जिससे बाराबास और नाल्कोज स्वाभाविक मौत मर गये मालूम हो ?'

'मुझे तो कुछ नहीं सूझ रहा सिवाय इसके कि इमारत की सातवीं और आठवीं मन्जिल पर आग लगा दी जाये और वे सब

जल मरे ।'

'मेरे दिमाग में स्कीम है ।' जान्सी जेम्सबांड की खतरनाक राय पर तनिक भी ध्यान दिये बिना बोला ।

'क्या ?'

'आपने जादू का खेल तो कई बार देखा होगा । जादूगर जब अपने हाथ की सफाई दिखाता है तो वह वास्तविक ट्रिप की ओर से लोगों का ध्यान बटाने के लिये कोई ऐसी हरकत करता है जिसका वास्तविक ट्रिप के साथ कोई सम्बन्ध नहीं होता । लोगों का ध्यान दूसरी ओर होता है और वह अपने हाथ की सफाई दिखा जाता है जिसे लोग जादू की संज्ञा दे देते हैं । करैक्ट ?'

'करैक्ट ।'

'अगर हम इसी थ्योरी पर काम करें तो नतीजा हासिल किया जा सकता है । कल्पना करो कि होटल के बाहर कोई ऐसी घटना घटित हो रही है जिसकी ओर सबका ध्यान जाना, और उनका गहरी दिलचस्पी लेना स्वाभाविक हो । वारावास और वाल्कोज भी वह दिलचस्प घटना देखने के लिये खिड़की के पास आये और उनमें से एक इस घटना को देखने के लिये खिड़की से बाहर इतना ज्यादा लटक पड़े कि वह खिड़की से गिरकर आठ मन्जिल नीचे आ पड़े तो फरमिन्ट उसकी मौत का सम्बन्ध हमसे हरगिज नहीं जोड़ पायेगा ।'

'नहीं जोड़ पायेगा लेकिन एक क्यों ? दोनों क्यों नहीं ?

'अगर दोनों एक ही ढंग से पके फल की तरह खिड़की से बाहर आ गिरे तो फरमिन्ट संदग्धि हो उठेगा ।'

'आप ठीक कह रहे हैं लेकिन होटल के बाहर कौन सी घटना घटित हो रही होगी ?'

'एक हवाई जहाज उड़ रहा होगा जिसके पंख पर एक

आदमी खड़ा होगा।'

'जी!'

'यह कोई असम्भव काम नहीं। फिल्मों में ऐसे स्टण्ट मैन दिखाये जाते हैं जिनको पेशेवर स्टण्ट मैन कहते हैं। आपको जनेवा में फौरन कोई ऐसा स्टण्ट पलायर और एक स्टण्ट मैन तलाश करना होगा।'

'मैं जनेवा में मौजूद अपने सम्पर्क से बात करता हूं।' जेम्सबांड बोला।

जेम्सबांड तुरन्त वहां से चला गया।

लगभग दो घन्टे बाद वह वापस लौटा।

'हवाई जहाज और स्टण्ट फ्लाइंग का तजुर्बा रखने वाले पायलेट का तो इन्तजाम हो गया है।' जेम्सबाण्ड ने लौटकर बताया—'लेकिन ऐसा कोई स्टण्ट मैन जनेवा में उपलब्ध नहीं जो उड़ते जहाज के पंख पर चलने जैसा काम करने का हौंसला कर सके।'

'ओह!' जान्सी निराश स्वर से बोला—'वह तो सबसे जरूरी था।'

'मैं इंगलैंड जाकर ऐसा कोई आदमी तलाश करके ला सकता हूं।'

'हमारे पास इतना वक्त नहीं।'

'यह काम मैं कर सकता हूं।' सैन्डर धीरे से बोला।

न सिर्फ जेम्सबांड बल्कि जान्सी भी चौंका।

'सैन्डर तुम।' जान्सी बोला—'तुम ऐसा कर सकते हो?

'जी हां। आप मुझे अक्टूबर विद्रोह के दिनों से ही जानते हैं जब मैं एक स्टील मिल में इलैक्ट्रिक फोरमैन था लेकिन उससे पहले मैं एक पोलिश सर्कस में काम करता था।'

'रीयेली। क्या काम करते थे?'

'टाइट रोप वाकिंग। मैं जमीन से पचास फुट ऊपर तनी एक रस्सी पर चलकर दिखाया करता था।'

'ओह नो!' जान्सी उसके पहाड़ जैसे शरीर पर निगाह डालता हुआ बोला।

'आप मेरे डील डोल पर मत जाइये।' गैन्डर जान्सी का मतलब समझकर बोला—'अपने इस लम्बे-चौड़े डील-डौल के बावजूद भी मुझे टाइट रोप वाकिंग का बहुत तजुर्बा था। पहले लोग मेरे डील को देखते थे फिर मेरे दोष हीन सन्तुलन को देखते थे तो बेहद हैरान होते थे। इसीलिये मेरा शो सरकस में सबसे ज्यादा सफल था। मगर यही काम कोई दुबली-पतली लड़की करती होती तो शायद लोग इसे कोई बड़ा ऐक्ट नहीं मानते।'

'लेकिन यह बात कई साल पुरानी है। अब तो तुम्हें ऐसे कामों का कोई तजुर्बा नहीं रहा होगा।'

'जो काम मैं एक बार कर सकता हूं उसे मैं जिन्दगी में दोबारा कभी भी कर सकता हूं। वक्त का इस पर कोई असर नहीं होता।'

'फिर भी रस्सी पर चलने में और उड़ते प्लेन के पंख पर चलने में बहुत अन्तर है। नहीं, मैं तुम्हें आत्महत्या की इजाजत नहीं दे सकता।'

'लेकिन···।'

'कोई पेशेवर आदमी तलाश करिये, मिस्टर जेम्सबांड।'

'लेकिन मैं यह काम कर सकता हूं।'

'मिस्टर तुम···।'

'मैं पैराशूट बांध लूंगा। अगर गिरा तो मांगूंगा नहीं।'

जान्सी ने जेम्सबांड की ओर देखा।

'इजाजत दे दीजिये।' जेम्सबाण्ड बोला—'गुलासिन आदमी

तलाश करने की कोशिश में बहुत देर हो जाने का अन्देशा है।'

'ओ. के.।' जान्सी अनिच्छा पूर्ण स्वर से बोला।

सैन्डर ने शांति की सांस ली।

'स्कीम।' जान्सी बोला--'इस प्रकार है'''।'

जेम्सबाण्ड और सैन्डर बड़ी तन्मयता से जान्सी को बोलता सुनते रहे।

जेम्सबांड ने अपनी घड़ी पर दृष्टिपात किया।

ठीक आठ बजे थे।

उस समय वह होटल के पिछवाड़े में मौजूद था।

फरमिन्ट के आदमी होटल के सामने थे क्योंकि आठवीं मंजिल पर बारावास और वाल्कोज के कमरे होटल के सामने के भाग में थे।

जेम्सबांड दिन में ही इस बात की पुष्टि कर चुका था कि पिछवाड़े में फरमिन्ट का आदमी तैनात नहीं था।

उस समय जेम्सबांड एक काली पतलून, काले रंग की ही हाई जैक की पुलोवर और रबर सोल का जूता पहने हुये था। वह निशब्द पिछवाड़े के दरवाजे की ओर बढ़ा। पिछवाड़े के दरवाजे पर डोर मैन मौजूद था जिसने जेम्सबांड को देखकर भी अनदेखा कर दिया। जेम्सबांड उसे दिन में ही सौ फ्रांक का एक नोट भेंट कर चुका था और होटल के मैनेजर की पत्नी से अपने गुप्त प्यार की दास्तान सुनाकर उसकी उत्सुकता को शांत कर चुका था। जेम्सबांड सर्विस लिफ्ट में प्रविष्ट हो गया। उसने सातवीं मन्जिल का बटन दबा दिया। डोर मैन की निगाह

में वह सातवीं मन्जिल पर स्थित होटल मैनेजर के सूट में उसकी बीवी से छुपकर मिलने जा रहा था।

लिफ्ट सातवीं मंजिल पर आकर रुकी और लिफ्ट का स्वचालित दरवाजा खुला।

जेम्सबांड को सातवीं मन्जिल का पिछला गलियारा खाली होने की आशा थी। फरमिन्ट के आदमी सामने के छः कमरों में और उन्हीं के सामने गलियारे में थे। पिछले गलियारे में फरमिन्ट के आदमियों की मौजूदगी उसकी सारी स्कीम को चौपट कर सकती थी।

उसने सावधानी से गलियारे में कदम रखा।

गलियारा खाली था।

जेम्सबांड ने शांति की सांस ली।

उसी क्षण गलियारे में किसी के कदम पड़ने की आवाज हुई।

सामने एक दरवाजा था। जेम्सबांड उसे खोलकर जल्दी से भीतर घुस गया। वह एक छोटा-सा क्लोजेट था। दरवाजे की झिर्री में से वह बाहर झांकने लगा।

फरमिन्ट गलियारे में आगे बढ़ रहा था।

जेम्सबाण्ड उसकी निगाहों में आने से बाल-बाल बच गया था।

फरमिट गलियारे के सिरे पर मोड़ काटकर दृष्टि से ओझल हो गया।

जेम्सबांड क्लोजेट से बाहर निकला। उसने गलियारे में आकर एक कमरे के दरवाजे का हैंडल घुमाया और उसे भीतर को धक्का दिया।

दरवाजा भीतर से बन्द था।

इसी प्रकार से जेम्सबाण्ड ने अन्य तीन दरवाजों का हैंडल

घुमाया।

चौथा दरवाजा खुला था।

सावधानीवश जेम्सबांड ने दरवाजे पर दस्तक दी।

भीतर से कोई जवाब नहीं मिला।

जेम्सबान्ड भीतर प्रविष्ट हो गया। उसने अपने पीछे दरवाजा बन्द कर लिया। भीतर अन्धेरा था। उसने दीवार पर टटोलकर बिजली का स्वीच तलाश किया और उसे आन कर दिया। कमरे में प्रकाश फैल गया। उसने अपना पुलोवर कमर से ऊपर किया। अपनी कमर के गिर्द वह सिल्क की मजबूत काली डोरी लपेटे हुये था जिसके एक सिरे पर एक रबड़ चढ़ा हुआ था और दूसरे सिरे पर एक छल्ला था। जेम्सबान्ड ने डोरी कमर से अलग कर ली। वह कमरे की खिड़की के पास पहुंचा। उसने खिड़की खोली और बाहर झांका। वह खिड़की होटल के पिछवाड़े में खुलती थी। नीचे रोशनियां चमक रही थीं लेकिन उनकी रोशनी सातवीं मंजिल तक नहीं पहुंच रही थी। यह अन्धेरी रात थी। खिड़की के बाहर कमरे के अपने प्रकाश के अस्तित्व की रोशनी नहीं थी।

जेम्सबाण्ड ने कमरे की बत्ती बुझा दी।

कमरे के भीतर और बाहर दोनों जगह अन्धेरा हो गया।

जेम्सबांड वापिस खिड़की के पास पहुंचा। वह खिड़की की सील पर चढ़ गया और चौखट पकड़कर आधा बाहर लटक गया। उसने हाथ में थमी सिल्क की डोरी को हुक के पास से पकड़ा और हुक को ऊपर इमारत की ओर उछाला। पहले ही प्रयत्न में हुक छत के इर्द-गिर्द बनी लोहे की रेलिंग में कहीं अटक गया। जेम्सबांड ने डोरी को कई झटके दिये लेकिन हुक रेलिंग से अलग नहीं हुआ।

वह डोरी पकड़कर खिड़की से बाहर लटक गया और फिर

उसके सहारे दीवार के साथ-२ धीरे-२ ऊपर सरकने लगा। काम बड़ी सावधानी का था और उसे कोई जल्दी भी नहीं थी क्योंकि योजना के अनुसार अभी समय बहुत था और उसे पूरी उम्मीद थी कि अपने काले कपड़ों और अन्धेरे की वजह से उसे नीचे मौजूद कोई आदमी देख नहीं पायेगा। काम बड़ी जोखम का था। हुक रेलिंग से अलग हो जाता या रस्सी टूट जाती या रस्सी से उसकी पकड़ छूट जाती तो इतनी ऊंचाई से गिरने पर उसके शरीर के परखचे उड़ जाते।

अन्त में वह बुरी तरह हांफता हुआ छत पर पहुंचा।

छत पर पूरा सन्नाटा था और एकदम अन्धेरा था।

उसने हुक को रेलिंग से अलग किया, रस्सी समेटी और छत पार करके इमारत के सामने वाले भाग में पहुंचा। उसने साव-धानी से नीचे झांका।

नीचे बड़ी चहल-पहल थी। रोशनी से नहाते स्विमिंग पूल के आसपास कितने ही लोग मौजूद थे। उन्हीं में फरमिन्ट के आदमी भी थे जो बड़ी मुस्तैदी से होटल के उस भाग की निग-रानी कर रहे थे और इस बात की कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि कोई उनकी जानकारी में आये बिना छत पर पहुंच सकता था।

जेम्सबाण्ड ने घड़ी देखी मन ही मन समय का हिसाब लगाया और फिर छत को सीढ़ियों के साथ जोड़ने वाले बन्द दरवाजे की ओर बढ़ा। वह दबे पांव दरवाजे के पास पहुंचा। दरवाजा मजबूती से बन्द था और दूसरी ओर से किसी के सांस लेने की आवाज आ रही थी।

जेम्सबाण्ड वहीं बैठ गया।

अपनी घड़ी के अनुसार लगभग आधे घन्टे बाद वह अपने स्थान से उठा और दोबारा सामने की रेलिंग के पास आ गया।

उसने रस्सी व हुक को मजबूती से रेलिंग के एक डन्डे में फंसाया। उसने जूते उतार दिये और रस्सी के दूसरे सिरे पर मौजूद दूसरे छल्ले को अपने पांव में फंसा लिया। उसने पांव को दो-तीन झटके देकर यह भरोसा कर लिया कि छल्ला पांव से निकलता नहीं था। उसने मन ही मन आठवीं मन्जिल की खिड़की का फासला और रस्सी की लम्बाई का हिसाब लगाया और रस्सी को एक स्थान से दोहरी करके मजबूती से गांठ लगा दी।

जेम्स बांड ने एक बार फिर घड़ी देखी, और फिर रेलिंग फांदकर दूसरी ओर लटक गया। छत की मुंडेर पकड़ कर वह जितना नीचे लटक सकता था लटका और फिर रस्सी पर उल्टा झूल गया। अब वह एक पांव में फंसे लोहे के छल्ले के सहारे रस्सी के साथ उल्टा लटका हुआ था और अब उसका सिर एक दम खिड़की के रोशनदान के सामने था। उसने सावधानी से कमरे के भीतर झांका।

भीतर बारावास मौजूद था और उसके इलावा दो आदमी और मौजूद थे। जो निश्चय ही फरमिन्ट के आदमी थे। दोनों खिड़की से परे दरवाज़े के पास बैठे ताश खेल रहे थे। बारा-वास उन से परे पलंग पर बैठा एक पत्रिका पढ़ रहा था।

जेम्स बांड की आंखों में सन्तुष्टि की चमक आ गई। वह एक दक्ष जिमनास्टर की तरह उल्टा और सीधा हो गया। रस्सी पकड़ कर वह वापिस छत पर आ गया।

वह प्रतीक्षा करने लगा।

सब कुछ योजनानुसार हो रहा था।

अभी प्लेन के होटल के सामने प्रकट होने में आधा घण्टा बाकी था।

ठीक साढ़े नो बजे उसके कानों में हवाई जहाज के इन्जन

की समीप होती आवाज पड़ी।

जेम्स बांड की निगाह अपने आप आवाज की दिशा में उठ गई। जो हवाई जहाज आया वह रोशनियों से जगमगाता हुआ दो इन्जन वाला छोटा सा हवाई जहाज था। हवाई जहाज के एक-एक इन्च में बत्तियां जल रहीं थीं और वह कोई स्वर्ग से उतरा उड़न खटोला मालूम हो रहा था। हवाई जहाज इतना नीचा उड़ रहा था कि लगता था कि अभी किसी इमारत से टकरा जायेगा।

जेम्स बांड नीचे झांका।

नीचे मौजूद हर आदमी की निगाहें उस अनोखे हवाई जहाज की ओर उठी हुई थीं। हवाई जहाज ने एक चक्कर काटा और क्षितिज की ओर उड़ चला।

लगभग तुरन्त हवाई जहाज फिर लौटा। इस बार उसके रोशनियों से जगमगाते एक पंख पर एक विशालकाय व्यक्ति खड़ा था

नीचे हलचल मच गई। लोगों में आश्चर्य और आतंक से भरी चींख पुकार की आवाजें छत तक पहुंच रही थीं। लोगों की उंगलियां पंख पर खड़े आदमी की ओर उठ रही थीं।

जेम्स बांड रेलिंग के समीप पहुंचा। उसने नीचे झांका।

उसे खिड़की से बाहर झांकता बारबास का सिर दिखाई दिया।

हवाई जहाज उतने ही इलाके में चक्कर काट रहा था।

जेम्स बांड ने फुर्ती से रेलिंग में हुक फंसाया अपने पांव में डोरी के दूसरे सिरे पर बंधा लोहे का छल्ला फंसाया और सावधानी से पूर्ववत् डोरी और छल्ले के सहारे होटल की दीवार के साथ उल्टा लटक गया।

हवाई जहाज के पंख पर मौजूद सैन्डर अब पैरों के स्थान

पर अपने हाथों के सहारे पांव आकाश की ओर उठाये खड़ा था।

नीचे शोर मच गया। स्पष्ट था कि सैन्डर की करामात नीचे खड़े लोगों में भारी सनसनी फैला गई थी।

बाराबास गहरी दिलचस्पी के साथ खिड़की से बाहर सिर निकाले हवाई जहाज को देख रहा था। शुक्र था कि कमरे में मौजूद ताश खेलते फरमिन्ट के आदमी उस स्टण्ट में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे थे। वे ताश खेलने में मग्न थे? जबकि होटल की कितनी अन्य खिड़कियों में से लोग सिर निकाल-निकाल कर बाहर झांक रहे थे।

हवाई जहाज इस बार वापिस लौटा तो सैन्डर पंख पर एक हाथ के सहारे खड़ा था।

जेम्स बांड अब एकदम बाराबास के सिर के ऊपर लटका हुआ था।

बाराबास या भीतर ताश खेलते आदमी उसकी मौजूदगी से बेखबर थे।

जेम्स बांड ने अपने दोनों हाथ बढ़ाये और उसका सिर थाम लिया। उसने पूरी शक्ति से उसके शरीर को बाहर की ओर झटका किया।

बाराबास का शरीर खिड़की से बाहर उलट गया। उसकी हृदय विदारक चीख इमारत की गहराई में डूबती चली गई।

जेम्स बांड ने तुरन्त कलाबाजी खाई और उसने उलट कर रस्सी थाम ली।

ताश खेलते बाराबास के आदमी पत्ते फेंककर खिड़की की ओर भागे। दोनों खिड़की से सिर निकाल कर नीचे झाकने लगे।

जेम्स बांड इस समय उनके सिरों से मुश्किल से तीन फुट ऊपर था। वह बिजली की फुर्ती से रस्सी के सहारे ऊपर चढ़ने लगा।

हवाई जहाज की बत्तियां बुझ गई। उसने उस स्थान का आखिरी चक्कर लगाया और फिर सीधा क्षितिज की ओर उड़ चला।

जेम्स बांड रेलिंग पर पहुंच गया। उसने रेलिंग से दूसरी ओर छलांग लगाई और अहीम पर लेट गया।

नीचे कोई दरवाजा भड़ाक से खुलने की आवाज आई। फिर भारी कदमों की धमाधम और फिर एक अधिकार पूर्ण आवाज ?

'क्या हुआ ?'

'सर—' कोई कम्पित स्वर से बोला——वह खिड़की से नीचे गिर गया। वह खिड़की से बाहर लटक कर हवाई जहाज को देख रहा था कि एकाएक उसके मुंह से एक चीख निकली, उसका पांव कालीन से फिसला और वह खिड़की से गायब।

जेम्स बांड ने नीचे झांका।

नीचे पथरीली सड़क पर बाराबास का क्षत विक्षत शरीर पड़ा था और उसके आसपास भीड़ इकट्ठी हो रही थी।

जेम्स बांड ने अपने पांव से छल्ला निकाला, रेलिंग से हुक अलग किया डोरी समेटी और झपटता हुआ पूरी छत पार करके पिछवाड़े की रेलिंग पर पहुंचा। उसने रेलिंग में पहले वाले स्थान पर हुक फंसाया और डोरी को बाहर की ओर लटका दिया। वह डोरी के सहारे नीचे उतरने लगा। वह सातवीं मंजिल की उसी खिड़की पर दोबारा चढ़ गया जहां से उसने इस अभियान की शुरुआत की थी। उसने झटका देकर रेलिंग से हुक अलग

किया, अपना पुलोवर उठाकर सारी रस्सी फिर कमर के गिर्द लपेट ली और कमरे से बाहर निकल आया।

गलियारा खाली था।

लिफ्ट द्वारा वह यु ग्राउन्ड फ्लोर पर पहुंच गया।

पिछले दरवाजे पर वही डोर मैन खड़ा था। जेम्स बांड को देखकर वह बड़े रहस्यपूर्ण ढंग से मुस्कराया। जेम्स बान्ड ने वैसी ही मुस्कराहट से जवाब दिया और अपने हाथ पतलून की जेब में ठूंसे आगे बढ़ गया। होटल की साइड से घूमकर वह सामने पहुंचा।

बाराबास की लाश के गिर्द भारी भीड़ जमा हो चुकी थी।

जेम्स बांड को भीड़ में फरामिन्ट का वह आदमी दिखाई दिया। जिसे उसने रयू दु मोन्त ब्लांक की नाइट क्लब में मेजर फ्रिग्येस से सम्पर्क स्थापित करते देखा था।

'क्या हुआ ?'—उसने बड़ी मासूमियत से उससे पूछा।

'एक आदमी मर गया है—' वह आदमी बोला।

'अरे। कैसे !'

'होटल की सातवीं मंजिल से नीचे आ गिरा।'

'आत्म हत्या ?'

'नहीं।' अभी एक हवाई जहाज यहां आया था जो शायद किसी कम्पनी का विज्ञापन कर रहा था। उस हवाई जहाज के पंख पर एक आदमी खड़ा बड़े अनोखे स्टार दिखा रहा था। यह आदमी अपने कमरे की खिड़की में उसे देख रहा था। दुर्भाग्य से वह इतना बाहर झुल गया था कि कालीन से उसका पांव फिसल गया और खिड़की से उलट कर नीचे आ गिरा।'

'च ··च···च'—जेम्स बांड बेहद अवसादपूर्ण स्वर से बोला बेचारा।

वह जेबों में हाथ डाले होटल में दाखिल हो गया।

आपरेशन कामयाब रहा था।
हर कोई बाराबास को दुर्घटनावश मरा समझ रहा था।
अब बाल्कोज बाकी था।

अगले दिन जो सबसे महत्वपूर्ण घटना घटी वह यह थी कि चीफ फरामिन्ट अपने दल बल और बाल्कोज के साथ होटल रिचमंड से कूच कर गया। जेम्स बाण्ड ने जनेवा स्थिति अपने सम्पर्क के माध्यम से अगर होटल की आठवीं मंजिल की निगरानी का इन्तजाम न करवाया होता तो वे लोग सोते ही रह जाते और फरामिन्ट गायब हो चुका होता और फिर उसे तलाश कर पाना अपने आप में एक बेहद मुश्किल काम बन जाता।

जेम्स बांड को तुरन्त इसकी सूचना मिल गई और वह तुरन्त दुश्मनों की गतिविधियां नोट करने में लग गया।

दोपहर के बाद जान्सी और सैन्डर से उसकी मुलाकात हुई।

'फरामिन्ट जनेवा से बिल्कुल ही कूच कर गया है'---जेम्स बाण्ड ने बताया- वह इस समय (न्योन) के (क्लास द सोदेक्स) नामक होटल में है।'

'न्योन ?' जान्सी प्रश्न सूचक नेत्रों से जेम्स बांड की ओर देखता हुआ बोला।

'यह जनेवा से पच्चीस किलोमीटर बाहर एक जगह है। 'लासान' जाने वाले रास्ते पर।

'आई सी।' 'बाल्कोज भी वहीं है ?'

'नहीं होटल में केवल फरामिन्ट और उसके दो या तीन

साथी हैं। वाल्कोज और उसकी बाकी की सारी फौज न्योन से कोई दस किलोमीटर आगे एक पहाड़ी पर बनी एक छोटी सी लाज में मौजूद है। वह लाज छोटी जरूर है लेकिन किले जैसी मजबूत है। लाज इस स्थिति में बनी हुई है कि उसके पृष्ठ भाग में एक कम से कम सौ मीटर गहरी एकदम सपाट पथरीली दीवारों वाली खाई है। लाज में कदम रखने के लिये केवल सामने से रास्ता है और उसके चप्पे-२ पर फरमिन्ट के सशस्त्र आदमी मौजूद हैं।'

'और पिछली ओर ?'

'पिछली ओर पहरा नहीं है। वहां पहरे की जरूरत है ही नहीं। पिछली ओर से पहाड़ी की सौ मीटर ऊंची सपाट दीवार पर चढ़ना असम्भव है। न उधर कमन्द लगाई जा सकती है और न किसी और तरीके से ऊपर चढ़ा जा सकता है।'

'वाल्कोज को रखने के लिये फरमिन्ट ने ऐसी अभेद्य जगह क्यों चुनी ? विशेष रूप से जब कि वह जानता है कि हेलन की सलामती की खातिर हम वाल्कोज तक पहुंचने के लिये कोई जोर जबरदस्ती का तरीका इस्तेमाल करने का ख्याल भी नहीं कर सकते। कहीं बाराबास की मौत के मामले में उसे हम पर शक तो नहीं ?'

'सवाल ही नहीं पैदा होता। हर कोई उसे दुर्घटना के रूप में स्वीकार कर चुका है लेकिन शायद शक करना फरमिन्ट की आदत में शामिल है इसलिये वाल्कोज के मामले में वह ऐसी सावधानी बरत रहा है।'

'फरमिन्ट खुद उस लाज में क्यों नहीं रह रहा ?'

'शायद वह जरूरत नहीं समझता और फिर वह लाज अभेद्य जरूर है, आरामदेय नहीं। शायद फरमिन्ट को होटल का आरामदेय वातावरण को छोड़कर लाज में रहना गंवारा नहीं हुआ।'

'हेलेन ।' जान्सी ने संकोचपूर्ण स्वर में पूछा—'कहीं दिखाई दी ?'

'नहीं । होटल में फरमिन्ट के साथ तो वह निश्चय ही नहीं है । लाज में हो तो मुझे दिखाई नहीं दी । वैसे सम्भावना उसके लाज में होने की ही है ।'

'यानि कि वर्तमान स्थिति में बाल्कोज तक पहुंचना असम्भव है ?'

'जी हां । वर्तमान स्थिति में तो यह असम्भव है लेकिन फिर भी बाल्कोज तक पहुंचने की एक सूरत हो सकती है ।'

'क्या ?'

'कोई लाज के भीतर से कोई हमारी मदद करे ।'

'यह कैसे सम्भव हो सकता है ?'

'सम्भव तो नहीं लगता लेकिन इसी को सम्भव बनाना होगा । लाज में फरमिन्ट के अपने आदमियों के अलावा कोई बाहरी आदमी नहीं मौजूद हैं और न वे किसी बाहरी आदमी को पास फटकने देंगे ।'

'अगर बिजली फेल हो जाये तो ?'

'लाज में सरकारी बिजली है ही नहीं । वहां अपना जनरेटर है । इसलिये बिजली फेल हो जाने का सवाल ही नहीं पैदा होता ।

'टेलीफोन ?'

'टेलीफोन लाज में हैं । लेकिन मुझे उम्मीद नहीं कि वे उसके बिगड़ जाने पर किसी टेलीफोन मकैनिक को भीतर कदम रखने दें । वे किसी ऐसे आदमी को भीतर आने भी देंगे तो वे लोग उसे अकेला तो हरगिज भी नहीं छोड़ेंगे । ऐसे आदमी को वे बाल्कोज के पास हरगिज नहीं फटकने देंगे । इसलिये टेलिफोन वाला बनकर वहां पहुंचने से कोई नतीजा हासिल होने वाला नहीं

है ।'

'ओह ।'

'जान्सी बाल्कोज तक बिना भीतरी मदद के नहीं पहुंचा जा सकता ।'

'हंगेरियन सीक्रेट पुलिस का कोई आदमी कैसे फरमिन्ट से गद्दारी करने के लिये तैयार हो जावेगा ।'

'कैप्टेन कालमान ।' सैण्डर धीरे से बोला ।

'क्या कैप्टेन जोल्ट ।' जान्सी सैन्डर की ओर घूमा ।

'वह बाल बच्चेदार आदमी है ।'

'फिर ?'

'वह बाल बच्चेदार ही नहीं, कायर भी है ।'

'फिर ?'

'उसके बाल बच्चे उसके साथ स्विटरजरलैण्ड नहीं आये होंगे, वे जरूर बुडापेस्ट में ही होंगे ।

'कहीं तुम यह तो नहीं कहना चाहते कि उसके बाल बच्चों पर हाथ डालकर उनके माध्यम से कैप्टेन जोल्ट पर दबाव डाला जाये ।'

सैण्डर ने सहमतिसूचक ढंग से सिर हिलाया ।

'नहीं ।' जान्सी बोला—'यह एक बेहद अमानवीयकृत्य होगा, मुझे ऐसी हरकत पसन्द नहीं ।'

'जान्सी ।' जेम्स बांड जोर से बोला···'सैण्डर ठीक कह रहा है । कैप्टेन जोल्ट को अपनी मदद के लिये तैयार करने का यही एक तरीका है ।'

'लेकिन···'

'उसके बाल बच्चों को कोई नुकसान पहुंचने वाला नहीं है ।'

'लेकिन···'

'और फिर वे लोग नौबत आने पर बड़ा हेलन के साथ जरा

फत के साथ पेश आयेंगे ? जिस प्रकार वे हेलेन को अपने अधिकार में रखकर हम पर दबाव डाल रहे हैं उसी प्रकार हम कैप्टेन जोल्ट के बाल बच्चों पर अधिकार करके उस पर दबाव क्या नहीं डाल सकते ?'

जान्सी चुप रहा।

'मैं बुडापेस्ट फोन करूं ?' सैण्डर बोला।

जान्सी ने बेचैनी से करवट बदली।

'हमारे पास ज्यादा समय नहीं है। जेम्स वाण्ड बोला—'मेजर फ्रिग्येस कल रात से न मुझे रिचमंड होटल में कहीं दिखाई दिया है, न न्योन में फरमिन्ट के साथ दिखाई दिया है और न लाज में दिखाई दिया है। लगता है फरमिन्ट ने खजाने की तलाश में उसे ही कहीं भेजा है। वह पता नहीं जनेवा से कितनी दूर गया है। इसीलिये जाहिर है कि वह किसी भी क्षण वापस लौट सकता है। मेजर फ्रिग्येस के लौटते ही वाल्कोज से आपके और रिजीस्टेन्स मूवमेंट के बारे में जवाब तलबी आरम्भ हो जायेगी। हमें ऐसी नौबत आने से पहले वाल्कोज का इन्तजाम करना है।

'तुम ठीक कह रहे हो।'

'तो फिर सैन्डर बुडापेस्ट फोन करें ?'

'जो मुनासिब समझो, करो।'

सैन्डर तुरन्त टेलीफोन की ओर बढ़ गया।

दो घन्टे के भीतर-भीतर बुडापेस्ट स्थित जान्सी के हैडक्वार्टर से सूचना आ गई कि कैप्टन जोल्ट के परिवार को हैडक्वार्टर में लाकर नजर बन्द कर दिया गया था।

जेम्स बांड ने तुरन्त लाज में फोन किया।

'कैप्टन जोल्ट प्लीज।' सम्पर्क स्थापित होते ही वह हंगेरियन में बोला।

'कौन बोल रहा है ?' दूसरी ओर से पूछा गया ।

'चीफ उससे बात करना चाहते हैं गधे ।' जेम्स बांड गरज कर बोला ।

'स···सारी कामरेड···म···मैं·· अभी कैप्टन साहब को बुलाता हूं ।'

'जल्दी करो ।'

जेम्स बांड रिसीवर कान से लगाये खड़ा रहा ।

दो मिनट बाद उसके कानों में एक नई आवाज पड़ी–'कैप्टन जोल्ट स्पीकिंग ।'

'कैप्टन जोल्ट ।' जेम्स बांड सन्तुलित स्वर से बोला—'जो मैं कहने जा रहा हूं उसे गौर से सुनो । मुझे कोई बात दोहरानी न पड़े ।'

'कौन हो तुम ?' कैप्टन जोल्ट कठोर स्वर से बोला ।

'तुम मुझे नहीं जानते लेकिन इस समय तुम्हारे बीवी–बच्चों की जिन्दगी मेरी मुट्ठी में है ।'

'क···क्या बक रहे हो ?'

'विश्वास न हो तो बुडापेस्ट फोन करके पता कर लो । अपनी तसल्ली कर लेने के लिये मैं तुम्हे दो घण्टे का समय देता हूं । दो घन्टे बाद मैं तुम्हें फिर फोन करूंगा ।'

'तुम चाहते क्या हो ?'

'यह मैं तुम्हें दो घन्टे के बाद ही बताऊंगा लेकिन इस सन्दर्भ में अगर तुमने किसी के सामने विशेष रूप से अपने चीफ फरमिन्ट के सामने जुबान खोली तो तुम्हारे बीवी बच्चों को फौरन शूट कर दिया जाएगा ।'

और जेम्स बांड ने बड़े ड्रामेटिक अन्दाज से रिसीवर क्रेडिल पर पटक दिया ।

वे प्रतीक्षा करने लगे ।

'सैन्डर –' एकाएक जान्सी बोला।

सैन्डर ने तुरन्त जान्सी की ओर देखा।

'सैन्डर।' जान्सी के प्रभावशाली स्वर में आर्द्रता का पुट था—'एक बात हमेशा याद रखना मुझे हैलन की जिंदगी तुम से ज्यादा प्यारी नहीं।'

सैन्डर के चेहरे पर उलझन के भाव उभरे।

'अगर कल तुम प्लेन के पंख पर अपना सन्तुलन बनाये रखने में सफल न हो पाते तो तुम्हारी मौत का इकलौता जिम्मेदार मैं होता।'

जेम्स बांड चौंका।

तो जान्सी को मालूम था कि सैन्डर ने कल रात पैराशूट नहीं पहना था।

'मुझे खेद है।' सैन्डर लज्जित स्वर से बोला—'कि मैंने आपसे झूठ बोला।'

'यह बात मैंने तुम्हें इसलिये नहीं कही है कि तुम खेद प्रकट करो। यह बात मैंने तुम्हें केवल यह बताने के लिये कही है कि हैलन की मौत का मुझे उतना सदमा नहीं होता जितना कि तुम्हारी मौत का। सैन्डर, मेरे दोस्त, मेरे भाई, दुनिया में मुझे तुमसे ज्यादा कोई अजीज नहीं।

सैन्डर सिर झुकाये बैठा रहा।

जेम्स बांड सोच रहा था –क्या कोई कह सकता था कि उस के सामने मौजूद दोनों व्यक्तियों में दुनिया की निगाहों में एक मालिक और नौकर का रिश्ता था।

ठीक दो घण्टे के बाद जेम्स बांड ने फिर लाज में फोन किया।

इस बार फोन को कैप्टन जोल्ट ने ही उठाया।

'बुडापेस्ट फोन कर लिया—।' जेम्स बांड ने सीधा प्रश्न

किया ।

'तु···तुम···क···क्या चाहते हो ?' कैप्टन जोल्ट व्यथित स्वर में बोला ।

'यह मैं फोन पर नहीं बता सकता ।'

'तो फिर !'

'ठीक पांच बजे मुझे रूट सुईस पर लासान की ओर पहला मोड़ काटने के बाद जो पहला मील का पत्थर आये उसके समीप मिलें ।'

'लेकिन मैं लाज छोड़कर नहीं जा सकता ।'

'तुम्हें जाना पड़ेगा ।'

'अच्छा ।' वह मरे स्वर में बोला ।

'और अपने साथ किसी को लाने की कोशिश मत करना और न मुझे पकड़ने के लिये कोई जाल बिछाने की कोशिश करना वर्ना तुम्हारे बाल बच्चे बड़ी दर्दनाक मौत मरेंगे ।'

'मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं है ।'

'समझदार आदमी हो ।'

जेम्स बांड ने रिसीवर रख दिया ।

ठीक पांच बजे कैप्टन कार्ल मार्क जोल्ट निर्धारित स्थान पर मौजूद था । वह कार पर आया था । कार उसने सड़क के किनारे के पास खड़ी की हुई थी और वह स्वयं बदहवास सा हुड का सहारा लिये खड़ा था ।

जेम्सबांड और सैण्डर भी वहां कार पर पहुंचे थे । होटल से निकलते ही जेम्सबांड ने पहला काम यही किया था कि

एक मार्सिडीज कार किराये पर ली थी।

जेम्सबांड के संकेत पर सैन्डर कार को कैप्टन जोल्ट के समीप बिना रोके आगे गुजार कर ले गया।

जेम्सबांड इस टोह में था कि कहीं कैप्टन जोल्ट अपने साथ कोई सहयोगी लेकर तो नहीं आया था।

कैप्टन जोल्ट ने ऐसी कोई गलती नहीं की थी।

जेम्सबांड के संकेत पर सैन्डर ने कार वापिस घुमाई।

'क्यों न हम इस से सीधे हैलन के बारे में ही पूछें।' एका-एक सैन्डर बोला।

'मेरा भी यही ख्याल है!' जेम्सबांड बोला।

सैन्डर ने कार कैप्टन जोल्ट के समीप ला खड़ी की।

कैप्टन जोल्ट चौंका और सम्भल कर खड़ा हो गया।

जेम्सबांड कार से बाहर निकला और उसी की ओर बढ़ने लगा।

सैन्डर कार में ही बैठा रहा।

कैप्टन जोल्ट सशंक नेत्रों से जेम्सबांड की तरफ देख रहा था।

'तुम···!' जेम्स बांड के समीप आते ही कैप्टन जोल्ट बोला।

'मुझे पहचानते हो···!' जेम्सबांड के माथे पर बल पड़ गये।

'हंगेरियन सीक्रेट पुलिस का हर अधिकारी तुम्हें जानता है, कमाण्डर जेम्सबांड। एन्ड्रेसी दट में तुम्हारी बड़ी मोटी फाईल मौजूद है।'

'यह तो और भी अच्छा हुआ। अब तुम्हें बताने की जरूरत नहीं कि तुम्हारा किससे वास्ता पड़ा है।'

कैप्टन जोल्ट ने बेचैनी से पहलू बदला।

'हैलन कहां है ?' जेम्सबांड ने कठोर स्वर से पूछा।

'हैलन !' कैप्टन बोला—'कौन हैलन ?'

'तुम नहीं जानते हैलन कौन है ?'

'मैं किसी हैलन को नहीं जानता।'

'तुम यह कहना चाहते हो कि तुम मेजर जनरल अलैक्सिस इल्यूरिन की बेटी को नहीं जानते।'

'ओह ! तुम मिस इल्यूरिन की बात कर रहे हो। मुझे नहीं मालूम था कि उसका नाम हैलन है।'

'कहां है वह ?'

'मुझे नहीं मालूम।'

'झूठ बोलने से कोई फायदा नहीं होगा, कैप्टन जोल्ट। तुम्हारा झूठ बोलना तुम्हारे बाल बच्चों के लिये बहुत खतरनाक साबित हो सकता है।'

'मैं सच कह रहा हूं कामरेड।' कैप्टन जोल्ट कम्पित स्वर में बोला—'मुझे नहीं मालूम मिस इल्यूरिन कहां है ? अगर मुझे अपने बाल बच्चों की सलामती का ख्याल न होता तो क्या मैं यहां यूं दौड़ा चला आता।'

कैप्टन जोल्ट उसे सच बोलता लगा।

'तुम्हें वाकई कोई हैलन की जानकारी नहीं ?'

'कतई नहीं, कामरेड। मैं कसम खाता हूं।'

'वह बर्न में थी। तुम्हें यह भी नहीं मालूम कि इस समय वह बर्न में है या जनेवा में।'

'वह होगी जनेवा में ही। मेजर फ्रिग्गेस उसे बर्न से पकड़ कर जनेवा ही लाया था।'

'वह लाज में हो सकती है।'

'होने को क्या नहीं हो सकता ?'

'यह कैसे सम्भव हो सकता है कि हैलन लाज में हो और

तुम्हें खबर न हो।'

'सम्भव हो सकता है। मैं सीधा लाज में नहीं आया था। पहले फरमिन्ट ने मुझे अपने साथ न्योन के होटल में रखा था। बाद में कुछ सोचकर उसने मुझे लाज में भेजा था।'

'तुम चाहो तो मालूम तो कर सकते हो कि हैलन लाज में है या नहीं।'

कैप्टन जोल्ट एक क्षण हिचकिचाया, फिर उसने सहमति में सिर हिला दिया।

'मालूम करो!' जेम्सबांड बोला।

'अच्छा।'

'फरमिन्ट का जनेवा में कोई और भी ठिकाना है?'

'नहीं।'

'श्योर!'

'फिर तो हैलन के लाज में ही होने की सम्भावना दिखाई देती है क्योंकि न्योन के होटल में तो वह है नहीं।'

'हां।'

'तुम पक्का पता करो।'

'अच्छा!'

'मेजर फ्रिग्वेस कहां है?'

'फ्रांस गया है।'

'फ्रांस में कहां?'

'यह मुझे नहीं मालूम।'

'तुम्हें मालूम है फरमिन्ट यहां क्यों आया है?'

'हां! मुसोलिनी का कोई खजाना है जिसे फरमिन्ट मेजर जनरल इल्यूरिन के हाथ नहीं पड़ने देना चाहता।'

'वाल्कोज ने उस खजाने के गुप्त स्थान के बारे में फरमिन्ट को बताया है।'

'हां ! उसने फ्रांस का कोई पता बताया था जो मैंने ठीक से सुना नहीं।'

'वाल्कोज या बाराबास से जनरल इल्यूरिन और उसकी रिजिस्टेन्स मूवमेन्ट के बारे में कोई सवाल पूछे गये थे।

'अभी नहीं। बाराबास तो मर गया लेकिन मेजर फिग्वेस के लौट आने के बाद वाल्कोज की अच्छी खबर ली जायेगी।'

'वाल्कोज को अपने अन्जाम की खबर है।'

'नहीं ! उल्टे वह तो फरमिन्ट के इस बारबे को खुश करने बैठा है कि उसे खजाने में से पच्चीस प्रतिशत हिस्सा दिया जायेगा। लेकिन···'

'लेकिन क्या ?'

'बाराबास की मौत से वह बहुत दहशत खा गया है। उसको विश्वास नहीं हो रहा कि बाराबास दुर्घटना ग्रस्त होकर मरा है, वह उसे जनरल इल्यूरिन या सैण्डर की कोई हरकत समझ रहा है।'

'उसने फरमिन्ट पर अपना शक जाहिर किया था ?'

'हां··· और उसी ने फरमिन्ट से यह जिद् की थी कि उसे किसी होटल रिचमन्ड से अधिक सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाये।'

'फरमिन्ट को बाराबास की मौत के बारे में कोई सन्देह है—?'

'सन्देह तो नहीं है। सन्देह का कोई आधार ही नहीं है। लेकिन वह बड़ी असुविधा का अनुभव कर रहा है और कोई ऐसी बात सोच निकालने की कोशिश कर रहा है जिसके आधार पर बाराबास की मौत को हत्या की संज्ञा दी जा सके।'

'वाल्कोज आज में अपने आपको सुरक्षित अनुभव करता है ?'

'यह मुझे नहीं मालूम। लेकिन वह बहुत बेचैन है। वह कहता है उसे हर क्षण किसी भयंकर प्रेत के नीचे खसोटे हाथ अपनी गरदन की ओर बढ़ते महसूस होते हैं।'

'कैप्टन जोल्ट। मैं चाहता हूं आज रात बाल्कोज आत्म-हत्या कर ले।'

'यह···यह कैसे हो सकता है। मैं उसे आत्म हत्या करने के लिये कैसे मजबूर कर सकता हूं?'

'मैं कर सकता हूं।'

'क···कैसे?'

'आज रात मैं लाज में दाखिल होऊंगा और तुम मेरी इस काम में मदद करोगे।'

'क···क्या?'

'हकलाना बन्द करो और गौर से मेरी बात सुनो। लाज के पिछवाड़े की ओर मैंने एक इकलौती खिड़की देखी है। वह खिड़की कैसी है।'

'बाथरूम की खिड़की है जिस पर भीतर से ताला पड़ा रहता है। अगर तुम उस खिड़की के रास्ते लाज में घुसने का सपना देख रहे हो तो उसे भूल जाओ। पिछवाड़े की सौ मीटर ऊंची सपाट पथरीली दीवार पर चढ़कर खिड़की तक पहुंचना असम्भव है।'

'लेकिन अगर कोई भीतर से मदद करे तो शायद यह काम असम्भव न हो।'

'भीतर से मदद···कौन करेगा?'

'तुम।'

'म···मैं!'

'हां!'

'फरमिन्ट मेरा गला काट देगा।'

'उसे मालूम होगा तभी तो।'

'लेकिन जब वाल्कोज की हत्या हो जायेगी तो···।'

'वह आत्म हत्या करेगा, डीयर।'

'क···कैसे ?'

'वह मेरा कहना मानेगा। मैं उसे आत्म हत्या करने के लिये कहूंगा और वह आत्म हत्या कर लेगा।'

'मैं नहीं मानता।'

'वक्त आने दो। अपनी आंखों से देख लेना।'

'मुझसे क्या मदद चाहते हो तुम ?'

'तुम बाथरूम की वह खिड़की खोलोगे और उसमें से एक सौ मीटर लम्बी रस्सी नीचे लटकाओगे जिसके सहारे मैं ऊपर चढ़ कर बाथरूम तक पहुंचूंगा।'

कैप्टन जोल्ट का रंग फक पड़ गया।

जेम्सबांड ने जहर भरी निगाहों से उसे देखा।

'ल···लेकिन वाल्कोज बाथरूम में थोड़े ही होगा।'

'उसे बाथरूम में तुम लाओगे। जब तक वह बाथरूम में न आएगा, मैं वहां से नहीं टलूंगा। उस दौरान अगर कोई और बाथरूम में आ गया तो उसे मेरी खबर लग जायेगी। मेरी खबर किसी को लगी तो मेरी जान जायेगी और साथ ही तुम्हारे बीवी बच्चों की जान जायेगी। इसलिये तुम्हारी भलाई इसी में है कि मेरे बाथरूम में पहुंचने के बाद जल्दी से जल्दी वाल्कोज वहां पहुंचे ताकि मैं जल्दी से जल्दी वहां से टलूं।'

कैप्टन जोल्ट साफ-साफ भयभीत दिखाई देने लगा।

'जल्दी जवाब दो। जेम्सबांड कठोर स्वर से बोला—'मेरी मदद करोगे या मैं बुडापेस्ट फोन करूं कि तुम्हारे बीवी बच्चों को बड़ी बेरहमी से कत्ल कर दिया जाये।'

'नहीं नहीं।' कैप्टेन जोल्ट बोला—'ऐसा न करना मैं जैसा तुम कहोगे करूंगा।'

'वैरी गुड ! ठीक दस बजे मुझे बाथरूम की खिड़की के नीचे रस्सी लटकी मिलनी चाहिये।'

'अच्छा।'

'और अपने आपको सम्भालो। तुम्हारी सूरत ही तुम्हारी नीयत की चुगली कर रही है।'

'अच्छा···अच्छा !'

जेम्सबांड बिना उस पर दोबारा दृष्टिपात किये उसकी ओर बढ़ गया।

कैप्टन जोल्ट पीछे खड़ा चेहरे का पसीना पोंछता रहा।

लाज के सामने के भाग में बड़ा तगड़ा पहरा था। चप्पे-२ पर फारमिन्ट के आदमी छाये हुये थे। जेम्सबांड बड़ा लम्बा चक्कर काटकर लाज के पिछवाड़े की गहरी खाई में पहुंच पाया था।

आसमान में एकदम बादल छा गये थे और अंधेरी रात और अंधेरी लगने लगी थी। रह-रह कर बिजली चमक रही थी।

जेम्सबांड ने सिर उठाकर ऊपर की ओर देखा। उससे सौ मीटर ऊपर मौजूद इकलौती खिड़की में रोशनी थी और वह इतने फासले से एक सितारे की तरह टिमटिमा रही थी।

जेम्सबांड ने अपनी कलाई पर बन्धी घड़ी पर दृष्टिपात किया।

दस बजने को थे।

वह प्रतीक्षा करने लगा।

ठीक दस बजे उसके कानों में ऐसी हल्की सी सरसराहट की आवाज पड़ी जैसे दीवार के साथ कोई चीज घिसट रही हो। जेम्स बांड ने अपनी जेब से एक पेन्सिल टार्च निकाली और उसका प्रकाश सामने पथरीली दीवार पर डाला।

रस्सी का एक सिरा उसकी आंखों के सामने लटक रहा

था।

जेम्सबांड ने रस्सी पकड़ ली और उसको दो-तीन झटके दिये।

रस्सी मजबूत थी और ऊपर कहीं मजबूती के साथ बन्धी हुई थी।

जेम्सबांड ने एक भी क्षण बरबाद किये बिना रस्सी के सहारे ऊपर चढ़ना आरम्भ किया।

सौ मीटर का वह खतरनाक फांसला बड़ी मुश्किल से तय करके वह रस्सी के दूसरे सिरे के समीप पहुंचा। ऊपर खिड़की खुली थी और उसकी चौखट पर बाहर की ओर बन्धा रस्सी का दूसरा सिरा दिखाई दे रहा था।

उसी क्षण खिड़की में से किसी ने बाहर झांका।

प्रकाश उस आकृति के पीछे था, इसलिये जेम्सबांड उसकी सूरत नहीं देख पाया लेकिन वह कैप्टेन जोल्ट के अलावा कोई नहीं हो सकता था। मगर वह कोई और आदमी होता तो अब तक वहां हल्ला मच गया होता और उसका क्षत विक्षित शरीर नीचे गहरी खाई में पड़ा होता।

जेम्स बांड हांफता हुआ खिड़की के समीप पहुंचा। उसने रस्सी पर से एक हाथ हटाकर चौखट की ओर बढ़ाया। अब उसे उस आकृति की सूरत दिखाई दी। वह कैप्टेन जोल्ट ही था। उसी क्षण कैप्टन जोल्ट खिड़की से पीछे हटा और उसने भड़ाक से खिड़की बन्द कर दी।

जेम्सबांड सन्नाटे में आ गया।

क्या कैप्टेन जोल्ट उसे धोखा देना चाहता था। क्या आखिरी क्षण उसके मन में अपनी बीवी बच्चों के अहित का खयाल निकल गया था?

बाथरूम के भीतर से ताले में चाबी घूमने की आवाज

आई।

खिड़की में ताजा लगा दिया गया था।

और जेम्स बांड रस्सी के सहारे खिड़की से बाहर लटका हुआ था। अपनी वर्तमान स्थिति में वह अधिक देर टिका नहीं रह सकता था।

'यह खिड़की के पास क्या कर रहे हो कैप्टेन जोल्ट।' एक भारी आवाज जेम्सबांड के कानों में पड़ी।

'क···कुछ नहीं।' कैप्टेन जोल्ट हकलाता हुआ बोला—'कुछ नहीं मेजर फ्रिग्येस, जरा खिड़की चैक कर रहा था। वाल्कोज यही बायरूम इस्तेमाल करता है न?'

मेजर फ्रिग्येस।

'ओह गाड।' जेम्स बांड होठों में बुदबुदाया—'यह इस गलत मौके पर यहां कैसे पहुंच गया।

'तुम समझते हो कि कोई इस खिड़की के रास्ते भीतर आ सकता है?'

'शायद!' कैप्टन जोल्ट की आवाज आई।

'नानसेन्स!'

'भीतर वाला बाहर तो जा सकता है मेजर फ्रिग्येस।'

'जिन्दा नहीं मर के जा सकता है···कामरेड कहीं तुम यह तो नहीं सोच रहे कि कहीं वाल्कोज आत्म हत्या न कर ले।'

'मैं यही सोच रहा था, मेजर फ्रिग्येस।'

'नानसेन्स वह ऐसा कभी नहीं कर सकता।'

'आपकी अनुपस्थिति में स्थिति में कई अन्तर आ गये हैं। आप शायद अभी वापिस लौटे हैं।'

'हां!'

'आप यहां से चलिये मैं आपको सब कुछ बताता हूं।'

'ओ. के.!'

कोई दरवाजा जोर से बन्द हुआ और फिर बाथरूम में चुप्पी छा गई ।

रस्सी के सहारे बाहर लटके जेम्सबांड की हालत खराब होती जा रही थी । उसे अधिक देर रस्सी के सहारे लटका रहना सम्भव नहीं लग रहा था और अगर उसे वापिस नीचे खाई में उतरना पड़ा तो उस तारीख में तो उसमें रस्सी पर दोबारा चढ़ने की हिम्मत थी नहीं ।

जेम्स बांड एक–एक क्षण पहाड़ की तरह गुजारने लगा ।

अन्त में खिड़की खुली ।

किसी ने बाहर नहीं झांका ।

जेम्स बांड ने सावधानी से बाथरूम में झांका ।

बाथरूम खाली था ।

जेम्सबांड ने चौखट पकड़ी और उसको फांदकर बाथरूम में कूद गया । उसने अपने पीछे खिड़की बन्द कर ली । वह बाथरूम के दरवाजे के पास पहुंचा । बाहर से बन्द था । उसने बाथरूम में चारों ओर दृष्टि दौड़ाई ।

वह एक (६, ८) का कमरा था जिसमें एक ओर शावर था । शावर के आगे मोटा पर्दा पड़ा हुआ था । दूसरी ओर टायलेट और वाश बेसिन था । वाश बेसिन की बगल में लकड़ी का रायल स्टैण्ड था ।

जेम्सबांड शावर के पर्दे के पीछे जा छुपा और प्रतीक्षा करने लगा ।

कोई दस मिनट बाद बाथरूम का दरवाजा खुला ।

जेम्सबांड सावधान हो गया । उसने अपने शोल्डर होल्स्टर से रिवाल्वर निकाल कर हाथ में ले ली ।

बाथरूम में किसी ने कदम रखा ।

शावर का पर्दा हटा ।

कैप्टन जोल्ट और जेम्स बांड की आंखें मिलीं। जेम्स बांड ने बड़े गर्व पूर्ण ढंग से रिवाल्वर उसके चेहरे के सामने लहराई।

कैप्टन जोल्ट के चेहरे का रंग उड़ गया।

कुछ क्षण बाद अपेक्षाकृत हल्के कदमों की आहट बाथरूम में सुनाई दी। किसी ने बाथरूम का दरवाजा भीतर से बन्द कर लिया।

जेम्स बांड ने पर्दे को थोड़ा सा एक ओर सरकाया और बाहर झांका।

बाथरूम में वाल्कोज खड़ा था। जेम्स बांड की ओर उसकी पीठ थी।

जेम्स बांड ने रिवाल्वर वापस शोल्डर होलस्टर में डाल ली और जेब से सिल्क की मजबूत डोरी निकाल ली।

वाल्कोज अपनी पतलून के बटन खोलता हुआ टायलेट की ओर बढ़ रहा था।

जेम्स बांड ने निशब्द पर्दे से बाहर कदम रखा। सिल्क की डोरी उसके दोनों हाथों में फंदे की तरह झूल रही थी। उसने सावधानी से आगे कदम बढ़ाया।

उसी क्षण पता नहीं कैसे वाल्कोज को अपने सिर पर मंडराती मौत का आभास हो गया। वह एकदम पलटा। अपने एक दम सामने खड़े जेम्स बांड से उसकी आंखें मिलीं। आतंक से उसका निचला जबड़ा लटक गया और नेत्र फट पड़े।

जेम्स बांड उस पर झपटा।

उसके मुंह से एक दर्दनाक चीख निकली।

ठीक उसी समय बाहर जोर से बाद गर्जे।

जेम्स बांड ने सिल्क की डोरी का फन्दा उसके गले में डाल दिया और पूरी शक्ति से फन्दे को कसने लगा।

'यह कैसी आवाज थी?' एकाएक बाथरूम के बाहर से

किसी की आशंका पूर्ण आवाज आई।

'बादल गर्जे थे। कैप्टन ओल्ट की आवाज आई।

'मुझे ऐसे लगा था जैसे कोई जोर से चिल्लाया हो।'

'तुम्हारे कान बज रहे हैं, कामरेड।

'मुझे लगा था जैसे बाथरूम में कोई चीखा हो।'

'नानसेन्स, बाथरूम में तो अभी बाल्कोज गया है। वह भला क्यों चीखेगा?'

'लेकिन...'

'ओह, शटअप।'

बाहर चुप्पी छा गई।

जेम्स बांड डोरी पर अपना दबाव बढ़ाता रहा। अन्त में बाल्कोज का निश्चेष्ट शरीर उसकी बाहों में झूल गया। जेम्स बाण्ड ने डोरी पर अपनी पकड़ ढीली कर दी। बाल्कोज की जुबान बाहर लटक आई थी, चेहरा काला पड़ गया था और आंखें कटोरियों में से उबल पड़ रही थीं।

जेम्स बाण्ड ने सिल्क की डोरी का फन्दा उसकी गरदन से निकाला और उसे वापिस जेब में रख लिया। उसने बाल्कोज के मृत शरीर को सावधानी से जमीन पर लिटा दिया। वह शावर के पर्दे के पास पहुंचा। बड़ी फुर्ती से उसने शावर का पर्दा उतार लिया और उसे लम्बी लम्बी धज्जियों की सूरत में फाड़ना आरम्भ कर दिया। उन धज्जियों को उसने एक मजबूत रस्सी बनाई और फिर उसकी मजबूती को परखा। वह रस्सी प्रयाप्त मजबूत थी और एक भारी भरकम आदमी का बोझ बखूबी सम्भाल सकती थी।

बाथरूम के एक कोने में एक स्टूल पड़ा था। जेम्स बांड ने वह स्टूल उठाकर फर्श के बीचों बीच रखा और उस पर चढ़ गया। छत पर मौजूद एक हुक के साथ उसने नवनिर्मित रस्सी

का एक सिरा बान्ध दिया। अब रस्सी छत के साथ लटक रही थी। फिर उसने वाल्कोज के मृत शरीर को उठाकर सीधा खड़ा किया। बड़ी कठिनाई से वह वाल्कोज के शरीर के साथ स्टूल पर चढ़ पाया।

—'वाल्कोज बहुत देर लगा रहा है।' पहले वाली आवाज फिर जेम्स बाण्ड के कानों में पड़ी—'क्या कर रहा है वह भीतर ?'

'बाथरूम में कोई क्या करता है ?' कैप्टन जोल्ट का स्वर सुनाई दिया।

'लेकिन इतनी देर···'

'तुम खामखाह वहम कर रहे हो, कामरेड।'

'उसे आवाज दें ?'

'लेकिन···'

'वाल्कोज ?' कोई उच्च स्वर से बोला और साथ ही दरवाजे पर दस्तक हुई—'जल्दी करो।'

जेम्सबांड ने बड़ी मजबूती से रस्सी का दूसरा सिरा वाल्कोज की गरदन में बांधा और स्वयं स्टूल से नीचे उतर गया। इसने स्टूल वाल्कोज के पैरों के नीचे से निकाल लिया और उसे धीरे से जमीन पर लुढ़का दिया। अब वाल्कोज की लाश छत से बंधी रस्सी के साथ झूल रही थी।

'वह जवाब क्यों नहीं दे रहा !' वही सदेह भरी आवाज फिर आई—'मुझे तो कोई गड़बड़ लगती है।'

'तुम्हारी अक्ल खराब हो गई है।'

जेम्स बांड ने एक खोजपूर्ण निगाह चारों ओर डाली। वह आत्महत्या का माहौल बना चुका था। कहीं कोई गलती नहीं थी। कहीं कोई गड़बड़···ओह माई गाड।

'यह क्या हो रहा है ?' बाहर से मेजर क्रिग्वेस की आवाज

आई।

'वाल्कोज को भीतर गये बीस मिनट से ज्यादा हो गये हैं।

मेजर फ्रिग्येस'—पहले वाली आवाज फिर आई—'वह न बाहर निकलता है और न भीतर से जवाब देता है।'

'दरवाजा तोड़ डालो।' मेजर फ्रिग्येस तुरन्त निर्णयात्मक स्वर में बोला।

तुरन्त दरवाजे पर भारी चोटें पड़ने लगीं।

जेम्स बांड भारी गलती करके जा रहा था। ऐन मौके पर उसकी निगाह उस गलती पर पड़ गई थी।

वाल्कोज की पतलून के बटन खुले थे।

आत्महत्या करने वाले की पतलून के बटन खुले होने का क्या मतलब।

बाथरूम का दरवाजा ज्यादा मजबूत नहीं था। वह किसी भी क्षण टूटकर गिर सकता था।

जेम्स बांड ने जल्दी जल्दी वाल्कोज की पतलून के बटन लगाये।

दरवाजा चरमरा रहा था।

वह लपक कर खिड़की के पास पहुंचा। उसने खिड़की खोली और चौखट पर चढ़ गया। उसने खिड़की के दोनों पल्ले एक-दूसरे के साथ भिड़ा दिये और बाहर लटकी रस्सी दोबारा थाम ली।

उसी क्षण बाथरूम का दरवाजा टूटकर गिरा।

रस्सी के सहारे नीचे उतरते जेम्सबांड के कानों में कई आश्चर्य मिश्रित स्वर एक साथ पड़े।

जेम्स बांड अपनी मर्सिडीज कार की ड्राइविंग सीट पर मौजूद था। कार लासान, जनेवा रोड पर आगे बढ़ रही थी।

बाराबास और वाल्कोज का सफाया बिल्कुल उस ढंग से हो चुका था, जैसे जान्सी चाहता था।

अब उसके सामने सबसे बड़ी समस्या हेलेन को स्वतन्त्र करने की थी।

अब यह भी निश्चित हो चुका था कि हेलेन लाज में थी।

उसी क्षण उसे म्योन की दिशा से एक कार आती दिखाई दी। जेम्सबांड की मर्सिडीज की शक्तिशाली हैडलाईटस का सीधा प्रकाश उस पर पड़ा।

वह एक हल्की सी वोल्कस वैगन कार थी। कार की पिछली सीट पर फरमिन्ट बैठा था। कार में फरमिन्ट और ड्राइवर के अतिरिक्त और कोई नहीं था। शायद उसे वाल्कोज की आत्म-हत्या की सूचना मिल चुकी थी और इसीलिये लाज की ओर लपका जा रहा था।

एकाएक एक ख्याल बिजली की तरह जेम्सबांड के दिमाग में कौंध गया।

एक क्षण भी नष्ट किये बिना उसने तुरन्त उसे कार्यरूप में परिणत किया।

फरमिट की कार अब उससे मुश्किल से पच्चीस फुट दूर रह गई थी। इससे पहले कि दोनों कारें एक दूसरे की बगल से गुजर जातीं जेम्स बांड ने तुरन्त अपनी भारी मर्सिडीज कार का स्टेयरिंग घुमाया और उसे सीधे फरमिट की कार में दे मारा।

फरमिट की कार के ड्राइवर ने साथ ब्रेकें लगायी लेकिन वह जबरन की गई उस टक्कर से कार को न बचा सका।

टक्कर होने से केवल एक क्षण पहले जेम्स बांड मर्सिडीज से बाहर सड़क पर कूद गया।

दोनों कार भड़ाक की आवाज के साथ एक दूसरे से टकरायीं।

फरमिट की कार टक्कर लगते ही उलट गयी और मर्सिडीज से परे जाकर गिरी।

जेम्स बांड जल्दी से अपने स्थान से उठा। एक हाथ में रिवाल्वर और दूसरे में पेन्सिल टार्च लिये वह आगे बढ़ा। वह फरमिट की कार के समीप गया।

फरमिट की कार का ड्राइवर बड़ी खतरनाक हालत में स्टेयरिंग के पीछे फंसा हुआ था और लगता था कि मर गया था। फरमिट पिछली सीट पर उल्टा पड़ा था उसकी दांई कनपटी से खून बहकर उसका चेहरा भिगो रहा था।

जेम्स बांड ने कार का पिछला दरवाजा खोलकर उसे बाहर निकाल लिया।

फरमिट बेहोश था लेकिन जिंदा था और खतरे से बाहर था।

जेम्सबांड उसे उठाकर अपनी कार तक लाया। उसने उसे कार की पिछली सीट पर डाल दिया। जिस सिल्क डोरी से उसने वाल्कोज का गला घोटा था, उसी से उसने फरमिट के हाथ पांव बांध दिये।

उसने कार का मुआयना करना आरम्भ किया।

उसकी कार को भारी नुकसान नहीं पहुंचा था। कार का अगला भाग पिचक गया था। रेडियेटर में से पानी चूने लगा था और विंड स्क्रीन चटक गयी थी लेकिन इन्जन और पैट्रोल की

टंकी सलामत थी। कार चलने की हालत में थी।

वह फिर फरमिट की ओर आकर्षित हुआ। फरमिट धीरे-धीरे कुनमुना रहा था और उसके किसी भी क्षण होश में आ जाने की सम्भावना दिखाई दे रही थी।

जेम्सबांड ने फरमिट की सारी जेबें खाली कर दीं। जेबों से निकला सारा सामान उसने उसी के रूमाल में बांध दिया और उसे अपनी जेब में डाल लिया।

जेम्स बांड कार की अगली सीट पर जा बैठा उसने कार को बैक कर टर्न किया और वापिस लाज की दिशा में आगे बढ़ा। कोई एक किलोमीटर आगे जाकर उसने कार को सड़क के किनारे रोक दिया।

उसने कार की डोम लाइट जला दी और फरमिट के होश में आने की प्रतीक्षा करने लगा।

लगभग दस मिनट बाद फरमिट के मुंह से पहली कराह निकली। उससे थोड़ी देर बाद उसने आंखें खोलीं। अपने हाथ पांव बंधे पाकर उसके चेहरे पर पहले उलझन, फिर आश्चर्य और फिर क्रोध के भाव उभरे। फिर उसकी निगाह जेम्सबांड से मिली।

'हैल्लो।' जेम्सबांड मीठे स्वर से बोला।

'तुम!' फरमिट के मुंह से इतना ही निकला।

'कमान्डर जेम्सबाण्ड एट यूअर सर्विस, सर।'

'मुझे पहले ही समझ जाना चाहिये था कि...'

'जो आपको समझ जाना चाहिये था और नहीं समझ पाये उसे छोड़िये और अपना मुंह खोलिये।'

'तुम चाहते क्या हो?'

'इस वक्त मुझे आपके सवालों का जवाब देने की फुरसत नहीं। जो मैं कहता हूं, फौरन कीजिये।'

'लेकिन···'

जेम्स बांड ने रिवाल्वर निकाल दी। उसने रिवाल्वर की नाल को फरमिट के सिर पर उस स्थान पर रखा जहां से सिर बुरी तरह फटा हुआ था।

फरमिट का चेहरा कागज की तरफ सफेद हो गया।

जेम्स बांड ने नाल को धीरे से दबाया।

'भो !' फरमिट के मुंह से निकला।

जेम्स बांड ने नाल पर दबाव डाला।

फरमिट के मुंह से चीख निकल गई। चीख के साथ उसका मुंह खुला तो जेम्स बांड ने अपने रूमाल का गोला सा बनाकर उसके मुंह में ठूंस दिया। उसी की टाई उतार कर उसने उसके मुंह पर बान्धी और उसे बांह पकड़कर सीट से नीचे लुढ़का दिया।

कार उसने दोबारा लाज की ओर बढ़ा दी।

लाज के आधा किलोमीटर पहले उसने कार को सड़क से नीचे उतार दिया और उसे पेड़ों के एक झुरमुट के पीछे छुपा दिया। उसने कार की चाबियां इग्नीशन में ही छोड़ दी और कार से बाहर निकल आया।

वह पैदल लाज की ओर बढ़ा।

फरमिट के जो आदमी पहले लाज के आसपास हर ओर फैले हुये थे अब लाज के सामने के कम्पाउण्ड में झुरमुट बनाये खड़े थे। शायद अब उस तगड़ी पहरेदारी की जरूरत नहीं रही थी जो कि वाल्कोज की जिन्दगी में ही जरूरत थी।

एक स्थान पर जेम्स बाण्ड ठिठका। उसने अपने शोल्डर होलस्टर से रिवाल्वर निकाली और उसे एक पेड़ के खोखले तने में डाल दिया। फिर उसने शोल्डर होलस्टर भी उतार फेंका।

वह लाज के मुख्य द्वार की ओर बढ़ा

लाज के सामने मौजूद व्यक्ति उसकी आहट सुनकर चौंके और फिर सन्दिग्ध निगाहों से उसकी ओर देखने लगे।

जेम्स बाण्ड प्रन्तुलित कदमों से आगे बढ़ता रहा।

एकाएक कई हाथों में रिवाल्वर चमक पड़ी।

जेम्स बाण्ड ने अपने हाथ अपने सिर से ऊपर उठा लिये और होठों पर एक रहस्यपूर्ण मुस्कराहट चिपकाये आगे बढ़ता रहा।

'मैं चीफ फरमिन्ट का सन्देशा लेकर आया हूं।' वह आगे बढ़ता हुआ उच्च स्वर में बोला—'मुझे फौरन अपने इंचार्ज के पास पहुंचाओ।

कम से कम दो सशस्त्र आदमियों ने उसे घेर लिया और उसे लाज के भीतर ले चले। वे उसे लाज में एक बड़े से कमरे में ले आये जिसमें मेजर फ्रिग्येस और कैप्टन जोल्ट के अतिरिक्त एक अन्य आदमी भी मौजूद था।

जेम्स बांड पर निगाह पड़ते ही कैप्टन जोल्ट के चेहरे का रंग उड़ गया।

मेजर फ्रिग्येस की उस पर निगाह पड़ी और वह भी सन्नाटे में आ गया।

यही हाल तीसरे आदमी का था।

'कमाण्डर जेम्स बांड'—जेम्स बांड तनिक सिर नवाकर मुस्कराता हुआ बोला—'सीक्रेट एजेन्ट ००७ आफ ब्रिटिश इन्टेलीजेन्स एट युअर सर्विस जन्टलमैन।'

तुरन्त मेजर फ्रिग्येस के हाथ में भी एक रिवाल्वर प्रकट हुई।

'तुम!' वह बोला—यहां।'

'सर—उसे वहां तक लाने में से एक बोला—'यह आदमी कहता है कि यह चीफ फरमिन्ट का सन्देशा लाया है।'

'मैंने ठीक सुना है!' मेजर फ्रिग्येस ने पूछा।

'बिल्कुल ठीक सुना है'— जेम्स बांड बोला।

'क्या संदेश लाये हो ?'

'इतने आदमियों के सामने बताऊं !'

'जल्दी बोलो वर्ना शूट कर दूंगा।

—'मारी मूर्खता का परिचय दोगे। अगर मुझे शूट करना इतना आसान होता तो क्या मैं यूं असुरक्षित यहां चला आता।

'मैं खुद हैरान हूं।'

'पूरी बात सुनकर तुम और भी हैरान होवेगे।'

'जल्दी बोलो।'

'पहले इन लोगों को यहां से निकालो। मैं सिर्फ तुमसे बात करना चाहता हूं।'

'मेजर फ्रिग्वेस एक क्षण हिचकिचाया और फिर बोला—'सब लोग चले जाये लेकिन दरवाजे के बाहर तैयार खड़े रहें। यह आदमी कोई शरारत न करने पाये।'

सब लोग बाहर की ओर चल पड़े।

जेम्सबाण्ड लापरवाही से आगे बढ़ा और एक कुर्सी पर ढेर हो गया।

'कामरेड !' वह बड़े इत्मीनान से बोला—'मैं हैलन को लेने आया हूं।'

मेजर फ्रिग्येस बुरी तरह से चौंका।

'तुम नशे में हो'—वह बोला।

'मैं पूरी तरह होश में हूं'—जेम्स बांड बोला—और मैं जो कह रहा हूं, सोच समझ कर कह रहा हूं। मुझे पूरा विश्वास है तुम खुद अपनी मर्जी से हैलन को मेरे साथ रवाना करोगे।

मेजर फिग्येस के नेत्र सिकुड़ गये। वह कुछ क्षण सोचता रहा और फिर बोला—'और फरमिंट का क्या सन्देशा लाये हो तुम ?'

'मैं फरमिन्ट का सन्देशा नहीं, उसकी खबर लाया हूं।'

'कैसी खबर ?'

'फरमिन्ट इस वक्त मेरे अधिकार में है, बिल्कुल उसी प्रकार

जैसे हैलन तुम्हारे अधिकार मे है। सबूत के तौर पर मैं यह समान पेश करता हूं जो मैंने उसकी जेब से निकाला है।

और जेम्स बांड ने अपने रूमाल में बन्धा वह सारा सामान उसकी ओर उछाल दिया जो उसने फरमिन्ट की जेब से निकाला था।

मेजर फ्रिग्येस कितनी ही देर सामान का निरीक्षण करता रहा अन्त में जब वह बोला तो वह बेहद गम्भीर था—'वह कहां है ?'

जेम्स बाण्ड यूं हंसा जैसे उसने भारी मजाक की बात सुन ली हो।

'तुम नहीं बताओगे !'

'सवाल ही नहीं पैदा होता। ऐसा सवाल पूछना ही मूर्खता है। इतना जरूर बता देना चाहता हूं तुम्हें कि अपने जिन आदमियों के पास मैं फरमिन्ट को छोड़कर आया हूं उन्हें मैं स्पष्ट आदेश देकर आया हूं कि अगर कोई गैर आदमी उस संस्था के पास फटकने की कोशिश करे जहां कि फरमिन्ट को रखा गया है तो वे उसका कत्ल कर दें और उसका सिर काट कर एक प्लेट में सजा कर यहां भेज दें बिल्कुल वैसे ही जैसे तुम लोग हेलेन का सिर काट कर मखमल के डिब्बे में बन्द करके जान्सी के पास भेजना चाहते थे।'

'फरमिन्ट जान्सी और सैण्डर के अधिकार में है ?'

'शायद हो शायद न हो !'

'तुम्हें यह किसने बताया है कि हेलेन लाज में है।

'खुद फरमिण्ट ने।' —जेम्स बांड ने झूठ बोला।

मेजर फ्रिग्येस फिर सोच में पड़ गया।

'मिस इल्यूरिन को बुलवाओ—जेम्स बांड आदेश देने के अन्दाज से बोला···'और वह एकदम सही सलामत होनी चाहिये उसके एक नाखून के बदले में हम फरमिन्ट का एक हाथ काट देंगे।'

मेजर फिग्येस ने उत्तर नहीं दिया।

'देर करने से नुकसान ही होगा, कामरेड फावदा नहीं। मेरे आदमी सिर्फ दो घण्टे मेरा इन्तजार करेंगे। अगर मैं इतने समय में हेलेन को लेकर उनके पास न पहुंचा तो वे फरमिन्ट का काम तमाम कर देंगे।'

मेजर फिग्येस दरवाजे तक गया। दरवाजा खोलकर उसने किसी को कुछ कहा और फिर वापिस कमरे में आ गया। वह कमरे में इधर उधर टहलने लगा। वह बेहद परेशान दिखाई दे रहा था।

थोड़ी देर बाद कैप्टेन जोल्ट के साथ हेलेन कमरे में दाखिल हुई। जेम्स बांड पर निगाह पड़ते ही हेलेन का रंग फक पड़ गया।

'तुम भी!'—वह घबराये स्वर से बोली।

'घबराओ नहीं'—जेम्स बांड अपने स्थान से उठा और मुस्कुराता हुआ बोला—'मैं अपनी मर्जी से यहां आया हूं। तुम्हें लेने?'

'मुझे लेने!'—वह अविश्वास पूर्ण स्वर से बोली।

'हां ये लोग तुम्हें रिहा कर रहे हैं।' है न कामरेड।

'इतनी आसानी से नहीं—' मेजर फिग्येस बोला।

'मतलब?'—जेम्स बांड बनावटी हैरानी जाहिर करता हुआ बोला।

'फरमिन्ट हम तक वापिस कैसे पहुंचेगा?'

'मैं हेलेन को यहां से लेकर जाऊंगा। मेरे वहां जाते ही मेरे साथी फरमिन्ट को रिहा कर देंगे।'

'हम भी दूध पीते बच्चे नहीं कामरेड, जो हेलेन को यूं यहां से चला जाने दें। फरमिन्ट की सुरक्षित वापसी का कोई और ज्यादा इमानदारी भरा तरीका सोचो।'

'आल राइट —' जेम्स बांड निर्णयात्मक स्वर से बोला—'तुम हेलेन को यहां से अकेली चली जाने दो। मैं इसे अपने साथियों

का पता बता दूंगा। यह वहां उनके पास जायेगी। इसके वहां पहुंचते ही मेरे साथी फरमिन्ट को रिहा कर देंगे और वे फरमिन्ट को बता देंगे कि वह रिहा होते ही टेलीफोन द्वारा तुम से सम्पर्क स्थापित कर ले। फरमिन्ट का फोन आते ही तुम मुझे रिहा कर देना और मैं टेलीफोन पर अपनी रिहाई की सूचना अपने साथियों को दे दूंगा।'

'ठीक है—, मेजर फ्रिग्येस बोला— 'लेकिन अगर दोघन्टे के अन्दर अन्दर मुझे फरमिन्ट की रिहाई सूचना न मिली तो मैं खुद तुम्हें शूट कर दूंगा।'

'मन्जूर। फरमिन्ट को यहां का टैलीफोन नम्बर मालूम है?'

'मालूम है।'

'गुड। अब मुझे हेलेन से अकेले बात करने का मौका दो।'

'नामुमकिन।'

'लेकिन मुझे हेलेन को उस स्थान का पता बताना होगा जहां फरमिन्ट गिरफ्तार है।'

'मेरे सामने बताओ।'

'यह कैसे हो सकता है। अगर उस स्थान का पता तुमने भी सुन लिया तो तुम मुझे और हेलेन को तो छोड़ोगे नहीं, उल्टे फोरन फरमिन्ट को छुड़ाने की कोशिश करोगे।'

'तो तुम हेलेन से ऐसे बात करो की आवाज मेरे कानों तक न पहुंचे। मैं तुम दोनों को अकेला नहीं छोड़ सकता।'

'ओ. के.।'

जेम्स बांड ने हेलेन की बांह पकड़ी और उसे कमरे के एक कोने में ले गया।

'जो मैं कह रहा हूं, उसे गौर से सुनो—' जेम्स बांड हेलेन के कान में बोला—'यहां से आधा किलोमीटर दूर न्योन की ओर जाने वाली सड़क पर पेड़ों का एक झुरमुट है। उसके पीछे एक मर्सिडीज कार खड़ी है। कार की चाबी इग्नीशन में ही लगी हुई है। कार की पिछली सीट के नीचे ही हाथ पांव बन्धा फरमिन्ट पड़ा है।'

'क···क्या !' हैलन हैरानी से बोली—'वह यहीं है। लाज के इतने पास।'

'धीरे बोलो। ···तुम उस कार पर जल्दी से जल्दी जनेवा पहुंचो। रिचमन्ड होटल में जान्सी और सैण्डर मौजूद हैं। तुम फरमिन्ट को उनके हवाले कर देना और यहां मेरे और मेजर फ्रिग्येस के बीच जो समझौता हुआ है उन्हें सुना देना। आगे वे जो मुनासिब समझेंगे, करेंगे।'

'लेकिन तुम्हारा क्या होगा ?'

'मुझे यहां कोई खतरा नहीं है। जब तक मेजर फ्रिग्येस का चीफ हमारे अधिकार में है यह मुझे मारने का ख्याल भी नहीं करेगा ?'

'लेकिन···,

'वक्त बरबाद मत करो। यहां से फौरन निकल जाओ। मुझे डर है कि कहीं मेजर फ्रिग्येस को अक्ल न आ जाये और उसका इरादा न बदल जाये।'

हेलेन ने सहमति सूचक ढंग से सिर हिला दिया।

हेलेन तैयार है।' जेम्स बांड उच्च स्वर से बोला—

'कैप्टेन जोल्ट।' मेजर फ्रिग्येस ने आदेश दिया—'हेलेन को बाहर तक छोड आओ और सबको समझा दो कि मेरा आदेश है कि हेलेन कहीं भी जाने के लिये आजाद है।'

'यस मेजर फ्रिग्येस।' कैप्टेन जोल्ट तत्पर स्वर से बोला।

हेलेन और कैप्टेन जोल्ट कमरे से बाहर निकल गये।

थोड़ी देर बाद जेम्स बांड को खिड़की में से लाज के बाहर हेलेन दिखाई दी। वह अकेली मुख्य सड़क की दिशा में बढ़ रही थी।

कैप्टेन जोल्ट कमरे में वापिस आ गया।

'इसे पिछवाड़े के कमरे में ले चलो।' मेजर फ्रिग्येस ने आदेश दिया।

जेम्स बांड को पिछवाड़े के एक ऐसे कमरे में पहुंचा दिया गया जिसमें प्रवेश द्वार के अलावा एक रोशनदान तक नहीं था।

कमरे में सिर्फ एक कमजोर सा बल्ब जल रहा था। सामने दीवार के साथ एक लोहे का नंगा पलंग पड़ा था। मेजर फ्रिग्येस के संकेत पर जेम्स बांड उस पर बैठ गया।

'कैप्टेन जोल्ट'—मेजर फ्रिग्येस कैप्टेन की ओर घूमा।

'यस, मेजर फ्रिग्येस'—कैप्टेन जोल्ट बोला।

'यह आदमी तुम्हारे हवाले है।' मेजर फ्रिग्येस बोला।

'यस मेजर फ्रिग्येस।' कैप्टेन जोल्ट बोला।

अगर यह आदमी कोई शरारत करने की कोशिश करे तो इसे बेहिचक शूट कर देना।'

'यस मेजर फ्रिग्येस।'

'अगर यह अपने स्थान से उठकर खड़ा होने की कोशिश करे तो गोली।'

'यस मेजर फ्रिग्येस।'

इस आदमी की सारी जिम्मेदारी तुम पर है। अगर यह आदमी यहां से निकल भागने में कामयाब हो गया तो तुम्हारे साथ साथ तुम्हारे सारे परिवार को भी मौत के घाट उतार दिया जायेगा। समझ गये?'

'यस मेजर फ्रिग्येस।'

मेजर फ्रिग्येस कमरे से बाहर निकल गया। दरवाजा बन्द हो गया।

कैप्टेन जोल्ट ने यूनीफोर्म में लगी रिवाल्वर निकाल कर अपने हाथ में ले ली।

कुछ क्षण शान्ति रही'

'मुझे यहां से निकालो'—अन्त में जेम्स बांड बोला।

'पागल हो गये हो'—कैप्टन जोल्ट आतंकित स्वर में बोला —तुमने सुना नहीं मेजर ने क्या कहा था?'

'तुम शायद भूल रहे हो कि मेरी मदद न करने पर तुम्हारे बाल बच्चों का क्या अन्जाम हो सकता है?'

'मैं कुछ नहीं भूला हूं। मेरे परिवार का तुम्हारे हाथों उतना खतरनाक अन्जाम नहीं हो सकता जितना कि मेजर

फ्रिग्येस के हाथों । इसलिए चुपचाप बैठो ।'

जेम्स बांड चुप हो गया । वर्तमान स्थिति में कैप्टेन जोल्ट को उसके परिवार के अन्जाम से धमकाना बेकार था ।

'तुमने तो मुझे बरबाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी' कैप्टेन जोल्ट यूं बोला जैसे अपने आप से बातें कर रहा हो—वह तो मेरा मुकद्दर ही अच्छा था जो मेजर फ्रिग्येस की निगाह नहीं पड़ी कि बाथरूम का ताला गायब था । उसका सारा ध्यान बाल्कोज की छत से लटकी लाश की ओर रहा । अगर उसकी निगाह खिड़की पर पड़ जाती तो मैं उसी क्षण स्वयं को मरा समझ लेता ।'

'तुम्हें ऐसी किसी सम्भावना को ध्यान में रखना चाहिये था ।'

'क्या ध्यान में रखना चाहिये था । मैंने तो समझा था कि तुम बाथरूम में चुपचाप बाल्कोज का काम तमाम करोगे और बाथरूम का भीतर से बन्द दरवाजा खोल जाओगे । मैं बाथरूम में जाकर पहले खिड़की में ताला लगाऊंगा और फिर शोर मचाऊंगा कि बाल्कोज ने फांसी लगाकर जान दे दी है ।' लेकिन पहले तो मेरा साथी कैप्टेन जोनास वहां आकर हल्ला करने लगा कि बाल्कोज बाथरूम में जरूरत से ज्यादा देर लगा रहा है और फिर ऊपर से मेजर फ्रिग्येस भी वहां पहुंच गया । मैं बड़ी मुश्किल से उन दोनों की आंख बचाकर खिड़की में ताला लगा पाया । वह खुली खिड़की तुम्हारे कुकृत्यों की सौ फीसदी पोल खोल देने के लिये काफी था ।'

'किसी को किसी गड़बड़ का सन्देह है ।'

'नहीं । संदेह की गुंजाइश नहीं है । लेकिन जब फरमिन्ट को फोन किया गया था तो वह बहुत बिफरा था और कह रहा था कि जरूर कहीं दाल में काला है । यहां पहुंचकर वह पता नहीं क्या बवेला खड़ा करता ।'

जेम्स बांड चुप रहा ।

'कामरेड'—कैप्टेन जोल्ट धीमें किन्तु रहस्यपूर्ण स्वर से बोला —एक बात मैं दावे के साथ कह सकता हूं ।'

'क्या ?'

'फरमिन्ट जनेवा में मौजूद तुम्हारे लोगों की गिरफ्त में नहीं है।'

जेम्स बांड चौंका।

'क्या मतलब ?'—वह बोला।

'तुम्हारे पास इतना वक्त कहां था कि तुम जनेवा पहुंच सकते ?' बाथरूम से निकल भागने के लगभग फौरन ही बाद ही तो तुम यहां आ गये और कहने लगे कि फरमिन्ट तुम्हारे साथियों के अधिकार में है। ऐसा कैसे हो सकता है ? जरूर तुमने फरमिन्ट को लाज और न्यौन के बीच कहीं घेरा होगा और इस समय भी वह आस पास कहीं होगा।'

जेम्स बांड कैप्टेन जोल्ट का मुंह देखने लगा। कैप्टेन जोल्ट आखिर उतना अहमक था नहीं जितना वह सूरत से दिखाई देता था।

'मेरे साथी उसे फौरन जनेवा ले गये थे'—प्रत्यक्षः जेम्सबांड बोला।

'बशर्ते की तुम्हारा कोई साथी हो !'

'क्या मतलब।'

'मेरा ख्याल है तुम यहां अकेले आये थे।'

'तुम्हारा ख्याल गलत है।'

कैप्टेन जोल्ट के चेहरे पर एक अजीब सी मुस्कराहट आई।

जेम्स बांड चाहता तो बड़ी आसानी से कैप्टेन जोल्ट पर काबू पा सकता था और उसकी रिवाल्वर अपने अधिकार में कर सकता था। लेकिन उसका फायदा कुछ नहीं था। कमरे का दरवाजा बाहर से बन्द था और लाज में कितने ही सशस्त्र आदमी फैले हुए थे जिनसे बचकर निकल पाना असम्भव था।

जेम्स बांड ने इन्तजार करना ही श्रेयस्कर समझा।

उसी क्षण कमरे का दरवाजा खुला और मेजर ने भीतर कदम रखा।

'फरमिन्ट का फोन आ गया ?'—जेम्स बांड ने पूछा।

मेजर फ्रिग्येस उसकी अपेक्षा से बहुत जल्दी वापिस लौट आया था।

'उससे बेहतर काम हो गया है।'—मेजर फ्रिग्येस शान्ति से बोला।

'क्या ?'

"फरमिन्ट आ गया है।'

जेम्स बांड के मुंह से बोल नहीं निकला।

चौंक गये न ?'

'यह असम्भव है।'

'असम्भव है ?'—मेजर फ्रिग्येस के चेहरे पर एक विद्युत भरी मुस्कराहट आई और फिर वह कर्कश स्वर से बोला—'और वह छोकरी भी बाहर मौजूद है। आकर दोनों के दर्शन कर लो।'

जेम्स बांड मेजर फ्रिग्येस के साथ हो लिया। उन दोनों के पीछे कैप्टेन जोल्ट चल रहा था।

'कैसे हो गया ?' जेम्स बाण्ड ने पूछा।

'तुम क्या हमें बेवकूफ समझते हो ?'—मेजर फ्रिग्येस बड़े सन्तुष्ट स्वर से बोला—'सबसे करीबी आबादी से भी दस किलोमीटर दूर तुम पैदल चलकर आये थे ? जरूर तुम अपनी कार कहीं छिपाकर आये थे। मैंने तभी कैप्टन जोनास के नेतृत्व में कुछ लोगों को तुम्हारी कार को या अगर कोई सहयोगी लाये होगे तो उनकी तलाश में भेज दिया। और कैप्टेन जोनास की तलाश का क्या नतीजा निकला ? उसे पूड़ों के एक झुरमुट में छुपी खड़ी एक कार दिखाई दी जिसकी पिछली सीट पर हाथ पांव बन्धा फरमिन्ट पड़ा था। अभी कैप्टन जोनास फरमिन्ट के बन्धन ही खोल रहा था कि हैलन वहां पहुंच गई। कैप्टन जोनास को तो मालूम नहीं था कि हम दोनों में क्या समझौता हुआ था ? उसने समझा कि हैलन किसी प्रकार लाज से निकल भागने में सफल हो गई है। कैप्टन जोनास फरमिन्ट के साथ हैलन को भी यहां ले आया।

जेम्स बांड चुप रहा। हैलन को छुड़ाने की सारी योजना फराशायी हो गई थी। अब हैलन का भविष्य तो अन्धारमय था

ही, वह स्वयं भी पूरी तरह उनके कब्जे में था।

मेजर फ्रिग्येस उसे पहले वाले कमरे में ले आया।

कैप्टन जोल्ट कमरे मे प्रविष्ट हुआ और आदरपूर्ण मुद्रा बनाये एक ओर खड़ा हो गया। रिवाल्वर अभी भी उसके हाथ में थी और उसकी नाल का रुख जेम्स बांड की छाती की ओर था।

कमरे में फरमिन्ट मौजूद था। उसके सिर पर पट्टी बन्धी हुई थी और वह बिफरे हुए शेर की तरह कमरे में घुस रहा था।

कमरे में हैलन भी मौजूद थी। जेम्स बांड की हैलन से निगाह मिली। हैलन के चेहरे पर एक खेदपूर्ण फीकी मुस्कराहट उभरी।

जेम्स बांड को देखते ही फरमिन्ट यूं उसकी ओर झपटा जैसे वह उसे रौंदता हुआ गुजर जायेगा लेकिन उसके समीप आकर वह ठिठक गया।

'फिल्दी फासिस्ट स्पाई'—फरमिन्ट नफरत भरे स्वर से बोला। साथ ही उसका खुला हाथ भड़ाक से जेम्स बांड के चेहरे से टकराया यू विल डाई फार दिस। यू विल डाई नाओ।'

जेम्स बांड केवल मुस्कराया।

'लेकिन पहले तुम मुझे यह बताओगे कि बाराबास और वाल्कोज कैसे मरे!'

'बाराबास दुर्घटना वश होटल की आठवीं मन्जिल पर से गिर गया था'—जेम्स बांड बोला—'वाल्कोज कैसे मरा यह मुझे क्या मालूम! मुझे तो यह भी नहीं मालूम कि वाल्कोज मर चुका है।'

'तुम झूठ बकते हो। तुम्हारी यहां मौजूदगी बिना वजह नहीं हो सकती। वाल्कोज की मौत में जरुर तुम्हारा हाथ है।'

'मैं भला तुम तक कैसे पहुंच सकता था?'

'नहीं पहुंच सकते थे। इसीलिए मुझे शक है कि मेरे किसी आदमी ने गद्दारी की है और तुम्हारी मदद की है।'

जेम्स बांड ने छुपी आंखों से देखा, कैप्टन जोल्ट के चेहरे का रंग उड़ गया था, और किसी का ध्यान कैप्टेन जोल्ट की ओर नहीं था।

'तुम्हें वहम की बीमारी मालूम होती है।'

फरमिन्ट कुछ क्षण चुप रहा और फिर धीरे से बोला—'तुम खतरनाक आदमी हो। तुम्हारी वजह से प्रोफेसर हैरोल्ड जेनिंग्स हमारे हाथ से निकल गये (हंगरी में हंगामा)। तुम्हारी वजह से ब्रिटिश स्पाई मैक्स ओलगर हमारे हाथ से निकल गया (आपरेशन बुडापेस्ट) तुम्हारी वजह से हमारा राय साइंटिस्ट प्रोफेसर फैरेंस जोल्तान हंगरी से डिफैक्ट करके तुम्हारी सरकार की शरण में पहुंचने में कामयाब हो गया (जेम्स बांड फिर बुडापेस्ट में) तुम्हारी वजह से मुझे अपने कर्नल जोजफ हीदस और कोको जैसे कार्यकुशल और वफादार आदमियों से हाथ धोने पड़े। तुमने हमारा बहुत नुकसान किया है जेम्स बांड और मैं कबूल करता हूं कि पिछले तीन साल तुम मेरे लिये हौवा बने रहे हो। मैं बड़ी आसानी से तुमसे यह कुबुलवा सकता हूं कि मेरे कौन से आदमी ने वाल्कोज की मौत के मामले में तुम्हारी मदद की है लेकिन मैं तुम्हें अब एक क्षण भी और जिंदा नहीं देखना चाहता। मैं नहीं चाहता कि फिर कोई करिश्मा हो जाये और तुम हमारे चंगुल निकलने में कामयाब हो जाओ। कैप्टन जोल्ट।'

'सर ?' कैप्टन जोल्ट तत्पर स्वर से बोला।

'शूट हीम।' फरमिन्ट ने आदेश दिया—'पहले इसे और फिर जनरल की बेटी को।'

फरमिन्ट परे हट गया। कैप्टन जेम्स बांड के सामने आ खड़ा हुआ। उसकी उंगलियां ट्रेगर पर कस गयीं।

'ठहरो।' जेम्स बांड तीव्र स्वर से बोला।

'कैप्टन जोल्ट ठिठक गया।

'फरमिन्ट !' जेम्स बांड जल्दी से बोला—'मरने से पहले कम से कम मेरी एक आखिरी इच्छा तो पूरी कर दो।

'क्या कहना चाहते हो ?' फरमिन्ट बोला।

'कम से कम मुझे इतना तो बता दो कि बाराबास और वाल्कोज ने मुसोलिनी के खजाने के बारे में तुम लोगों को क्या बताया था ? खजाना कहां है ?'

'नानसेन्स।' फरमिन्ट मुंह बिगाड़ कर बोला—'कैप्टन

जोल्ट । शूट !'

लेकिन कैप्टन जोल्ट को गोली चलाने का अवसर नहीं मिला तब तक जेम्स बांड अपने दांये पांव को वांछित स्थिति में ला चुका था और जूते की नोक को एक नपे तुले कोण पर ऊपर उठा चुका था । कैप्टन अभी घोड़ा दबा ही नहीं पाया था कि जेम्स बांड के जूते से चाकू निकला और कैप्टन जोल्ट की रिवाल्वर वाली कलाई में जा घुसा ।

कैप्टन जोल्ट के मुंह से एक चीख निकली और रिवाल्वर उसके हाथ से छूटकर परे जा गिरी ।

हेलेन रिवाल्वर की ओर झपटी ।

मेजर फ्रिग्येस का हाथ अपने होलस्टर में मौजूद रिवाल्वर की ओर बढ़ा ।

जेम्स बांड छलांग मारकर मेजर जोल्ट के समीप पहुंचा । उसने मेजर जोल्ट की कलाई से चाकू खींच लिया और हक्के बक्के से फरमिन्ट की गरदन दबोच ली ।

मेर फ्रिग्येस की रिवाल्वर उसके हाथ में आ गई थी । उसके हाथ में रिवाल्वर देखकर हेलेन कैप्टन जोल्ट की रिवाल्वर से परे ही ठिठक गई थी ।

जेम्स बांड ने फरमिन्ट की गरदन पर चाकू रख लिया और उसे अपने आगे करता हुआ बोला—'गोली मत चलाना मेजर फ्रिग्येस ।'

मेजर फ्रिग्येस का रिवाल्वर वाला हाथ नीचे झुक गया । वह परेशान हाल कभी अपने चीफ का और कभी जेम्स बाण्ड का मुंह देखने लगा ।

'रिवाल्वर फैंक दो ।' जेम्स बान्ड ने आदेश दिया ।

'रिवाल्वर हेलेन की ओर उछाल दो वर्ना मैं तुम्हारे चीफ का गला काट दूंगा ।'

'मेजर फ्रिग्येस ने रिवाल्वर हेलेन की दिशा में उछाल दी।

हेलेन ने बड़ी तत्परता से दोनों रिवाल्वरें उठा लीं । उसने एक रिवाल्वर जेम्स बांड को सौंप दी । जेम्सबांड ने चाकू जेब

में रख लिया और रिवाल्वर फरमिन्ट की कनपटी से सटा दी।

'मेजर फ्रिग्येस।' जेम्सबांड बोला—'फौरन जवाब दो। तुम खजाने के पीछे फ्रांस गये थे। खजाना फ्रांस में कहां है?'

मेजर फ्रिग्येस ने उत्तर नहीं दिया। वह बेहद बेचैन दिखाई देने लगा था।

एक क्षण के लिये जेम्स के हाथ में थमी रिवाल्वर की नाल फरमिन्ट की कनपटी से हटी, एक फायर हुआ और नाल फिर यथा स्थान पहुंच गई।

मेजर फ्रिग्येस का एक कान उड़ गया था। उसकी कनपटी पर कान के पास से खून की धारा बह निकली थी और वह पीड़ा से बिलबिला रहा था।

'अगली गोली खोपड़ी में से गुजर जायेगी।' जेम्स बांड सहज स्वर में बोला।

'बताता हूं। बताता हूं।' वह हांफता हुआ बोला।

'जल्दी बोलो।'

'फरमिंट कहर भरी निगाहों से मेजर फ्रिग्येस को घूर रहा था।'

'फ्रांस में तूलोन के समुद्र तट पर एक सी गल नाम की मोटर बोट खड़ी है।' मेजर फ्रिग्येस सिर झुकाये बोला—'उस मोटर बोट का चार टन वजन का पेन्दा लोहे का होने के स्थान पर सोने का बना हुआ है। सोने की रंगत छुपाने के लिये उस पर काला पेन्ट किया हुआ है।'

'और हीरे जवाहरात!'

वे भी सोने में ही दफन हैं। जब सोने को पिघला कर उसे मोटर बोट का पेन्ट बनाने के लिये इस्तेमाल किया जा रहा था तब हीरे जवाहरात भी पिघले सोने में डाल दिये गये थे।'

'और नोट!'

'नोट पता नहीं कहां गये। शायद वाल्कोज वगैराह ने उन्हें नष्ट कर दिया हो क्योंकि १९४४ से अब तक दो बार करेंसी बदल चुकी है।'

'यह सब तुम लोगों को ब्राल्कोज ने बताया था।'

'बाराघास ने।'

'एक ही बात है। तुमने तुलोन में वह मोटर बोट अपनी आंखों से देखी है।'

'हां।'

'तुमने क्या किया उसका!'

'अभी कुछ भी नहीं। मोटर बोट इस समय हमारे आदमियों के अधिकार में है। मैं यहां चीफ को रिपोर्ट देने के लिये और आगे के लिये आदेश प्राप्त करने के लिये लौटा था।'

उस घड़ी में जेम्सबांड ने बड़े प्रशन्सात्मक ढंग से अपने उस दुश्मन को याद किया जिसका नाम कर्नल जोजफ हीदस था। अगर मेजर फ्रिग्येस की जगह कर्नल हीदस होता तो वह एक बार अपनी जुबान खोलने के स्थान पर हजार बार मर जाना पसन्द करता।

'मेरी कार कहां है?' प्रत्यक्षत: जेम्सबांड ने पूछा।

'लाज के बाहर।'

'लाज में या इसके आसपास तुम्हारे जितने आदमी मौजूद हैं, सबको उस कमरे में इकट्ठे करो जिसमें तुमने मुझे बन्द किया था।'

'मुझे बाहर जाना पड़ेगा।'

'कैप्टन जोल्ट को भेजो।'

मेजर फ्रिग्येस के आदेश पर कैप्टन जोल्ट बाहर चला गया। लगभग पांच मिनट बाद उसने आकर सूचना दी कि सब आदमी जेम्सबांड की इच्छानुसार इकट्ठे किये जा चुके हैं।

जेम्सबांड ने सन्तुष्टिपूर्ण ढंग से सिर हिलाया और मेजर फ्रिग्येस और कैप्टन जोल्ट को कमरे से बाहर निकलने का संकेत किया। दोनों आगे बढ़े। उनके पीछे अपनी रिवाल्वर से उन्हें कवर किये हेलन थी। सबसे पीछे जेम्सबांड फरमिन्ट को कवर किये चला। वह अभी भी फरमिंट की गरदन इस प्रकार दबोचे हुये था कि वह बोल न सके।

वे लाज से बाहर निकल आये।

बाहर सन्नाटा छाया हुआ था।

'मेजर फ्रिग्येस !' जेम्सबांड कर्कश स्वर से बोला—'आखिरी बार फिर चेतावनी दे रहा हूं। अगर अपने चीफ की सलामती चाहते हो तो कोई शरारत करने की कोशिश मत करना। न हमारा पीछा करने की कोशिश करना और न तुलोन में अपने आदमियों को चेतावनी देने की कोशिश करना कि वे मोटर बोट के साथ कहीं खिसक जायें। समझ गये।

'समझ गया।' मेजर फ्रिग्येस कठिन स्वर से बोला।

'गुड।' जेम्स बांड बोला।

वह फरमिन्ट के साथ कार की पिछली सीट पर बैठ गया। उसके संकेत पर हेलेन ड्राइविंग सीट पर जा बैठी। उसने कार स्टार्ट कर दी।

कार तुरन्त जनेवा की ओर जाने वाली सड़क पर बढ़ चली।

फरमिंट को साथ-२ लिये फिरना सम्भव नहीं था। इसलिये जेम्सबांड ने उसे जनेवा के अपने उन सहयोगियों के हवाले कर दिया जिनके माध्यम से उसने पिछली रात रिचमंड होटल की आठवीं मंजिल की निगरानी का इन्तजाम करवाया था।

फिर जान्सी, सैण्डर, हेलेन और जेम्सबांड तुलोन पहुंचे।

सीगल नामक मोटरबोट समुद्र तट पर खड़ी थी लेकिन उसकी रखवाली के लिये उनकी अपेक्षा से अधिक आदमी मौजूद थे और लड़ाई और खून खराबे का वहां वातावरण नहीं था।

जेम्सबांड ने लाज में मेजर फ्रिग्येस को फोन किया।

सौभाग्यवश अभी मेजर फ्रिग्येस लाज में ही मौजूद था।

जेम्सबांड ने उसे आदेश दिया कि वह मोटरबोट की रखवाली के लिये तैनात अपने आदमियों को हटा ले। फरमिंट को जान से मार डालने की धमकी फिर काम आई। सीगल पर से मेजर फ्रिग्येस के आदमी हट गये और मोटरबोट जेम्सबांड के

अधिकार में आ गई।

मोटरबोट हाथ में आते ही सबसे पहले उन्होंने उसके पेंदे का निरीक्षण किया। पेंदे का पेन्ट खुरचते ही नीचे से सोने की पीली रंगत चमकने लगी। मुसोलिनी का खजाना निश्चय ही उस महत्व हीन सी मोटरबोट के महत्वहीन से पेंदे की सूरत में वहां मौजूद था।

'अब ?' जेम्सबांड बोला।

जान्सी ने प्रश्नसूचक नेत्रों से जेम्सबांड की ओर देखा।

'इसे आप ठिकाने कैसे लगायेंगे ?' जेम्सबांड बोला—'हंगरी तो चारों ओर खुश्की से घिरा हुआ है। अगर वहां कहीं समुद्र तट होता तो आप मोटरबोट वहां ले जा सकते थे। अब क्या किया जायेगा।

'इस सोने को कैश करने के दो तरीके हैं।' जान्सी बोला—'एक तो यह है कि हम सोना दुबई ले जायें। दुबई से सारा सोना चुटकियों में इन्डिया में खप जायेगा। आपकी जानकारी के लिये सोने की जितनी स्मगलिंग दुबई-बम्बई रुट पर होती है, उतनी दुनिया में कहीं नहीं होती। इन्डिया में स्मगलिंग के सोने की बड़ी मार्केट है। इस तट पर क्रियाशील स्मगलर चार टन सोना तो क्या चार हजार टन सोना आनन-फानन इण्डिया में खपा सकते हैं। इण्डिया संसार में गोल्ड किंग के नाम से प्रसिद्ध है। वहां जितना सोना खप जाये कम है। और दुबई में हमें सोने की कीमत भी बेहतर मिल सकती है।'

'और दूसरा तरीका है।'

दूसरा तरीका है कि सोने को मोरोको ले जाया जाये। मोरोको में टेन्जियर खुली बन्दरगाह है और वहां सोने की खुली मार्केट है। यानि कि मोरोको सरकार ने अपने देश में सोने की आवा-जाही पर कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाया हुआ, सोना टेन्जियर ले जाकर बेचना स्मगलिंग में शुमार नहीं होगा। वहां हम कानूनी तौर से यह चार टन सोना और हीरे जवाहरात बेच सकते हैं

और योरोप के किसी भी देश में किसी भी करेंसी में उसका मूल्य हासिल कर सकते हैं। लेकिन टेन्जियर में दुबई के मुकाबले सोने की कीमत कम है।

'फिर भी टेन्जियर ही जाना उचित होगा। अगर काम कानूनी तौर पर हो सके तो इससे बेहतर बात क्या हो सकती है और फिर टेन्जियर समीप भी है।

'करैक्ट। टेन्जियर जाना ही मुनासिब होगा।'

वे उसी मोटरबोट पर टेन्जियर पहुंचे।

वहां पहुंचकर सबसे पहले उन्होंने एक यार्ड किराये पर लिया मोटरबोट से उसका पेंदा अलग किया और पेंदे को पिचकाना आरम्भ किया। सोने में से हीरे जवाहरात अलग किये और फिर सोने को एक-२ किलो के स्टेण्डर्ड जार में ढाला गया।

तब सोने के लिये ग्राहक तलाश करने की बारी आई।

टेन्जियर में सोना बेचना सबसे आसान सिद्ध हुआ। सौदा इन्तहाई सहूलियत से हो गया।

हीरे जवाहरात बेचने में दिक्कत आई लेकिन अन्त में उसका भी सिलसिला बन गये।

सारी सौदेबाजी में तीन महीने लग गये।

दस करोड़ स्विस फ्रांक स्विट्जर लैंड में जान्सी के बैंक एकाउन्ट में ट्रांसफर कर दिये गये।

वे प्लेन द्वारा लन्दन लौटे।

वहां जान्सी और सैण्डर ने जेम्सबांड और हेलेन से विदा ली विदाई के समय हेलेन के मुंह से केवल एक ही सवाल निकला।

'जान्सी, यह सिलसिला कब तक चलेगा।

जान्सी के पास इसका कोई जवाब नहीं था।

किसी के पास इसका कोई जवाब नहीं था।

भारी मन से जान्सी और सैण्डर उस जीप कार पर रवाना हो गये जिस पर वे शुरुआत में जेम्सबांड के फ्लैट पर पहुंचे थे। हंपटी से पता नहीं वे कैसे निकले थे और कैसे वापिस जाने वाले थे।

हेलेन को जेम्सबांड ने वापिस बर्न नहीं भेजा। उसने हेलेन को चुपचाप वाशिंगटन भेज दिया। इस बार उसने इस बात का पूरा ख्याल रखा कि किसी को हेलेन के बारे में भनक भी न पड़ने पाये।

फिर एक दिन जेम्सबांड को सूचना मिली कि जान्सी सुरक्षित बुडापेस्ट पहुंच गया था और कैप्टन कालमान ओस्ट के बीवी बच्चों को स्वतन्त्र किया जा चुका था।

जेम्सबांड ने भी जनेवा स्थित अपने सहयोगियों से सम्पर्क स्थापित किया और उन्हें फरमिन्ट को स्वतन्त्र कर देने का निर्देश दे दिया।

बाद में जेम्सबांड को यह भी मालूम हुआ कि मेजर फिग्येस को साइबेरिया के राजा के तौर पर साइबेरिया के लेबर कैम्प में भेज दिया गया था। उस पर इल्जाम लगाया गया था कि उसने एमरजेन्सी में राष्ट्र के हित में अपनी अकल इस्तेमाल करने की कोशिश नहीं की थी। वसे जेम्सबांड को फरमिन्ट को शूट कर देने की धमकी में नहीं आना चाहिये था। उस फरमिन्ट की परवाह किये बिना हंगरी की कम्यूनिस्ट सरकार के दुश्मन जेम्स बांड और जनरल की बेटी को शूट कर देना चाहिये था जो कि उसने नहीं किया।

जान्सी आया और चला गया। उसकी मौजूदगी के दौरान योरोप में जो कुछ हुआ वह जेम्स बान्ड कभी न भूला। जेम्स बांड ने हमेशा उन दिनों को बड़े फक्र के साथ याद किया कि वह जान्सी के किसी काम आया था।

—समाप्त—

यह सब काल्पनिक है।